पद्मावत भाषा

यह प्रसिद्ध कहानी राजारत्नसेन और पद्मावतकी है

जिसको

परम सुजान सकलगुणनिधान परमतत्त्व विलासी समदृष्टि प्रकाशी मलिक मुहम्मद जायसीने देशभाषामें शेरशाह बादशाह देहलीके वक्तमें जगत्के उपकारार्थ ज्ञानमार्ग आदेश निर्म्माण करके संसारको असत्य और परमेश्वरको सत्य दिखाया कहनेको कहानी है परन्तु महासुखदानी है उसीका उल्था लाला रघुबरदयालने बड़ेगौरसे उर्दूसे देवनागरी में करके गूढ़ शब्दोंका अर्थ ठीक २ वास्ते जानने गुणग्राहकों के किया

वाजपेयि पण्डित रामरत्नके प्रबन्धसे

तीसरीवार

लखनऊ

मुंशी नवलकिशोर (सी, आई, ई) के छापेख़ाने में छपी
फरवरी सन् १८९२ ई० ॥
१७ जुज ५ वर्क़

मिताक्षरासटीकका विज्ञापन ॥

संसारमें मर्यादा स्थितरखनेके अभिप्राय और सर्वसाधारण के उप-
कार दृष्टिसे भगवान् याज्ञवल्क्यने अनेकप्राचीन आचार्यों और महर्षियों
के मतलेकर मिताक्षरा नामक धर्मशास्त्र " आचार " " व्यवहार " और
" प्रायश्चित्त " नामक तीनभागोंमें निर्माणकियाथा। यह " याज्ञवल्क्य
स्मृति " भारतवासी मात्र चतुर्वर्णों का मुख्य धर्मशास्त्रहै और इसी के
अनुसार यहांके निवासियोंके धर्मसम्बन्धी समस्तकार्य होते चलेआतेहैं॥

"आचाराध्याय" नामक प्रथमखण्ड में गर्भाधानसेलेकर मरणपर्यन्त
के समस्त संस्कार चतुर्वर्णों और विविध जातियोंकी उत्पत्ति ब्राह्मण आ-
दि चतुर्वर्णों और ब्रह्मचर्यादि चतुराश्रमोंके धर्माचरण, साधारण शिक्षा,
आठप्रकारके विवाहोंके लक्षण--भक्ष्याभक्ष्य पदार्थोंका विवेक, दान लेने
देनेकी विधि, सर्वप्रकारके श्राद्धोंका निर्णय, नवग्रहोंकीशांति राजाओं के
धर्म आचारादि अनेक विषय विस्तारपूर्वक वर्णन कियेगये हैं ॥

" व्यवहारकाण्ड " में न्यायसभानिरूपण, सबप्रकारके दीवानी और
फौजदारी मुक़द्दमोंके निर्णय करने की विधि, भूमि सम्बन्धी झगड़ों का
विस्तार, ऋणलेने, देने, गिरवीरखने और व्याजलगानेकी विधि धरोहर
का विवाद, साक्षियोंके सत्यासत्य का विचार और दण्ड, दस्तावेजों का
विचार, खरे, खोटे और कमतौल वस्तुओंका विचार, विष देनेवाले का
विचार, नातेदारीका वृत्तान्त, हिस्सा बांटकी विधि, संस्कारविहीन भाई
बहिनों के संस्कारके अधिकार और औरविधि, १२ प्रकारके पुत्रोंका व-
र्णन, वारिस होनेका विचार, दत्तकलेने की विधि, स्त्रीधन और कन्याधन
का निर्णय, सीमा के झगड़ों का निपटारा, पशुव्यतिक्रमविचार, परधन,
परस्त्रीहरण आदि का विचार, देय अदेय दानों का विचार, वस्तु क्रय
विक्रय विचार, सेवाधर्म विचार, राजसम्बन्धी गूढ़संवित समय संकेतों
के व्यतिक्रमका विचार, वेतन, मजूरी, किराया आदि विषयक झगड़ोंका
विचार, जुवारीआदि दुराचारियोंका विचार, गाली-गलौज तथा मार-पी-
टका विचार, चोर, डाकू, लुटेरे आदिकोंका विचार और नाना अपराधों
और कुकर्मों तथा राजाश्रय नानाव्यवहारोंका अतिविस्तारपूर्वक वर्णनहै॥

प्रायश्चित्तकाण्डमें जलदान प्रकार व अशौचसूलक दिनावधि कथन

अथ पद्मावत ॥

अस्तुतिखण्ड ॥

चौपाई ॥

सुमिरों[1] आदि[2] एक करतारू[3]। जें जिवदीन्ह कीन्ह संसारू ॥
कीन्हेसिप्रथम[4]ज्योतिपरकाशू[5]।कीन्हेसितिनाहिंप्रीतिकैलाशू[6]॥
कीन्हेसिअग्नि[7]पवन[8]जलखेहा[9]।कीन्हेसि बहुतेरँग औरेहा[10]॥
कीन्हेसिधरती[11]स्वर्ग[12]पतारू।कीन्हेसिबरणबरण[13]अवतारू[14]॥
कीन्हेसिदिनादिनेश[15]शशि[16]राती।कीन्हेसिनखततरायन[17]पाती॥
कीन्हेसि धूपसेव[18]औ छांहा। कीन्हेसि मेघ[19]बीज[20]तेहिमांहा॥
कीन्हेसिसप्त[21]मही[22]ब्रह्मंडा[23]। कीन्हेसि भवनचौदहोखंडा[24]॥

दो० कीन्ह सबै अस जाकर दूसर छाजन काहि।
पहिले ताकर नाउँलै कथा करों अवगाहि[25]॥

कीन्हेसि सात समंदर पारा। कीन्हेसि मेरु[26] खखंड[27]पहारा॥
कीन्हेसि नदी नार औझरना। कीन्हेसिमगरमच्छबहुबरना[28]॥
कीन्हेसि सीप मोति तहँभरे। कीन्हेसि बहुते नग निरमरे[29]॥

याद करना १ सबसे पहिले २ परमेश्वर ३ पहिले ४ उजियारा ५ नाम पहाड़ तथा स्वर्गलोक ६ आग ७ हवा ८ माटी ९ चित्रकारी १० ज़मीन ११—२२ आसमान १२—२३ रंग बरंग १३ पैदाइश १४ सूर्य्य १५ चाँद १६ छोटेनखत १७ जाड़ा १८ बादल १९ बिजुली २० सात २१ सातपरदा आसमान सातपरदा ज़मीन २४ शुरू २५ बीहड़ २६ राहमुश्किल २७ क़िस्म २८ जवाहिरसाफ़ २९ ॥

कीन्हेसि वनखँड[1] औ जड़मूरी। कीन्हेसि तरवर[2] तार खजूरी ॥
कीन्हेसि सावज[3] आरण[4] रहैं। कीन्हेसि पंख उड़ैं जहँ चहैं ॥
कीन्हेसि बरण[5] श्वेत[6] औ श्यामा। कीन्हेसि भूख नींद बिशरामा[7] ॥
कीन्हेसि पान फूल बहु भोगू। कीन्हेसि बहु औषध[8] बहु रोगू ॥
दो० निमिष[9] न लाग करत वह सबै कीन्ह पल एक।
गगन[10] अंतरिक्ष[11] राखा बाज[12] खंभ बिन टेक ॥
कीन्हेसि अगर कस्तूरी[13] बीना[14]। कीन्हेसि भीमसेन[15] औ चीना[16] ॥
कीन्हेसि नाग[17] जो मुख विष[18] बसा। कीन्हेसि मंत्र हरे जेहि डसा ॥
कीन्हेसि अमृत[19] जिये जो पाई। कीन्हेसि बिष[20] मीच[21] जेहि खाई ॥
कीन्हेसि ऊख मीठ रस भरी। कीन्हेसि करू बेल बहु फुरी ॥
कीन्हेसि मधु[22] लावे लै माखी। कीन्हेसि भँवर पंख[23] औ पाखी ॥
कीन्हेसि लोवा[24] अंदूर चांटी[25]। कीन्हेसि बहुत रहहिं घन मांटी ॥
कीन्हेसि राक्षस[26] भूत परेता। कीन्हेसि भूकस[27] देव दयंता[28] ॥
दो० कीन्हेसि सहस[29] अठारह बरण बरण[30] उपराज।
भुक्ति दिहिस पुनि सबन कहँ सकल[31] साज ना साज ॥
कीन्हेसि मानुष[32] दिहिसि बड़ाई। कीन्हेसि अन्न भुक्ति[33] तहँ पाई ॥
कीन्हेसि राजा भोज जहि राजू। कीन्हेसि हस्ति[34] घोर तहँ साजू[35] ॥
कीन्हेसि तेहि कहँ बहुत बिरासू[36]। कीन्हेसि कोइ ठाकुर[37] कोइ दासू[38] ॥
कीन्हेसि द्रव्य[39] गर्ब[40] जेहि होई। कीन्हेसि लोभ[41] अघाइ न कोई ॥
कीन्हेसि जियन[42] सदा सब चहा। कीन्हेसि मीच[43] न कोई रहा ॥
कीन्हेसि सुख औ कोटि अनंदू[44]। कीन्हेसि दुख चिन्ता[45] औ दंदू[46] ॥

जंगल १ पेड़ २ जंगली जानवर ३ जंगल ४ रंग ५ सफेद—सियाह ६ आराम ७ इलाज ८ पलक मारने में ९ आसमान १० बीचोबीच ११ नाम जानवर परिन्द १२ मुश्क १३ क़िस्म काफ़ूर १४ १५—१६ सांप १७ ज़हर १८—२० जिसके पीने से मुरदा जिन्दा हो जाय १९ मौत २१ शहद २२ उड़नेवाले जानवर २३ लोंवड़ी २४ चींवटी २५ शैतान की क़िस्म २६—२७—२८ हज़ार २९ तरह तरह की पैदाइश ३० सब ३१ आदमी ३२ रोज़ी ३३ हाथी ३४ सामान ३५ आराम ३६ मालिक ३७ गुलाम ३८ दौलत ३९ ग़रूर ४० लालच ४१ जीना ४२ मौत ४३ खुशी ४४ फ़िकिर ४५ ग़म ४६ ॥

कीन्हेसिकोइभिखारि[1]कोइधनी[2]।कीन्हेसिसंपति[3]बिपति[4]पुनिघनो[5]॥
दो० कीन्हेसि कोइनिमरोसी[6] कीन्हेसि कोइ बरियार[7]।
छारहि[8] ते सब कीन्हेसि पुनि[9] कीन्हेसि सबछार ॥
धनपति[10] वही जेहेक[11] संसारू। सबैदेइनित[12] घटनभँडारू[13] ॥
जानवंत[14] जगत[15] हस्ति[16] औचांटा[17]।सबकहँभुक्त[18] रातिदिनबांटा॥
ताकरदृष्टि[19] जो सब उपराहीं। मित्र[20] शत्रु[21] कोइबिसरेनाहीं॥
पंख पतंग न बिसरे कोई। परगट[22] गुप्त[23] जहांलगहोई॥
भोग भुक्त[24] बहुभांति[25] उपाई। सबै खवाइ आप नहिं खाई॥
ताकर वही जो खाना पीना। सब कहँ देइ भुक्त औ चैना॥
सबै आश[26] ताकर हरिखांसा। बहुनकाहुकी आशनिरासा[27]॥
दो० युग युग देतघटा नहिं उभय[28] हाथ असकीन्ह।
औ जोदीन्ह जगत महँ सो सब ताकर दीन्ह ॥
आदि[29] एकबरणों[30] सोराजा। आदि[31] नअंतराजजेहिछाजा॥
सदा सरबदा[32] राज सो करै। और जेहि चहै राज तेहिदरै॥
छत्रहि[33] अछत[34] निछत्रहिछावा। दूसरनाहिंजो सरबर[35] पावा॥
परबत[36] ढहिदेखत सबलोगू। चांटहि[37] कराहिहस्त[38] सरयोगू॥
बज्रहि[39] तिनकहि मार उड़ाई। तिनै बज्र[40] करि देइ बड़ाई॥
ताकर कीन्ह न जानै कोई। करैसोइ जोमन चिन्तन होई॥
काहू भोगभुक्ति[41] सुख सारा। काहू भूँख बहुत दुख मारा॥
दो० सबै नास्त[42] वह इस्थिर[43] ऐसो साज जेहिकेर।
एक साजी[44] औ भाजी चहै सवारै फेर॥

ग़रीब १ अमीर२ दौलत३ दुख४ बहुत५ कमज़ोर ६ ज़ोरवाला ७ माटी ८ फिरि९ दौलतमन्द १० जिसका ११ हमेशा १२ ख़ज़ाना १३ जहांतक १४ दुनिया १५ हाथी १६ चींवटी १७ खुराक १८—२४निगाह१९ दोस्त २० दुश्मन२१ ज़ाहिर २२ छिपा२३ बहुत तरह पैदाकिया २५ उम्मैद२६ नाउम्मैद २७ दोनों२८ सबसे पहिले २९ बयानकरना ३० अव्वल नाआख़िर ३१ हमेशा ३२ छत्रधारी ३३ बिदूनछत्र ३४ बराबरी ३५ पहाड़ ३६ चूंटी ३७ हाथी ३८ पत्थर ३९—४० रोज़ी ४१ नाश होनेवाला ४२ क़ायम ४३ बनाना और बिगाड़ना ४४ ॥

अलख[१] अरूपअवरनसोकर्त्ता । वह सबसों सबवह सोंबर्त्ता[२] ॥
प्रकट[३] गुप्त[४] सो सर्वव्यापी[५] । धर्मी चीन्ह न चीन्हे पापी ॥
ना वह पूत नहिंपिता न माता । नावहकुटुम्ब नकोइसंगनाता ॥
जना[६] नकाहि न कोइवै जना[७] । जहँलगसबताकी सिरजना[८] ॥
वै सब कीन्ह जहां लग कोई । वह नहिं कीन्ह काहुकर होई ॥
हति[९] पहिले औ अबहै सोई । पुनि सो रहै रहै नहिं कोई ॥
और जो होय सोबावरअन्धा । दिनदुइ चारिमरै करधन्धा ॥

दो० जो वह चहा सो कीन्हेसि करै जो चाहै कीन्ह ।
बरजनहार[१०] न कोई सबै चाहि जेउ दीन्ह ॥

बिन बुधि[११] चहिजोकरहोज्ञानू । जसपुराणमहिं लिखाबखानू ॥
जीव नाहिं पै जिये गुसाईं । कर[१२] नाहीं पै करै सवाई[१३] ॥
जीभ नाहिं पै सब कुछ बोला । तन नाहीं सब ठाहर[१४] डोला ॥
श्रवण[१५] नाहिं पै सबकुछ सुना । हिया[१६] नाहिं पै सबकुछ गुना ॥
नयन[१७] नाहिं पैसबकुछ देखा । कौनभांति[१८] असजायबिशेखा ॥
ना कोई है वह की रूपा । ना वहसोंकोइआहिअनूपा[१९] ॥
ना वहठाउँ[२०] नवह बिनठाऊँ । रूपरेख बिन निरमल[२१] नाऊँ ॥

दो० नावह मिला न बेहरा[२२] ऐसो रहा भरिपूर ।
दृष्टवन्त[२३] कहँ नेरे अंधहि मूरुख[२४] दूर ॥

और जो दीन्हेसि रतन[२५] अमोला । ताकरमर्म[२६] नजानैभोला ॥
दीन्हेसिरसना[२७] औरसभोगू । दीन्हेसिदशन[२८] जोबिहँसे[२९] योगू ॥
दीन्हेसिजगदेखनकहँनयना[३०] । दीन्हेसिश्रवण[३१] सुनेकहँबयना[३२] ॥
दीन्हेसिकण्ठ बोलजेहिमाहां । दीन्हेसिकरपल्लव[३३] बरबाहां ॥

जिसको कोई न देखसके१ नज़दीक२ ज़ाहिर३ छिपा४ सबचीज़में बिराजमान और सब चीज़ उसमें मौजूद५ पैदाहोना ६—७ पैदाइश८ पहिले था ९ मना करनेवाला १० अक़िल११ हाथ१२ सब१३ जगह१४ कान१५ दिल१६ आँख१७ कौनतरह १८ मुक़ाबिल जिसका कोई नहीं १९ जगह २० पाकसाफ़ २१ अलग २२ देखनेवाला २३ नादान २४ जवाहिर२५ भेद २६ जीभ२७ दाँत २८ हँसनेके लिये२९ आँख३० कान ३१ आवाज़३२ हाथ की अंगुली वो हथेली ३३ ॥

दीन्हेसि चरण[1] अनूप[2] चलाहीं । सो जानै जेहि दीन्हेसि नाहीं ॥
योवन[3] मरम[4] जानि पै बूढ़ा । मिला न तरुण[5] या जग ढूंढ़ा ॥
सुख कर मरम न जानै राजा । दुखी जानि जाकहँ दुख बाजा ॥
दो० काया का मरम जानि पै रोगी भोगी रहै निचन्त[9] ।
सब कर मरम[10] गुसाईं[11] जानै जो घटघट रहै तन्त ॥
अति अपार[12] करता कर करना । बरणन[13] कोई पावै बरना[13] ॥
सात स्वर्ग[14] जो कागद करै । धरती[15] समन्दर मस[16] भरै ॥
जानवन्त जग साखा बन ढांखा । जानवन्त केश[17] रदनों[18] पंख पांखा
जानवन्त खेह[19] रेह[20] दुनयाई । मेघ[21] बूंद औ गगन[22] तराई[23] ॥
सब लिखनी की लिख संसारा । लिखि न जाय गति समुद्र अपारा ॥
एतो कीन्ह सब गुण प्रकटा[24] । अबहुँ समुद्र महँ बूंद न घटा ॥
ऐसो जानि मन गर्ब[25] न होय । गर्ब[26] करै मन बावर सोय ॥
दो० बड़ गुणवंत गुसाईं[27] चही सँवारी बेग[28] ।
औ अस गुणी सवांरी जो गुण चही अनेग[29] ॥
कीन्हेसि पुरुष[30] एक निरमरा[31] । नाम मुहम्मद पूनों[32] करा ॥
प्रथम[33] ज्योति बिधि[34] ताकी साजी । औ तेहि प्रीति[35] सृष्टि[36] उपराजी ॥
दीपक[37] लेस जगत[38] कहँ दीन्हा । भा निरमल[39] जग[40] मारग[41] चीन्हा ॥
जो न होत अस पुरुष उज्यारा । सूझि न परत पंथ[42] अँधियारा ॥
दूसरे ठाउँ[43] दीवी लिखी । वही धर्मी जो पाढ़त सीखी ॥
जेहि न लीन्ह जन्म सो नाउँ । ताकहँ दीन्ह नरक महँ ठाउँ[44] ॥
जग[45] बसीठ दई वै कीन्ही । दुइ जग[46] तरा नाउँ तेहि लीन्ही ॥
दो० गुण अवगुण[47] बिधि[48] पूंछत होय लेख[49] औ जोख ।

पैर१ जिसकी मिसाल न हो२ जवानी३—५ क़दर४ भेद६—८—१० बदन९ बेफ़िकिर८ ईश्वर११ जिसका पारावार न हो१२ बयान करना१३ आसमान१४ ज़मीन१५ सियाही१६ बाल१७ दांत१८ बालू१९ माटी२० बादल२१ आसमान२२ नखत२३ ज़ाहिर करना२४ ग़रूर२५—२६ ईश्वर२७ जल्द२८ बहुत२९ शख्स३० पाक३१ चौदहीं रात का चाँद३२ पहिले३३ ईश्वर३४ मुहब्बत३५ दुनिया पैदा की३६ चिराग़३७ दुनिया३८ पाक३९ संसार४० राह४१—४२ जगह४३—४४ दुनिया का क़ासिद४५ दोनों जहान४६ पाप और पुण्य४७ ईश्वर४८ हिसाब४९ ॥

वेहिं विनवव आगे होय करै जगत[1] कर मोख[2] ॥
चार मीत[3] जो मुहम्मद ठाउँ[4] । जेहि कदीन्ह जग[5] निरमल[6] नाउँ ॥
अबूबक्र सद्दीक़ सयाने । पहिले सिदक़दीन वहि आने ॥
पुनि सो उमर खिताब सुहाये । भा जग[7] अदल[8] दीन जो आये ॥
पुनि उसमान वड़ पण्डित गुनी । लिखा पुराण जो आयत सुनी ॥
चौथे अली सिंह[9] वरियारू[10] । सौंहिं[11] ना कोइ रहा जुझारू[12] ॥
चारयो एक मते[13] एक बाना । एक पंथ[14] औ एक संघाना ॥
वचन[15] एक जो सुनाय हिं सांचा । वही पुराण दुहूं जग[16] बांचा[17] ॥
दो० जो पुराण विधि[18] पठवा सोई पढ़ति ग्रंथ[19] ।
और जो भूली आवत सो सुन लागै पंथ[20] ॥
शेरशाह देहली सुलतान । चारहु खंड[21] तपी जस भानू[22] ॥
ओही छाज छाति औ पाटा[23] । सब राजैं भुइँ धरा लिलाटा[24] ॥
जात शूर[25] औ खांड़े शूरा[26] । औ बुधवन्त सबै गुण पूरा ॥
शूर[27] नवाई नवखँड[28] वहे । सातद्वीप[29] दुनी सब नये ॥
तहँ लग राज खड्ग[30] करि लीन्हा । इसकंदर[31] जुलकरनयन जो कीन्हा ॥
हाथ सुलेमान[32] केर अँगूठी । जग[33] कहँ दान[34] दीन्ह भरि मूठी ॥
औ अति गरू भूमिपति[35] भारी । टेक भूमि[36] सब सृष्टि[37] सँभारी ॥
दो० देहि अशीश मुहम्मद करहु युग युग राज ।
बादशाह तुम जगत[38] के जग[39] तुम्हार मुहताज ॥
वरनों[40] शूर[41] भूमिपति[42] राजा । भूमि[43] न भार सहै जो साजा ॥
हय मय सयन[44] चलय जग[45] पूरी । परवत[46] टूटि उड़हिं होय धूरी ॥

दुनिया १ वन्द से छोड़ाना २ दोस्त ३ जगह ४ दुनिया ५ पवित्र ६ संसार ७ न्याव ८ शेर ९ ज़बरदस्त १० सामना करनेवाला ११ लड़नेवाला १२ **एकसलाह** १३ राह १४ वात १५ दुनिया १६ पढ़ना १७ ईश्वर १८ किताब १९ राह २० तरफ़ २१ सूर्य्य २२ तख़्त २३ माथा २४ पठान २५ तलवार बहादुर २६ **बहादुर** २७ सारी दुनिया २८ मुल्क २९ तलवार ३० नाम बादशाह ३१—३२ दुनिया ३३ खैरात ३४ बादशाह ३५ ज़मीन ३६ दुनिया ३७—३८—३९ तारीफ़ करना ४० बहादुर ४१ चान्द शाह ४२ ज़मीन ४३ घोड़ेसे भरीहुई फौज ४४ दुनिया ४५ पहाड़ ४६ ॥

परीरेणु[1] होय रविहीं[2] ग्रासा। मानुष पेखलोहिं फिरि बासा॥
भुइँउड़ अंतरिक्ष[3] गईमृतमंडा[4]। ऊपर होय छावा महिमंडा[5]॥
डोलै गगन[6] इन्द्रडर काँपा। बासुकि[7] जाय पतालहिंचाँपा॥
मेरु[8] धसमसे समुद्र सुखाई। बनखँड[9] टूटिखेह[10] मिलिजाई॥
अगलहिंकहँ पानीगाहिबाँटा। पिछलेहिंकहँनहिंकाँदू[11] आँटा॥
दो० जोगढ़[12] नयनहिं[13] काहू चलतहोय सबचर।
जोवहचढ़ैभूमिपति[14] शेरशाह जगसूर[15]॥
अदल[16] कहौंप्रथमैं[17] जसहोय। चाँटा[18] चलत नदुखवै कोय॥
नौशेरवां[19] जो आदिल[20] कहा। शाहअदल[21] सर[22] सौंहिंनरहा॥
अदल[23] जोकीन्हउमर[24] कीनाईं। भई यहां सगरी दुनयाईं॥
परी नाथ[25] कोइ छुवै न पारा। मारग[26] मानुषसे उजियारा॥
गऊसिंह[27] रेंगहिं एक बाटा[28]। दोनों पानिपियैं एक घाटा॥
नीर[29] क्षीर छानै दरबारा। दूध पानि सबकरै निरारा[30]॥
धर्म न्याव चलै सत[31] भाषा। दूबर[32] बरी एक सम[33] राखा॥
दो० सबै पृथिवी अशीशै जोरि जोरिकै हाथ।
गङ्गयमुनजौलहिजलतौलहिअमरनाथ[34]॥
पुनिरुपवंत[35] बखानौं[36] काहा। जानवन्तजगत[37] सबैमुखजाहा॥
शशि[38] चौदहजोदई[39] सँवारा। तबहूँ जाहि रूप उजियारा॥
पापजायजो दरशन दीशा। जग[40] जुहारके देत अशीशा॥
जैसो भानु[41] जग[42] ऊपरतपा। सबै रूप वह आगे छिपा॥
असभाशूर[43] पुरुष[44] निरमरा[45]। शूर[46] जाहि दशआकर[47] करा॥

धूर१ सूर्य्य २ बीच ३ आसमान ४-६ ज़मीन ५ नाम राजासाँपोंका ७ पहाड़ ८ जंगल ९ राख १० चहला ११ क़िला १२ टूटना १३ बादशाह १४ दुनियाकासूर्य १५ न्याव १६ पहिले १७ चूंटी १८ नामबादशाह १९ न्यावकरनेवाला २० न्याव २१-२३ बराबर २२ नामख़लीफ़ा २४ नाथना २५ राह २६-२८ शेर २७ दूधपानी २९ अलग ३० सच्चा ३१ ज़बरदस्त ३२ बराबर ३३ हमेशाज़िंदा ३४ खूबसूरत ३५ बयानकरना ३६ दुनिया ३७—४० चांद ३८ ईश्वर ३९ सूर्य ४१ संसार ४२ बहादुर ४३—४६ मर्द ४४ पाकसाफ़ ४५ दशगना ४७ ॥

सोहिंदृष्टि[१] की हेर[२] न जाई । जेहिदेखा सो रहा शिरनाई ॥
रूपसवाई दिन दिन चढ़ा । विधि[३] सुरूप जग[४] ऊपरगढ़ा ॥
दो० रूपवन्त[५] मनमाथे चन्द्रघाट वह बाढ़ि ।
मेदन[६] दरशलुभानीअस्तुति[७] बिनवैठाढ़ि ॥
पुनि दातार[८] दई[९] जग[१०] कीन्हा । असजग[११] दाननकाहू दीन्हा ॥
वलि[१२] औविक्रम[१३] दानि[१४] वड़कहे।हातिमकरण[१५] बतागीअहे ॥
शेरशाह सरपोंच[१६] न कोऊ । समुद्र सुमेर[१७] भँडारी दोऊ ॥
दान डाँग[१८] बाजै दरबारा । कीरत[१९] गई समुन्दर पारा ॥
कंचन[२०] परशशूर[२१] जग[२२] भयो । दारिदभाग दशन्तर[२३] गयो ॥
जो कोइ जाय एक बेर माँगा । जन्मनहोय न भँखा नाँगा ॥
दशअश्वमेध[२४] जगत[२५] जोकीन्हा। दानपुण्यसर[२६] सौहिं नकीन्हा ॥
दो० ऐसोदानिजग[२७] उपजा[२८] शेरशाहसुलतान ।
नाअसभयो न होयना कोई दयअरुदान ॥

तारीफसय्यदअशरफजहांगीरकी ॥

सय्यद अशरफ़पीर पियारा । जेहिमोहिंपंथ[२९] दीन्हउजियारा ॥
लेसाहिये[३०] प्रेम करि दिया । उठीज्योतिभानिरमल[३१] हिया[३२] ॥
मारग[३३] होतजो अँधेरा सूझा । भाउजेर सब जाना बूझा ॥
खारसमुद्र पाप मोर मेला । वोहित[३४] धर्म लीन्ह कै चेला ॥
उन मोर कर[३५] बूड़ि कै गहा । पायो तीर[३६] घाट जो अहा ॥
जाके ऐसो होय कँधारा[३७] । तुरत बेगि[३८] सो पावै पारा ॥
दस्तगीर गाढ़े के साथे । वह अवगाहिदीन्हजेहिहाथे ॥
दो० जहांगीर वयविष्टी निहकलंक जस चाँद ।
वयमखदूम जगत[३९] के हो वह घरकी बाँद ॥

सूर्यानिगाह १ देखना २ ईश्वर ३ खूबसूरत ५ आदमी ६ तारीफ ७ दानदेनेवाला ८ ईश्वर ९ नामराजा १२—१३ दानदेनेवाला १४ नामसखी १५ बराबर १६ पहाड़कानाम १७ नगाड़ा १८ नेकनामी १९ पारसपत्थर २० बहादुर २१ नामजगह २३ घोड़ाकीयज्ञ २४ बराबर २६ पैदाहुआ २८ राह २९—३३ दिल ३०—३२ पाक ३१ नाव ३४ हाथ ३५ किनारा ३६ मल्लाह ३७ जल्द ३८ दुनिया ४—१०—११—२२—२५—२७—३९ ॥

तारीफ सय्यदअशरफजहांगीरकेबेटेकी ॥

उनकर रतन[1] एक निरमरा[2]। हाजी शेख सभा गुण भरा ॥
तेहिघर दुइ दीपक उजियारे। पंथ[3] दये कहँ दई सँवारे ॥
शेख मुहम्मद पून्यों[4] करा। शेखकमाल जगत[5] निरमरा[6] ॥
दोउ अचल ध्रुव[7] डोलैं नाहीं। मेरुख[8] खण्ड न भवा पराहीं ॥
दीन्हरूप अरु ज्योति गुसाईं। कीन्हखम्भ दुइजग[9] की ताईं ॥
दोऊ खम्भ टेके सब मही। दोनोंके भार सृष्टि[10] सबरही ॥
जिन दरशन औ परशनपाया। पापहरानिरमल[11] भइकाया[12] ॥

दो० मुहम्मद तहांनिचंतपंथ[13] जिन्ह सँगमुरशदपीर।
भहिरीनाव औखेवक[14] बेगि[15] लागिसो तीर[16] ॥

गुरु मुहदी खेवक[17] मैं सेवा। चली उताहल जेहिके खेवा ॥
अगुवा भयो शेख बुरहानू। पंथ[18] लाय म्वहिं दीन्होंज्ञानू ॥
अलहदाद भलतिन्हकर गुरू। दीन दुनी रोशन सुर्खुरू ॥
सैद मुहम्मदके वै चेला। सिद्ध[19] पुरुषसंगम[20] जिनखेला ॥
दानयाल गुरुपंथ[21] लखाई। हज़रतख्वाजाखिज़िरतेहिंपाई ॥
भये प्रसन्न[22] वै हज़रत ख्वाजे। ए मेरे जियें सय्यद राजे ॥
वै सेवन मैं पाय करेते। अखरी जीभ प्रेम कबबरते ॥

दो० वे सुगुरू हौं चेला नित[23] बिनवों भा चेर।
उन हुत देखी पाउँ दरश गुसाईं[24] केर ॥

एक नयन[25] कबि मुहम्मदकने। सोई बिमोहा[26] जें कबि सुने ॥
चांदजैसोजग[27] बिधि[28] अवतारा[29]। दीन्हकलंककीन्ह उजियारा ॥
जग[30] सूझा एके नयनाहां[31]। उआसुक[32] जसनखतनमाहां ॥
जौलहिअंबहि[33] डाभ[34] नहोय। तौलहिसुगंध[35] बसायनकोय ॥

जवाहिर १ साफ २—११ राह ३—१३ चांद ४ संसार ५ पाकसाफ ६ नामसितारा७ बीहड़ ८ दुनिया जहान ९—१० बदन १२ मल्लाह १४ जल्द १५ किनारा १६ नाव खेनेवाला १७ राह १८—२१ मर्द कामिल १९ सतसंगत २० खुश २२ हमेशा विनती करना २३ ईश्वर २४ आंखें २५—३१ मोहजाना २६ दुनिया २७ ईश्वर२८ पैदाकिया २९ संसार ३० नामसितारा ३२ आंब ३३ दाग ३४ खशबू ३५ ॥

कीन्हि समुद्र जो पानी खारा । तौ अतिभयो असूभि अपारा[१] ॥
जो सुमेरु[२] त्रिशूल बिनाशा । भा कंचनगढ़[३] लागअकाशा ॥
जो लहिघरी कलंक[४] नहिं परा । कांच होय नहिं कंचन[५] करा ॥
दो० एकनयन[६] जस दरपण[७] औ निरमल[८] तेहि भाव ।
सब रुपवंती[९] पाउँ गहि मुख जोवन[१०] की चाव ॥
चार मीत[११] कवि मुहम्मद पाये । जोरि मिताई[१२] सर पहुँचाये ॥
यूसुफ़मलिकपण्डितबहुज्ञानी । पहिली बात भेद उन जानी ॥
पुनि सलारकादम मतिमाहां । खांड़े[१३] शूर उभानत[१४] बाहां ॥
मियां सलोनी सिंह[१५] वरयारू । बीरकहत रणखड्ग[१६] जुझारू ॥
शेख़बड़ीबड़िसिद्धि[१७] बखाना[१८] । के अदेश सिद्धि बड़ बाना ॥
चारयो चतुरदशा[१९] गुण पढ़े । औसिंह[२०] योगगुसाईं[२१] गढ़े ॥
वृक्ष[२२] होय जो चन्दन पासा । चन्दनहोय विविधतेहिबासा ॥
दो० मुहम्मद चारयोमीत[२३] मिलि भयेजो एकैचित्त ।
यहजग[२४] साथ जो बैठे वहजग[२५] बिछुरन कित्त ॥
जायसनगर धर्म अस्थानू[२६] । तहांजायकबिकीन्ह बखानू[२७] ॥
औ विनती[२८] पण्डितनसोभजा । टूटिसंवार[२९] मेरु बहु सजा ॥
हौं पण्डितन केर पछलगा । कछुकहिचलातबलडांडगा[३०] ॥
हिय[३१] भंडारंग अहै जो पूँजी । खोली जीभ तारकी कूँजी ॥
रतन[३२] पदारथ बोले बोला । सुरस[३३] प्रेममधु[३४] भरीअमोला ॥
जेहिकीबोल बिरहकी घाया । कहँतेहि भूख कहांतेहिमाया ॥
फेरै भेव[३५] रहै भा तपा[३६] । धूर लपेटा मानिक[३७] छपा ॥

जिसका किनारा नहो १. नामपहाड़जिसको महादेवजीने त्रिशूलसे खोदाथा २ सोने का क़िला ३ दाग़ ४ सोना ख़ालिस ५ आँख ६ आईना ७ पाकसाफ़ ८ ख़ूबसूरत ९ मुंह देखना१० दोस्त ११ दोस्ती १२ तलवार बहादुर १३ बलन्दहाथ १४ शेर ज़बरदस्त १५ तलवार १६ मर्दकामिल १७ मशहूर १८ चौदहोंविद्याके जाननेवाले १९ शेर २० ईश्वर २१ पेड़ २२ यार२३ दुनिया २४—२५ मकान २६ बयानकरना २७ आजज़ो २८ सब तरह आरास्ता २९ ढोलबजायके ३० दिल ३१ जवाहिर ३२ मीठे मुहब्बतके भरे हुये ३३ शराब ३४ मूरतबदले हुये ३५ तपकरनेवाले ३६ मोती वग़ैरह ३७ ॥

दो० मुहम्मद कबि जो प्रेमकी नातन रक्त[१]नमांस।
जेमुखदेखा सो हँसा सुनि तेहि आये आंस॥

सन[२]नवसै सत्ताइस अहै। कथा अरम्भ[२]बैनकबि कहै॥
सिंहल द्वीप पद्मिनी रानी। रतनसेन चित्तौरगढ़ आनी॥
अलाउद्दीन देहली सुल्तानू। राघव[३] चेतन कीन्ह बखानू[४]॥
सुना शाहगढ़[५] छेंका आई। हिन्दू तुरकहिं भई लड़ाई॥
आदि[६] अन्त जस कथा अहै। लिखि भाषा चौपाई कहै॥
कबि ब्यास रस कँवला पूरी। दूरहिं नेरे नेरे दूरी॥
नेरे दूर फूल जस कांटा। दूर जो नेरे जस गुड़ चांटा[७]॥

दो० भवँरआय बनखण्ड[८] सों लेइ कमलकी बास।
दादुर[९] बास न पावै फूलहि जो आछी पास॥

सिंहल द्वीप कथा अब गाऊँ। औसुपद्मिनी बरणि[१०]सुनाऊँ॥
निरमल[११]दरपण[१२]भांतिबिशेखा। जिन्हजसरूपसोतैसोदेखा॥
धनिसोद्वीप जिन्हदीपक बारे। औसुपद्मिनी जोदई[१३]सँवारे॥
सात द्वीप बरणे[१४] सब लोगू। एकौ द्वीप न वहिसर[१५]योगू॥
दया दीन नहिंतस उजियारा। सरनद्वीप सर होय न पारा॥
जम्बू द्वीप कहूँ तस नाईं। लङ्कद्वीप सरपोच[१६]न भाईं॥
द्वीपगुस सहल आरणपरा। द्वीपमहो सिंहल बाँस हरा॥

दो० सब संसार औ पृथिवी आये सातो द्वीप।
एक द्वीप नहिं आतिम सिंहलद्वीप समीप॥

गन्ध्रबसेन सुगन्ध नरेशू[१७]। सो राजा वह ताकर देशू॥
लंका सुना जो रावण राजू। तेहु जाहि बर ताकर साजू॥
छप्पनकोटि कटक[१८]दलसाजा। सबै क्षत्रपति औ गढ़राजा॥
सोरह सहस[१९]घोड़घुड़शारा[२०]। श्याम[२१]करणजसबांकतुषारा॥

खून१ शुरूकरना२ नामभाट३ बयानकरना४ क़िला५ अव्वलसे आख़िरतक६ चींटी७ जंगल ८ मेढक ९ तारीफ़ करना१० साफ़ ११ शीशाकी तरह१२ ईश्वर १३ बयान १४ बराबर १५ [illegible] १६ राजा १७ फ़ौज १८ हज़ार १९ अस्तबल २० घोड़ेकी जात २१॥

सात सहस[1] हस्ती[2] सिंहली । इमि[3] कैलास[4] ऐरापति[5] बली ॥
अश्वपतिक[6] शिरमौर कहावे । गजपतीक[7] आँकुशगज[8] नावे॥
नरपतीक[9] कहँ और नरिन्दू[10] । भूपतीक[11] जग[12] दूसरइन्दू[13] ॥
दो० ऐसो चक्कवे[14] राजा चहूँ[15] खण्ड भू होय ।
सबै आय शिरनावहीं सरवर[16] करीनकोय ॥
जोहि द्वीप नेरे भा जाय । जनु कैलास[17] तीरभा आय ॥
गहन[18] अँबराउँ[19] लागचहुँपासा। उठीभूमि[20] हतिलागिअकासा ॥
तरवर[21] सबैमलयगिरि[22] लाये । भइजगछांहिरयनि[23] कैआये॥
मिली सुमेर[24] सुहाई छाहां । जेठ जाड़लागय तेहि माहां ॥
वही छाहिं रयनि[25] कै आवै । हरियर सबै अकास देखावै ॥
पन्थक[26] जोपहुँचे सहि घामू । दुखबिसरेसुखहोयबिश्रामू[27] ॥
जिन्ह वहपाई छाहिं अनूपा[28] । फिरिन आयसही यहिधूपा ॥
दो० असअँबराउँ[29] सघनघनबरणि[30] नपारौंअन्त ।
फरी फली छयों ऋतु जानहु सदा बसन्त ॥
फरे अम्बअति सघनसुहाये । औजसफरीअधिक[31] शिरनाये॥
कटहर डार पेड़ सो पाके । बड़हरसो अनप अति ताके ॥
खिरनी पाकर खांड़असमीठी । जामुनपाक भँवरअस दीठी ॥
तरवर फरे फरे खरहरे । फरे जानि इन्द्रासन परे ॥
पुनिमहुवाचुवअधिक[32] मिठासू।मधु[33] जसमीठपुहुप[34] जसबासू ॥
और खजहजा[35] उन्हकरनाउँ । देखा सब रानी अँबराउँ[36] ॥
लागि सबैजस अमृत शाखा । रहै लुभाय सोई जो चाखा ॥
दो० लवँग सुपारी जायफल सब फल फरे अपूर ।

हज़ार १ हाथी २ बराबर ३ नाम पहाड़ ४ नाम हाथी राजा इन्द्र ५ घोड़े सवार ६ हाथी सवार ७ हाथी ८ राजा ९—१०—११ दुनिया १२ राजा इन्द्र १३ चक्रवर्ती १४ तमाम दुनिया १५ बराबर १६ नाम पहाड़ १७ गुंजान १८ बाग़ १९—२९ ज़मीन २० पेड़ २१ चन्दन २२ रात्रि २३—२५ पहाड़ २४ मुसाफ़िर २६ आराम २७ बेमिसाल २८ बयान ३० बहुत ३१-३२ शहद ३३ फूल ३४ नाम मेवा ३५ बाग़ ३६ ॥

आस पास घन[१] ईमली औ घन[२] तार खजूर ॥

बसहिं पंख[३] बोलहिं बहु भाखा । करहिं हुलास[४] देखिके शाखा ॥
भोरहोत बासहिं चहि चुहीं[५] । बोलहिं पांडुक[६] एकै तुहीं ॥
सारो[७] सुआ[८] जो रहचहिंकरहीं । करहिं परेवा और करोरहीं ॥
पिव पिवकर जो लागपपीहा । तुही तुहीकर गड़रू[१०] केहा ॥
कुहू कुहू कर कोयल राखा । औबिहँगराज[११] बोलबहुभाखा ॥
दही दही करि महरि पुकारा । हारिल अपनी बोली हारा ॥
कुहकहिं मोर सुहावन लागा । होय कुराहर बोलहिं कागा ॥

दो० जानवन्त पक्षी बनके फिरि बैठे अँबराउँ[१२] ।
अपनी अपनी भाषना लीन्हदई[१३] करनाउँ ॥

पैग[१४] पैग[१५] पर कुँवा बावरी । साजी बैठक[१६] औ पावरी[१७] ॥
और कुंड बहु ठावहिं[१८] ठाऊँ[१९] । सब तीरथ औ तेहिके नाऊँ ॥
मठ मंडप चहुँ पास सँवारे । तपी[२०] जपी[२१] सबआसनमारे ॥
कोइसुऋषेश्वरकोइसंन्यासी[२२] । कोई रामयती[२३] कोईमिशवासी[२४] ॥
कोईब्रह्मचर्य्य[२५] पथ[२६] लागे । कोइसोदिगम्बर[२७] अचिह्न[२८] नागे ॥
कोइसुमहेश्वर[२९] योगी[३०] यती[३१] । कोइ एक परखै देवी सती ॥
कोइसरस्वती[३२] संतकोइयोगी[३३] ।कोइनिरास[३४] पथबैठिवियोगी[३५] ॥

दो० सेवरा[३६] खेवना[३७] बानप्रस्थी[३८] शिषसाधक[३९] अवधूत[४०] ।
आसन मारे बैठि सब पांच आत्मा भूत ॥

मानसरोवर[४१] बरणों[४२] काहा । भरासमुद्रअस अतिअवगाहा[४३] ॥
जल मोती अस निरमल[४४] तासू।अमृतबरण[४५] कपूर सुबासू[४६] ॥
लंकद्वीपकी शिला अनाई । बांधा सरवर[४७] घाट बनाई ॥

गुंजान १—२ चिड़ियाँ३—४खुशी करना ४ नाम चिड़ियाँ ५—६ सारस ७ तोता८ नाम चिड़ियाँ ९—१० दहियड़ ११ बाग़ १२ ईश्वर १३ क़दम १४—१५ बैठक १६ ज़ीना १७ जगह १८—१९ तपकरनेवाले २० जपकरनेवाले २१ क़िस्म योगियोंकी २२ २३—२४—२५—२७—२८ राह २६ क़िस्म योगी २९—३०—३१—३२—३३—३४ ३५—३६—३७—३८—३९—४० नाम तालाब ४१ तारीफ़ ४२ बहुत गहिरा ४३

खाड खण्ड सीढ़ी भुइँ घेरे । उतराहिं चढ़ाहिं लोग चहुँ फेरे ॥
फूला कमल रहा कै राता[1] । सहस[2] सहस पक्षिन[3] के छाता ॥
उलटहिं सीप मोति उतराहीं । चुनहिं हंस औ केलि कराहीं ॥
खनि पतार पानी तहँ काढ़ा । क्षीरसमुद्र निकस तहँ ठाढ़ा ॥

दो० ऊपर पाल चहूंदिश[4] अमृत फल सब रूख ।
देखि रूप सरवर[5] का गइ पियास औ भूख ॥

पानि भरी आवहिं पनिहारीं । रूपस्वरूप पद्मिनी नारीं ॥
पद्मगन्ध[6] तिन अङ्ग[7] बसाहीं । भवँर लागि तिन सङ्ग फिराहीं ॥
लङ्क[8] सिंहिनी सारँग[9] नयनी[10] । हंसगामिनी[11] कोकिलबयनी[12] ॥
आवहिं झुण्ड सो पांतिहि पांती । गवन[13] सुहाय सुभांतिहि[14] भांती ॥
कनक[15] कलश[16] मुखचंद दिपाहीं[17] । रहस[18] केलि से आवहिं जाहीं ॥
जासों वै हेरैं[19] चख[20] नारी । बांके नयन[21] जनु हनहिं कटारी ॥
केश[22] मेघवर शिरता पाहीं । चमकहिं दशन[23] बीजु[24] कीनाईं ॥

दो० माथे कनक[25] गागरी आवहिं रूप अनूप[26] ।
जेहि की ये पनिहारी तौ रानी केहि रूप ॥

तालतलावा बरणि[27] न जाहीं । सूझै वारपार कुछ नाहीं ॥
फूली कुमुदि[28] केति[29] उजियारे । मानहुँ उये गगन[30] महँ तारे ॥
उतरहिं मेघ चढ़हिं ले पानी । चमकहिं मच्छ बीजु[31] की बानी ॥
तैरहिं पंख[32] सुसङ्गहि सङ्गा । श्वेत[33] पीत[34] राती[35] बहु रंगा ॥
चकई चकवा केलि कराहीं । निशा[36] बिछोह दिनहिं मिलि जाहीं ॥
करलहिं सारस करहिं हुलासा । जीवन मरन सु एकहिं पासा ॥
कम्पासो[37] डहनक[38] बक[39] लेदी[40] । रहीं अपूर मीन[41] जल भेदी ॥

सुर्ख १ हज़ार २ चिड़ियाँ ३ चारोंतरफ़ ४ नामतालाब ५ कमलकीखुशबू ६ बदन ७ कमरशेरनीकी तरह ८ हिरण ९ आँख १० चाल ११ आवाज़ १२ चलना १३ तरह १४ सोना १५ घड़ा १६ चमकना १७ खुशीमें उछलती कूदती १८ देखना १९ आँख २०—२१ बाल २२ दाँत २३ बिजुली २४-२१ सोना २५ बेमिसाल २६ तारीफ़करना २७ कोकाबेली २८ नामनखत २९ आसमान ३० चिड़ियां ३२ सफ़ेद ३३ पीली ३४ लाल ३५ रात्रि ३६ नामजानवरोंकेहैं मछलीपकड़कर खाजानेवाले ३७-३८-३९-४० मछली ४१ ॥

दो० नगअमोल तेहिताल‌हि दिनहिंबराहिंजसदीप।
जो मरजिया होयतेहि सोपावे वह सीप ॥

आसपासबहु अमृत बारी[1]। फरीं अपूर होय रखवारी ॥
नारँग नींबू तुरँज जँभीरा। औ बदाम बहु बेद अँजीरा ॥
गुलगुल तुरंज सदा फरफरे। नारँग अति राती[2] रस भरे ॥
किसमिससेव फरे नौ बाता। दाड़िम[3] दाख देखि मनराता[4] ॥
लाग सुहाई हरफ़ा रयौरी। उनयरहीं केला की घौरी ॥
फरीतूत कमरख औ न्योजी[5]। राय करौंदा बेर चिरौंजी ॥
सुगन्धराव छुहारा दीठे[6]। और खजहजा[7] खाटे मीठे ॥

दो० पानि देहिं खण्डवानी[8] कुवहिं खांड़ नाहिं मेल।
लागी घरीं रहँटकी सींचहिं अमृत बेल ॥

पुनि फुलवारि लाग चहुँपासा। वृक्ष[9] बेदहिचन्दन भइबासा ॥
बहुत फूल फूली घन बेली। क्योंड़ा चम्पा गोंद चमेली ॥
सुरँग गुलाल कदम औ गूजा। सुगँध बकौरी गन्धब्र पूजा ॥
जाही जूही बगचन लावा। पुहुप[10] सुदरसनलागसुहावा ॥
नागेसर सदबर्ग[11] हवारी। औ शिंगारहार फुलवारी ॥
सुमन ज़र्द बहु खिली सेवती। रूपमंजरी और मालती ॥
बोलसिरी बेली औ करना। सबै फूल फूले बहु बरना[12] ॥

दो० तेहि शिर फूल चढ़हिं वै जेहि माथे मनभाग।
आछेन्ह सदा सुगन्धबहै जनु बसंत औ फाग ॥

सिंहलनगर दीख पुनि बसा। धनिराजा असजाकर दसा ॥
ऊँची पँवरी[13] ऊँच उड़ासा[14]। जनु कैलास इन्द्रकर बासा ॥
राउ रंक सब घर घर सुखी। जो देखे सो हँसता मुखी ॥
रचि रचि साजे चन्दन चूरा। मोती अगर[15] मेद करपूरा ॥
सब चौपारहिं चन्दन खँभा। वाहिं राजा तब बैठो सभा ॥

बाग़ीचा १ लाल २-४ अनार ३ नाम मेवा ५ देखना ६ खजूर ७ माली ८ पेड़ ९ फूल १० गेंदा ११ रंगबरंग १२ ज़ीना १३ महल १४ केसर १५ ॥

जनु सभा देवतहिं की जुरी । परी दृष्टि[१] इन्द्रासन पुरी ॥
सबै गुणी औ पण्डित ज्ञाता । संस्कृत[२] सबके मुख राता[३] ॥
दो० अलखहिं[४] पन्थ सँवारैं जनुशिवलोक अनूप[५] ।
घरघरनारिपद्मिनीमोहहिं सबअप्सरन[६]केरूप॥
पुनि देखी सिंहलकी बाटा[७] ।नवोनिद्धि[८] लक्ष्मी सबहाटा[९] ॥
कनक[१०]हाट[११]सबकुहकाहिं[१२]लीपी। बैठिमहाजनसिंहलद्वीपी ॥
रचीहतोड़ा[१३] रूप न ढारे। चित्र[१४]कटावअनेक[१५]सँवारे[१६] ॥
सोनरूप भल भयो पसारा। धवल[१७]शिरीपोतहिं घरबारा॥
रतन[१८]पदारथमाणिक[१९]मोती। हीरा लाल सँवारे जोती ॥
औ कपूर बेना कस्तूरी[२०] । चन्दन अगर रहा भरिपूरी ॥
जिनयहिहाट[२१]नलीन्हबिसाहा[२२]।तिनकहँआनहाट[२३]कितलाहा[२४]।
दो० कोई करै बिसाहना[२५] काहू केर बिकाय ।
कोई चलै लाभ[२६] सों कोई मूर गँवाय ॥
पुनि सुशृँगार हाट[२७] भलदेखा। किये शृँगार बैठितहँ वेश्या[२८] ॥
मुख बीरी शिरचीरकुसुम्भी। काननकनक[२९] जड़ाऊखुम्भी[३०] ॥
हाथबीन सुनिमृगा[३१] भुलाहीं। नरमोहहिंसुनि पैग[३२] नजाहीं॥
भौंहधनुषतेहिनयन[३३] अहेरी[३४] । मारहिं बाणसान सों हेरी[३५] ॥
अलक[३६]कपोल[३७]डोलहँसदेहीं। लाय कटाक्ष मारजनु लेहीं ॥
कुच[३८]कंचुक[३९]जानहिंजग[४०]सारे। अंचलदीन्हसुभावहिंटारे ॥
केते खेलार हार तेहि पांसा। हाथझारिउठिचले निरासा॥
दो० चेटक[४१] लायहराहिंमन जबलहिंहै गँठिफेंट ।
सांट[४२]नाटपुनिभईबटाऊ[४३]नापहिंचाननभेंट॥

निगाह १ संस्कृतज़बानके सबबोलनेवाले २ लाल ३ ईश्वरकीराह ४ बेमिसाल ५ स्वर्ग की औरतें ६ राह ७ दुनियाकीदौलत ८ बाज़ार ९-११-२१-२३-२७ सोना १०-२९ केसर १२ दमनी १३ मुसव्वरी १४ बहुत १५ आरास्ता १६ चूना १७ जवाहिर १८ मूंगा १९ मुश्क२० मोललेना २२ फ़ायदा २४—२६ खरीदारी२५ तवायफ २८ बाल ३० हिरण ३१ कदम ३२ आंख ३३ शिकारी ३४ देखना ३५ बाल ३६ गाल ३७ छाती ३८ अंगिया ३९ संसार४० जादू ४१ मुफलिस ४२ मुसाफ़िर ४३ ॥

लैके फूल बैठि फुलहारी[१] । पान अपूरब धरे सँवारी ॥
सोंधा[२] सबै बैठिले कांधे । भल कपूर खरेरी[३] बांधे ॥
कतहूँ पण्डित पढ़ैं पुराना । धर्मपंथ[४] करकराहिंबखाना[५] ॥
कतहूँ कथा कहै कुछकोई । कतहूँ नाचकूद भलहोई ॥
कतहुँ चरहटा[६] पंखीलावा । कतहूँ पाखँड नाचनचावा ॥
कतहूँ नाद[७] शब्द[८] होभला । कतहूँ नाटक[९] चेटक[१०] कला ॥
कतहुँ काहुठग विद्यालाय । कतहूँ मानुष लीन्हबोराय ॥

दो० चरपत[११] चोर दूत[१२] गठछोरामिलेरहहिंलेहिपांच ।
जोबहुभांतिसजग[१३] भाअगमनगठ[१४] ताकरपैबांच ॥

पुनि आई सिंहल गढ़पासा । काबरणों[१५] जनुलाग अकासा ॥
तरहिं[१६] करहिंबासुकि[१७] कीपीठी । ऊपर इन्द्रलोकपर दीठी[१८] ॥
पराखोह[१९] चहुँदिशि[२०] सबबांका । कांपैजांघ जायनहिं झांका ॥
अगम[२१] असूझदेखिडरखाये । परे सुसप्त[७] पतारहिं जाये ॥
नव[९] पवँरी[२२] बांकी नवखण्डा । नवो जो चढ़ै जाय ब्रह्मण्डा ॥
कंचन कोट[२३] जड़े नगशीशा । नखतहिंभरीबीज[२४] पुनिदीशा ॥
लङ्काजाहि ऊँचगढ़[२५] ताका । निरखि[२६] नजाय दृष्टि[२७] मनथाका ॥

दो० हिय[२८] नसमायदृष्टि[२९] नहिंपहुँचैजानहिंठाढ़सुमेर[३०] ।
कहँलग कहोंउँचाई कहँलग बरणों[३१] फेर ॥

ततगढ़बणिज[३२] चलैजगसूरू । नाहित होयबाजि[३३] रथचूरू ॥
पँवरी[३४] नवों बज्र[३५] की साजे । सहस[३६] सहस[३७] तहँबैठेपाजे[३८] ॥
फिरैंपांच कुतवार सुभँवरी । कँपै पाउँ चापत वे पँवरी[३९] ॥
पँवरिहिं[४०] पँवरि[४१] सिंह[४२] गढ़गाढ़े । डरपहिंराय[४३] देखितहँठाढ़े ॥

माली १ हलवाई २ लड्डू ३ राह ४ बयानकरना ५ बाज़ार६ गाना७ आवाज ८ करनाटक ९ जादू १० मक्कार ११ चुगुल १२ होशियार १३ गांठो १४ तारीफ़ १५ जड़ १६ नामसांप १७ देखना १८—२६ खाई १९ चारोंतरफ़ २० मुश्क़िल २१ सीढ़ी २२ सोनेकाक़िला २३ बिज़ुली २४ क़िला २५ नज़र २७ दिल २८ निगाह २९ नामपहाड़ ३० तारीफ़३१ सौदागर ३२ घोड़ा ३३ मकान ३४ पत्थर ३५ हज़ार३६—३७ पियादा

बहु बनाव वे नाहर[1] गढ़े । जनुगाजहिं चाहहिं शिरचढ़े ॥
टारहिं पूँछ पसारैं जीहा । कुंजर[2] डरहिं कि गंजरलीहा ॥
कनक शिलागढ़ सीढ़ी लाई । जगमगाहिं गढ़[4] ऊपर ताईं ॥

दो० ‖ नवौंखण्ड नवपँवरी[5] औतहँ बज्र[6] केवार ।
चार बसेरे[7] सो चढ़ै सत[8] सो उतरै पार ॥

नव[9] पँवरीपर दसौं[10] दुवारा । तेहिपर बाजिरहा घरियारा ॥
घड़ीसो बैठि गिनै घरियारी । भरी सु अपनी अपनी बारी ॥
जोहि घड़ी पूजे वह मारा । घड़ी घड़ी घरियार पुकारा ॥
पराजोडांड़[11] जगत[12] सबडांड़ा । कानिचिंत[13] माटीकरभांड़ा[14] ॥
तुम तेहि चाक चढ़ेहो कांची । अबहिं नफिरी नथिरह्वै बांची ॥
घड़ीजोभरीघटी तुमआऊ[15] । कानिचिन्त[16] सोवेजोबटाऊ[17] ॥
पहरहिपहरगजरनित[18] होई । हिया न सोगा जागन सोई ॥

दो० मुहम्मदज्यों जलभरत रहँटघड़ीकी रीति ।
घड़ीजोआईज्योंभरी ढरीजन्म गा बीति ॥

गढ़परनीर[19] क्षीर[20] दुइनदी । पानि भरैं जैसे दुरपदी ॥
और कुण्ड एक मोती चूरू । पानी अमृत कीच कपूरू ॥
वहां का पानी राजा पिया । वृद्ध[21] होय नहिंजबलगजिया ॥
कंचनवृक्ष[22] एक तेहिपासा । जसकलपतरु[23] इन्द्र कैलासा ॥
मूल[24] पतारस्वर्ग[25] वहशाखा । अमरबेलि कोपाव कोचाखा ॥
चन्द्रपात[26] औफूल तराई[27] । होय उजियार नगरजहँताईं ॥
वैफल पावै तप करि कोई । वृद्धखाय नव यौवन[28] होई ॥

दो० राजाभये भिखारी सुनि वह अमृत भोग ।
जेंपावासोअमर[29] भानकुछव्याधिनहिंरोग ॥

शेर १ हाथीमस्त २सोना ३ क़िला ४ मकान ५ पत्थर ६ मुकाम ७ सचाई ८ नव मकान तथा आंख कान नाक मुंह गुदा लिंग नवइंद्री वदनकोट दशवांदरवाज़ा तथा ब्रह्मागढ़१० घाटा ११ दुनिया १२ गाफ़िल१३—१६ आदमी १४ उमर १५ मुसाफ़िर १७ हमेशा १८ पानी १९ दूध २० बूढ़ा २१ सोनेकापेड़ २२ नामदरख़्त जो स्वर्गलोक में है २३ जड़ २४ आसमान २५ पत्ता २६ नखत २७ नवजवान २८ हमेशा २९ ॥

गढ़[१] पर बसहिंचार[४] गढ़पती ।अश्वप[२] गजप[३] भुवप[४] नरपती[५] ॥
सबकधौरहर[६] सोने साजा । औ अपने अपने घर राजा ॥
रूपवन्त[७] धनवन्त[८] सभागी[९] । परस[१०] पषाणपवँर[११] तेहिलागी ॥
भोग परास[१२] सदा सबमाना । दुख चिन्ता कोई नहिंजाना ॥
मँदिर मँदिर सबके चौपारी । बैठिकुँवर सबखेलहिं सारी[१३] ॥
पांसा ढरहिं खेल भल होई । स्वर्ग वान सर पुजन[१४] कोई ॥
भाटबरन[१५] कहिंकीरति[१६] भली । पावहिं हस्ति[१७] घोड़ सिंहली ॥

दो० मँदिरमँदिर सबकीफुलवारी चोवाचन्दनबास ।
निशि[१८] दिनरहै बसन्तवहँ छहऋतुबारहमास ॥

पुनि चलि देखा राजदुवारा । मानुषफिरहिंपायनहिंबारा[१९] ॥
हस्ति[२०] सिंहली बांधे बारा[२१] । जनुसजीव[२२] सबठाढ़ पहारा ॥
कवन्योश्वेत[२३] पीत[२४] रतनारे[२५] । कवन्योहरे धम[२६] असकारे ॥
बरन[२७] बरनगगन[२८] जसमेघा । उठहिंगगन[२९] बैठिजनुठेघा[३०] ॥
सिंहल के बरने[३१] सिंहले । इकइक चाहसो इकइकबले ॥
गिरि[३२] पहाड़परबतकहिपेलहिं । वृक्षउचारिझारिमुखमेलहिं ॥
मत्त[३३] मतंगसबगरजहिंबांधे । निशि[३४] दिनरहहिंमहावतकांधे ॥

दो० धरती[३५] भार अँगोही पांव धरत उठ हाल ।
कुर्महि[३६] टूटिभुइँफाटीतेहिहस्तिहि[३७] कीचाल ॥

पुनिबांधे उजियार तुरंगा[३८] । काबरणों[३९] जस उनके रंगा ॥
लेल[४०] समन्द[४१] चालजगजाने।हांसल[४२] बोर[४३] क्याहिबखाने[४४] ॥
परी[४५] कुरँग[४६] महो[४७] बहुभांती।करर[४८] कोकलाह[४९] बलाह[५०] सुपांती ॥

क़िला १ घोड़ेकासवार २ हाथीसवार ३ ज़मीनकामालिक ४ राजा ५ महल६ खूबसूरत ७ दौलतमन्द ८ नसीबवर ६ पारस पत्थर १० दरवाज़ा ११—२१ हँसीख़ुशी १२ चौसर १३ बराबरी१५ तारीफ़ १५ नेकनामी १६ हाथी१७—२० राति १८ दख़ल१६ जानदार २२ सफ़ेद २३ ज़र्द २४ लाल २५ धुवां २६ रंगबरंग २७ आसमान २८—२६ पहाड़ ३०—३२ बयानकरना ३१ मस्त ३३ रात्रि ३४ ज़मीन ३५ कछुवा ३६ हाथी ३७ घोड़ा ३८ तारीफ़ ३६ नामज़ातवारंगघोड़ोंके ४०—४१—४२—४३ बयानकरना ४४ नाम

तीख[१] तुखार[२] चांद औ बांके। तड़पहिंतबहिंबाजि[३] बिनहांके॥
मनते अगमन[४] डोलहिंबागा। देतउसास गगन[५] शिरलागा॥
पावहिं सांससमुदपर धावहिं। बूड़ि नपांव पारहै आवहिं॥
थिरनरहैं रिस लोह चवाहीं। भाजहिंपूँछ शीश उपराहीं[६]॥
दो० अस तुखार[७] सब देखे जनु मनके रथवाहि[८]।
नयन[९] पलक पहुँचावहीं जहँपहुँचाकोइचाहि॥
राज सभा सब देखे बैठे। इन्द्रसभा जनुपरगइ डीठे[१०]॥
धनि राजा अससभा सँवारी। जानहुँ फूलिरही फुलवारी॥
मुकुटबन्द सब बैठे राजा। दर[११] निशानसबजेहिकेसाजा॥
रूपवन्त[१२] मनदिपै लिलाटा[१३]। माथे छात बैठि सब राजा॥
जानो कमल सरोवर[१४] फूले। सभाकि रूप देखि मन भूले॥
पान कपूर मेद[१५] कस्तूरी[१६]। सुगन्धबासभरिरही अपूरी॥
मांझ[१७] ऊँच इन्द्रासन साजा। गन्ध्रबसेन बैठि तहँ राजा॥
दो० छत्र गगन[१८] लगताकर सूर्य्य दिपै[१९] तस आप।
सभा कमल जनु बिगसी[२०] माथे बड़परताप॥
साजा राजमँदिर कैलाशू। सोनेका सब भूमि[२१] अकाशू॥
सातखण्ड धवराहर[२२] साजा। वही सँवारसकै अस राजा॥
हीरा ईंट कपूर गिलावा। औनगलायस्वर्ग[२३] लयलावा॥
जानवन्त सबै उरेह[२४] उरेहे। भांति[२५] भांतिनगलागउबेहे॥
भाकटाव सबआनहु भांती[२६]। चित्र[२७] कटावसोपांतहिपांती॥
लागखंभमणि[२८] माणिकजड़े। निशि[२९] दिनरहैं दीपजनु बरे॥
देखि धौरहर[३०] कर उजियारा। छिपगयेचांद सूर्य्य औतारा॥
दो० साजीसाजबैकुण्ठजस तससाजीखँडसात।

तेज़ १ घोड़ा २—३—७ पहिले ४ आसमान ५ शिर उठाये हुये ६ गाड़ीवान ८ आँख ९ निगाह १० फ़ौज ११ ख़ूबसूरत १२ माथा १३ तालाब १४ केसर १५ मुश्क १६ बीचोंबीच १७ आसमान १८—२३ चमकना १९ खिलना २० ज़मीन २१ महल २२ मुसव्वरी २४ तरह बतरह २५—२६ तसवीर २७ जवाहिरात २८ रात २९ मकान ३० ॥

बीहर[1] बीहर भाव तस खंडखंड ऊपर जात ॥

बरणों[2] राज मँदिर रनिवासू । अप्सरहिं[3] मराजान कैलासू ॥
सोरह सहस[4] पद्मिनी रानी । एक एकते रूप बखानी ॥
अतिस्वरूपऔअतिसुकुमारी । पान फूलकी रहहिंअधारी[5] ॥
तेहि ऊपर चम्पावति रानी । महा स्वरूप पाट परधानी[6] ॥
पाट[7] बैठिरहि किये शिंगारू । सब रानी वहँ करहिं जुहारू ॥
नित[8] नव रंग अङ्कमा सोई । प्रथमैबयस न शिरपर कोई ॥
सिंहलद्वीप महँ जेती रानी । तिनमहँकनक[10] सुबारहबानी[9] ॥

दो० कुँवरबतीसो लक्षणी अस सबमांह अनूप[11] ।
जानवन्त सिंहल द्विपी सबै बखानी[12] रूप ॥

चम्पावत जो रूपमन माहां । पद्मावतिकीज्योति कि छाहां ॥
भइ चाहै असकथा जो होनी । मेटिनजाय लिखीजसहोनी ॥
सिंहलद्वीप भयो तबनाऊँ । जोअस दियाबरातेहिठाऊँ[13] ॥
प्रथम[14] सोज्योतिगगन[15] निरमई । पुनिसुपितासाथे मनभई ॥
पुनिवहज्योतिमातघट[16] आई । तिनाहिंउदर[17] आदरबहुपाई ॥
जस अवधान[18] परकै मासू । दिनादिनहिये होयपरकासू[19] ॥
जस अंचल महँ छिपयेदिया । तस उजियारदिखावैहिया[20] ॥

दो० सोने मन्दिर सँवारा औ चन्दन सब लीप ।
दियाजोमनाशिवलोकमहँ उपजा[21] सिंहलद्वीप ॥

भे दशमास पूरि भइ घरी । पद्मावति कन्या अवतरी[22] ॥
जानो सूर्य्य किरण हतगाढ़ी । सूरज किरण घाट वह बाढ़ी ॥
भानिशि[23] महँदिनकरपरकाशू[24] । सबउजियारभयो कैलाशू ॥
इतनी रूप मूर्त्ति परगटी[25] । पून्योशशि[26] सुखीन[27] कैघटी ॥

अलग १ बयानकरना २ स्वर्गकीऔरत ३ हज़ार ४ सहारा वा ख़ुराक ५ महारानी ६ तख़्त ७ हमेशा ८ पहिलीउमर ९ सोना ख़ालिस १० बेमिसाल ११ बयानकरना १२ जगह १३ पहिले १४ आसमान १५ पेट १६—१७ हमल १८ रोशनो १९ दिल २० पैदाहोना २१-२२ राति २३ उजियारा २४ ज़ाहिरहोना २५ पूर्णमासीकाचाँद २६ पतला २७ ॥

घटतहि घटत अमावस भये। दिनदुइ लाजगाड भुइँ गये॥
पुनि जो उठी दुइज ह्वै उये। शशिनिकलंकबिधिहि[1] निरमये॥
पद्मगन्ध[2] बेधा जग बासा। भँवर पतंग भ्रमै चहुँपासा॥
दो० इतनी रूपभई कन्या जेहि स्वरूप नहिं कोय।
धन सुदेश रुपवंता जहां जन्म अस होय॥
भई छठिरात छठी सुखमानी। रहस कूदसो रयन[3] बिहानी॥
भा विहान पण्डित सब आये। काढ़िपुराण जन्म अरथाये॥
उत्तम[4] घड़ी जन्मभा तासू। चाँदउआ भुइँ दिपाअकासू॥
कन्याराशि उदय जग[5] किया। पद्मावती नाम जस दिया॥
सूर[6] पुरुषसों भयो गुरेरा[7]। किरणयाम उपजा[8] जगहीरा॥
तेहिते अधिक[9] पदारथकरा। रतनज्योतिउपजा[10] निरमरा[11]॥
सिंहलद्वीप भयो अवतारू[12]। जम्बूद्वीप जाय जमवारू[13]॥
दो० रामाआयअयोध्याउपजे[14] लषणवतीसोसंग।
राजाराउ रूप सब भूलेदीपक जैसो पतंग॥
आय जन्मपत्री जो लिखी। दै आशीश फिरे ज्योतिषी॥
पांच बरषमहँ भई जो बारी। दीन्ह पुराण पढ़ै वै सारी॥
भइ पद्मावति पण्डित गुनी। चहूँ खण्डके राजहिं सुनी॥
सिंहलद्वीप राज घर बारी। महास्वरूपदई[15] अवतारी[16]॥
इक पद्मिनि औ पण्डित पढ़े। वहि कहँयोग गुसाईं[17] गढ़े॥
जाकहँ लिखीलक्ष[18] असहोनी। सोअसपावपढ़ीऔलोनी[19]॥
सप्तद्वीप[20] के बर जो आवहिं। उत्तरपावहिंफिराफिरजावहिं॥
दो० राजाकहैगर्व[21] कियेहौं इन्द्र शिवलोक।
कोसरवर[22] है मोसों कासोंकरों बिरोक[23]॥
बारह[12] बरष माहँ भइ रानी। राजैं सुना संयोग सयानी॥

ब्रह्मा १ कमलकी खुशबू २ राति ३ अच्छी ४ दुनिया ५ सूर्य्य ६ मुलाक़ात ७ पैदाहोना ८—१०—१२—१४ बहुत ९ पाक ११ मरना १३ ईश्वर १५—१७ पैदाकिया १६ रेखा १८ ख़ूबसूरत १९ सातोंमुल्क २० ग़रूर २१ बराबर २२ टीका विवाहका २३॥

सात खण्ड धवराहर[1] तासू। सोपद्मिनि कहँ दीन्हउडासू[2] ॥
औ दीन्हीं सँग सखी सहेली। जोसंगकरैं रहस रस केली ॥
सबै नवल[3] पीसंग नसोई। कमल पासजनुबिगसीकोई[4] ॥
सुआ एक पद्मावति ठाऊँ[5]। महा पण्डित हीरामणिनाऊँ ॥
दई[6] दीन्ह पंख[7] असजोती। नयन[8] रतनमुखमाणिक[9] मोती ॥
कंचनबरन[10] सुआअतिलोना[11]। मानोमिलासुहागहिसोना ॥

दो० रहहिंएक संगदोऊ पढ़ैं शास्त्र औ बेद।
पढ़नाशीश[12] डुलावहीसुनतलागतसभेद ॥

भई अनंत पद्मावतिबारी। रचिरचिबिधि[13] सबकलासँवारी ॥
जग[14] बेधातेहि अंगसुबासा। भँवरआय लुब्धे[15] चहुँपासा ॥
बेनी[16] नाग मलयगिरि[17] पीठी। शशि[18] माथेहोयदूइजपैठी ॥
भौंहैं धनुष साधि शर[19] फेरे। नयन[20] कुरंग[21] भूल जनुहेरे ॥
नासिक[22] कीर[23] कमलमुखसोहा। पद्मिनिरूपदेखि जग[24] मोहा ॥
माणिक[25] अधर[26] दशन[27] जनुहीरा। हियहुलसै[28] कुच[29] कनक[30] जंभीरा ॥
केहरि लंक[31] गवन गज[32] हरी। सुरनर देखि माथभुइँधरी ॥

दो० जग[33] कोउदृष्टि[34] नआवैअप्सरन[35] होयअकाश।
योगीयती संन्यासी तप साधहिं तेहि आश ॥

राजैं सुना दृष्टि[36] भइआना। बुधि[37] जोदेसँगसुआ[38] सयाना ॥
भयो रजायसु[39] मारहिंसुआ[40]। सबरे सुना चाँद जहँउआ ॥
शत्रु[41] सुआ[42] के नाऊ बारी। सुनिधाये जसधाय मँजारी[43] ॥
तब लग रानीसुआ[44] छिपावा। जबलगआवमँजारि[45] नपावा ॥
पिता[46] कि आयसु[47] माथेमोरे। कहोजायबिनवै[48] करजोरे[49] ॥

महल १ मकान २ कुआरी ३ फूलनाकोकाबेलोका ४ जगह ५ ईश्वर ६ जानवर७ आँख ८—२० मूंगा ९—२५ सोनेकारंग १० खूबसूरत ११शिर१२ ब्रह्मा १३ दुनिया १४ ३३ गूंजना १५ चोटी १६ चन्दन १७ चाँद १८ तीर १९ हरिण २१ नाक २२ तोता २३ ३८—४०—४२—४४ संसार २४ होंठ २६ दाँत २७ खुशहोना २८ छाती२९ सोना ३० चीताकीकमर३१ चालहाथी औरसिंहको तरह ३२ निगाह ३४—३६ इन्द्रलोककीपरी ३५

पंखनकोई होय सुजान[1] । जानै भुक्ति[2] किजानिउड़ान ॥
सुआ[3] जोपढ़ैपढ़ायेबयना[4] । तेहिकतबध[5] जेहिहियेननयना[6] ॥
दो० माणिक[7] मोतीदेखावह हिये[8] नज्ञानकरलेय ।
दाड़िम[9] दाख[10] छांड़िकै आंबठौर फर लेय ॥

चेतो फिरी उतर[11] अस पावा । बिनवासुये हिये[12] डरखावा ॥
रानी तुम युग युग सुख पाऊ । हो अज्ञा[13] बनबासकहँजाऊ ॥
मोतीजो मलीन होय कला । पुनिसोपानिकहाँनिरमला[14] ॥
ठाकुर अन्त चहो जेहिमारा । तेहि सेवककहिकहां उबारा ॥
जेहिघरकाल मँजारी[15] नाचा । पंखहि[16] नाउँजीवनाहिंबांचा ॥
मैं तुम राज बहुत सुख देखा । जो पूँछहिदियेजायनलेखा[17] ॥
जोइच्छा[18] मनकीन्ह सुजेंवा । यह पछतावचल्योंबिनसेंवा ॥
दो० मारै सोई निसोगा[19] डरै न अपनी दोस[20] ।
केला अकेलकरै का जो भयो बेर[21] परोस ॥

रानी उतर[22] दीन्हकै मया[23] । जोजिव जायरहैकिमिकया[24] ॥
हीरामणि तू प्राण परेवा[25] । धोखनलाग करत तेहि सेवा ॥
तुहिंसेवा बिछुरननहिं आँखौं । पींजर हिये[26] घालिकै राखौं ॥
हौं मानुष तू पंख[27] पियारा । धर्म प्रीति तहां को मारा ॥
काप्रीति तनहमाहँ बिलाय । सोईप्रीति जियसाथजोजाय ॥
प्रीतिं भारलीहिये[28] न शोचू । वही पन्थ भल होयकि पोचू ॥
प्रीतिपहाड़ भारजो कांधा । कितितेहिछूटलाय जिव बांधा ॥
दो० सुआ[29] नरहै खुरक[30] जी अबहुँ कालसो आव ।
शत्रु[31] अहै जेहि करिया[32] कहूँसो बूड़ी नाव ॥

अक़िलमंद १ खाना २ तोता ३ बोली ४ मारना ५ आँख ६ मोती ७ दिल ८ अनार ९ अंगूर १० जवाब ११ दिल १२ परवानगी १३ साफ़ १४ बिलार १५ जानवरपरिन्दा १६ हिसाब १७ जोमनने चाहा सो खाना खाया १८ बेग़म १९ पाप २० बेरीकापेड़ २१ जवाब २२ मेहरबानी २३ बदन २४ जानवरपरिन्द २५—२७ दिल २६—२८ तोता २९ अंदेशाभरा हुआ ३० दुश्मन ३१ मल्लाह ३२ ॥

खण्डतीसरास्नानखण्डपद्मावत ॥

एक दिवस[1] कवन्योतहँआय । मानसरोवर[2] चली अन्हाय ॥
पद्मावति सब सखी बुलाई । जनुफुलवारसबै चलिआई ॥
कोइचम्पा[3] कोइगोंद[4] सहेली । कोइसुकेत[5] करुणा[6] रसबेली[7] ॥
कोइसुगुलाल[8] सुदरशन[9] राती । कोइबकाउ[10] कोइबकचन[11] भांती ॥
कोइसो बोलसर[12] पुहपावती[13] । कोइजाहीजूही[14] सेवती[15] ॥
कोइसुवन[16] जर्द ज्यों केसर[17] । कोइशिंगारहार[18] नागेसर[19] ॥
कोईकूजा[20] सतबर्ग[21] चँबेली[22] । कोइकदम[23] सुरसरसबेली ॥

दो० चलींसबैमालती[24] संगहि फूलेकमल कुमोद[25] ।
बेधरही गुण गन्धरब बास बरमला मोद ॥

खेलत मानसरोवर[26] गई । जाय पाल[27] पर ठाढ़ी भई ॥
देखि सरोवर[28] हँसली केली । पद्मावति सों कहहिं सहेली ॥
एरानी मन देखु बिचारी । यहि नैहर रहना दिन चारी ॥
जबलग अहे पिताकर[29] राजू । खेलिलेहु जो खेलहि आजू ॥
पुनिसासुरहमगवनब[30] काली । कितहमकितयहसरवर[31] पाली[32] ॥
कितआवनपुनि आपनहाथा । कितमिलकेआवबएकसाथा ॥
सासुननँद बोलहि जियलेहीं । दारुण[33] ससुर ननिसरेदेहीं ॥

दो० पीउ पियारसब ऊपर सो पुनिकरै व्रह काहि ।
तेहिसुखराखहिकीदुख वहकसजन्मनिबाहि ॥

सरवर[34] तीर पद्मिनी आई । खोपा[35] छोड़ि केशबिखराई ॥
शशि[36] मुखअंग[37] मलीगर[38] रानी । तामहँभ्रापलीन्हअरधानी ॥
उनई घटा पराजग[39] छाहां । शशि[40] कीशरणलीन्हजनुराहां ॥
छिपिगयेदिनभानु[41] कीदसा । तेहिनिशि[42] नखतचांदपरगसा[43] ॥

दिन १ नाम तालाब २ नामफूल ३—४—५—६—७—८—९—१०—११—१२—१३ १४—१५—१६ ज़ाफ़रान १७ नामफूल १८—१९—२०—२१—२२—२३—२४ काकाबेली २५ नामतालाब २६ किनारा २७—३२ तालाब २८—३१—३४ बाप २९ गाना ३० मुशकिल ३३

भूल चकोर दृष्टि[1] तेहिलावा। मेघघटामहँ चन्द दिखावा॥
दशन[2] दामिनी[3] कोकिलभाखैं[4]। भौंहैं धनुष[5] गगन[6] लैराखैं॥
नयन[7] खँजनदुइ केल करेहीं। कुच[8] नारँगमधुकर[9] रसलेहीं॥
दो० सरोवर[10] रूपविमोहा हिये[11] हिलोर करले।
पाउँ छुवे मग[12] पाउँ तन मन लहरें दे॥
धरीतीर सब कंचुक[13] सारी। सरवर[14] महँपैठीं सबबारी[15]॥
पानी तीर जानि सब बेलैं। हुलसहिं[16] करहिंकामकीकेलैं॥
करल[17] केश[18] विषहर[19] बिषभरे। लहरेंलेहिं कमलमुख धरे॥
नवल वसन्त सँवारे करी[20]। होयप्रकट[21] जानहु रस भरी॥
उठीकोपजसदाड़िम[22] दाखा[23]। भई अतन्त प्रेमकी शाखा॥
सरवर[24] नहिं समाय संसारा। चांद नहाय बैठिलिये तारा॥
धनसोनीर[25] शशि[26] तरई[27] उई। अबकितदृष्टि[28] कमलओकोई[29]॥
दो० चकई बिछुर पुकारी कहां मिलहो नांह।
एकचन्दनिशि[30] स्वर्ग[31] महँदिनदूसरजलमांह॥
लागीं केलकरैं मँझ[32] नीरा[33]। हंस लजाय बैठिकै तीरा[34]॥
पद्मावतिकौतुक[35] कहँराखे। तुमहिंशशि[36] होहितरायन[37] हिंराखे।
बाद मेलके खेल पसारा। हार देव जो खेलत हारा॥
सँवरहिं सांवर गोरहिं गोरी। आपनआपनलीन्हसुजोरी॥
बूझौ खेलखेलौ एकसाथा। हारिन होय पराये हाथा॥
आजहिंखेल बहुरि कित होय। खेलगई कित खेलै कोय॥
धनि सो खेल खेल रस प्रेमा। रवताई[38] औरकुशल[39] क्षेमा॥
दो० मुहम्मदबारजो प्रेमकी ज्योंभावे त्योंखेल।
तेलहिं फूलहिं बासज्यों होयफुलायल तेल॥

निगाह१—२८दांत २ बिजुली ३ कोकिलाकीसी बोली ४ कमान५ आसमान ६—३१ आंख ७ छाती ८—१३ भंवर ९ तालाब १०—१४—२४ दिल ११ शायद १२ लड़की १५ फूलहोना १६ मुलायम १७ बाल१८ सांप१९ कली २० ज़ाहिर २१ अनार २२ अंगूर २३ पानी २५—३६ चाँद २६—३६नखत २७ कोकावली २८ राति ३० बीच ३२ किनारा ३४ तमाशा ३५ नखत ३७ ठकुराई ३८ खैरियत ३९ ॥

सखी एक तैं खेलन जाना। भई अचेत[1] मनहारगँवाना॥
कमलडारगहि भईबिकरारा[2]। कासों पुकारों आपन हारा॥
कितखेले आयों एक साथा। हार गँवाय चल्योंले हाथा॥
घर पैठत पूँछब यह हारू। कौनउतर[3] पावब पैसारू॥
नयन[4] सीप आंशु तस भरे। जानहु मोति गिरहिं सबढरे॥
सखिन कहा बौरी कोकिला। कौनपानीजेहिपवन[5] नहिंहिला॥
हार गँवाय सो ऐसे रोवा। हेरे[6] हेराय लेब जो खोवा॥

दो० लागीं सबमिलि हेरी[7] बूड़ बूड़ यक साथ।
कोई उठी मोतीले काहू घोंघा हाथ॥

कहा मानसर[8] चहा सुपाई। पारस रूप यहां लगि आई॥
भानिरमल[9] तेहिपायन परशे। पावा रूप रूप के दरशे॥
मली[10] समीर बास तनआई। भाशीतल[11] तनतपनबुझाई॥
नाजानोंकौनपवन[12] लेआवा। पुण्यदशा भइ पाप गँवावा॥
ततछन हार बेगि[13] उतराना। पावासखहिं चन्दविहसाना॥
विकसा[14] कमलदेखिशशि[15] रेखा। भईतेहिऊप जहां जोदेखा॥
पावा रूप रूप जस चहा। शशि[16] मुखसबदरपनह्वैरहा॥

दो० नयन[17] जोदेखेकमलभये निरमल[18] नीर[19] शरीर[20]।
हरत[21] जोदेखेहँसभये दशन[22] जोति नग हीर॥

पद्मावति तहँ खेल दुलारी। सुआ[23] मँदिरमहँदेखिमँजारी[24]॥
कहेसि चलों जौलहतनपांखा। जिवले उडा ताक बनढांखा॥
जायपराबन[25] खंडजिवलीन्हा। मिलेपंख[26] बहुआदरकीन्हा॥
आन धरी आगे फरशाखा। भुक्ति[27] नमिटीजबलहिराखा॥
पाय भुक्ति[28] सुख मनमें भयो। दुखजोअहा बिसर सबगयो॥

बेहोश १ बेकरार २ जवाब ३ आँख ४—१७ हवा ५—१२ ढूंढ़ना ६—७ नाम तालाब ८ पाक ९—१८ चन्दन १० ठंढा ११ जल्द १३ फूलना १४ चाँद १५—१६ पानी १९ बदन २० हाथ २१ दाँत २२ तोता २३ बिल्ली २४ जंगल २५ उड़नेवाले जानवर हमजिन्स २६ खुराक जंगली २७—२८॥

ए गुसाईं[1] तू ऐसो विधाता । जानवंतजिवसबकाभुक[2] दाता ॥
पाथर महँ नहिं पतंगविसारा । जहँ तहँ सँवर दीन्हतुइँचारा ॥

दो० तौलहि साग विछोहकर भोजन पड़ा न पेट ।
पुनि विसरा भा सँवरना जनु सपने भइभेंट[3] ॥

पद्मावति पहँआय भँडारी[4] । कहिसिमँदिरमहँ परीमँजारी[5] ॥
सुआ[6] जोउतर देतअहापूँछा । उड़गा पिंजर न बोलै छूँछा ॥
रानीसुना जो सुखसब गयो । जनुनिशि[7] परीअस्तदिनभयो ॥
गहने गही चन्दकी किरा । आंशुगगन[8] जसनखताहिंभरा ॥
टूटिवार सरवर[10] बह लागे । कमलबूड़ि मधुकर[11] उड़भागे ॥
यहिविधिआंशूनखतहोचुये । गगन[12] छांड़सरवर[13] महँउये ॥
झरहिंचुवहिंमोतिनकीमाला । अवस[14] केतबांधाचहुपाला[15] ॥

दो० उड़गा सोठा[16] कहँ बसा खोज सखीसोतास ।
वहहैधर्ती[17] की स्वर्ग[18] का पवन[19] नपावैबास ॥

चहूँ पास समझावहिं सखी । कहांसु अब पावेगा पखी ॥
जबलाहिंपिंजरअहा परेवा[20] । अहा बांधकीन्हेसि नितसेवा ॥
तेहि बन घन जो छूटेपावा । पुनिफिरबाँद[21] होयकितआवा ॥
वै उड़ान फुरहरी खाई । जो भा पंख पांख तनलाई ॥
पिंजर जेहक सौंप तेहिगयो । जो जाकर सो ताकर भयो ॥
दशवाटैं[22] जेहि पिंजरमाहां । कैसे बांच मँजारी[23] पाहां ॥
येधर्त्ती अस केतन लीले । अश्वपति[24] गजपतिबहुघरकीले ॥

दो० जहँ न राति नहिं दिवस[25] है तहांनपाननखान ।
तेहि बनसोठा[26] कै बसा फेरि मिलावै आन ॥

सुवैं[27] तहांदिनदश कलकाटी । आयो व्याध[28] ढका लैठाटी ॥

ईश्वर १ रोजी देनेवाला सबका २ मुलाक़ात ३ रसोईं बरदार ४ बिलारी ५—२३ तोता ६—१६ जवाब ७ राति ८ आसमान ९—१२—१८ तालाब १०—१३ भँवर ११ रंज १४ चारोंतरफ़ १५ ज़मीन १७ हवा १९ उड़नेवाला जानवर २० ताबेदार वा क़ैदी २१ दशराह तथा इन्द्री बदनके सराय २२ घोड़े का सवार २४ दिन २५ तोता २६—२७ बहेलिया २८ ॥

पैग[1] पैग भुइँ चापत आवा। पंखहि[2] देखि सबै डरखावा॥
देखोकुछ अचरज अनभला[3]। तरवर[4] एक आवत होचला॥
यह बन रहत गये हमआऊ[5]। तरवर[6] चलत न देखाकाऊ॥
आजजोतरवर[7] चलभलनाहीं। आवहु यह बनछांड़पराहीं[8]॥
वैतो उडैं और बन ताका। पण्डितसुआ[9] भूलमनथाका॥
शाखा देखि राज जनु पावा। बैठिनिचिंत[10] चलावहआवा॥

दो० पांच[11] बाण कर खोंचा लासा भरे सो पांच।
पांखभरा तन उरझा कित मारेबिनबांच॥

बन्दभा[12] सुआ[13] करतसुखकेली। चूर[14] पांख मेलेसि घरठेली[15]॥
तहँवां बहुत पंख[16] खरभरैं। आप आप महँ रोदन करैं॥
बिष[17] दाना कित होय अँगूरे। जहँ भामरन डहन[18] धरचूरे॥
जो न होत चारा की आसा। कित चिड़हार ढकतलैलासा॥
येबिष[19] चारा सबबिधि ठगी। ओभा काल हाथ लै लगी॥
यहिं झूठी माया मन भूला। चूरी[20] पांख जैसो तन फूला॥
यहि मन कठिन मरैनहिंमारा। काल[21] न देख देखिपैचारा॥

दो० हमतोबुद्धि[22] गँवाई बिष[23] चारा असखाय।
तूसोठा[24] पण्डितहता तूकितभा निठुराय[25]॥

सुवैं[26] कहा हमहूँ असभूले। टूटिहिंडोल गर्ब[27] जेहिभूले॥
केला के बन लीन्ह बसेरा। पड़ा साथ तन बैरी केरा॥
सुख[28] कुरवार फरेरी खाना। बिष[29] भाजोहिब्याध[30] तुलाना॥
काहेक भोग[31] वृक्ष अस फरा। अड़ा लाय पंखहिं कहँ हरा॥
सखीनिचिंत[32] जोखधनकरना। यह निचिंत[33] आगेहै मरना॥
भूले हमहुँ गर्ब[34] तेहि माहां। सो बिगरा पावा जहँ पाहां॥

क़दम बाक़दम १ उड़नेवाले जानवर २—१६ बुरा ३ पेड़ ४—६—७ उमर ५ भागना ८ तोता ६—१३—२४—२६ग़ाफिल १० कंपा ११ क़ैद १२ बाज़ू को तोड़के १४ झोरी १५ ज़हर १७—१६—२३ बाज़ू१८ परमड़ोरके२० मोत२१ अक़िल २२ बेदर्द २५ ग़रूर २७—३४खुशी २८ ज़हर २६ बहेलिया ३० पेड़खानेका ३१ ग़ाफ़िल ३२—३३॥

होयनिचिन्त[1] बैठि तेहि अड़ा। तब जाना खोंचाहिय[2] गड़ा॥

दो॰ चरतनखुरक[3] कीन जब तबरे चरासुखसोय।
अब जो फांद परागैं[4] तब रोये का होय॥

सुनिकै उतर[5] आंशु पुनि पोछे। कोन पंख बांधी बुध[6] ओछे॥
पंखिन जोबुधि होयउजियारी। पढ़ासुआ[8] कितधरैमँजारी[10]॥
कित तीतरबन जीभ उघेला। सुक्कि हँकारफांदगयें[11] मेला॥
तादिन व्याध[12] भयो जिवलेवा। उठी पांख भानाउँ परेवा[13]॥
भई व्याध[14] तृष्णा[15] सुख खाधा। सूझी भुक्ति[16] नसूझै व्याधू[17]॥
हमहिं लोभ वह मेला जारी। हमहिं गर्व[18] वह चाहैमारी॥
हमनिंचि[19] तवहआवछिपाना। कौन व्याध[20] है दोष[21] अमाना[22]॥

दो॰ सोअवगुण[23] कितकीजिये जिवदीजे जेहिकाज।
अबकहना कुछ नाहीं मष्ट[24] भले पक्षिराज[25]॥

चित्रसेन चित्तौर गढ़ राजा। कइगढ़कोटिचित्र[26] सम[27] साजा॥
तेहिकुल रतनसेन उजियारा। धनिजननी जन्मीअसबारा[28]॥
पण्डित गुण सामुद्रिक देखहिं। देखिरूप औलगन विशेषहिं॥
रतनसेन यहिकुल निरमरा[29]। रतन ज्योति मन माथे परा॥
पदक[30] पदारथलिखीसोजोरी। चांद सूर्य्यजसहोय अंजोरी[31]॥
जसमालतीकहँ भँवरवियोगी[32]। तस वह लागहोय यहयोगी॥
सिंहलद्वीप जाय वह पावा। सिद्धहोय चित्तौर लै आवा॥

दो॰ भोग भोज[33] जसमानी बिक्रम[34] शाकाकीन्ह।
परखरतन जो पारखी सबैलिखनलिखदीन्ह॥

चित्तौर गढ़ कर एक बँजारा। सिंहल द्वीप चला व्योपारा॥

ग़ाफ़िल १ दिल २ अंदेशा फ़िकिर ३ गरदन ४—११ जवाब ५ अक़िल ६—८ उड़नेवालेजानवर९—१३ तोता८ बिल्ली १० गरदन ११ चिड़ीमार १२—१४ दुनियांकी हवा हवस १५ रोज़ी१६बहेलिया १७—२० ग़ऱूर १८ ग़ाफ़िल १९ कसूर २१ नादानी २२ बुरा काम २३ चुप २४उड़नेवाले जानवरों के राजा २५ तसवीर २६ बराबर २७ लड़का २८ पाक २९ लालजवाहिर ३० रोशनी ३१ दुखी३२ नामराजा३३ राजाबिक्रमादित्य ३४॥

ब्राह्मणहुतएकनिपट[1]भिखारी। सोपुनिचला चलतब्योपारी॥
भौंहैं धनुष धनुष पै हारा। नयनसांध जनु बाणन मारा ॥
करनफूलनासक अतिशोभा। शशि[29] मुखआयसूकजनुलोभा ॥
सुरँग अधर[30] औलीन्ह तँबोरा। सोहै पान फूलकर जोरा ॥
कुसुमगेंदअससुरँगकपोला[31]। तेहिपरअलक[32] भुवंगिन[33] डोला
तिलकपोल अल पंकज बैठा। बेधा सोई जोवह तिलदीठा ॥

लाल १ गरदन २ हाथ ३ कमर ४ करधनी ५ पायजेब वा छड़े ६ बड़े ७ छोटे ८ मोटे ९ पतला १० पूरनमासो ११ उबटन १२ सूर्य्य १३ नामदाया १४ जवाहिर १५ बगुला १६ टीका १७ आसमान १८—२४ रात १९ माथा २० बाली २१ करनफूल २२ नाम छोटे नखत २३ चाँद २५—२९ ममोला २६ देखना २७ आँख २८ होंठ ३० गाल ३१ बाल ३२ नागिन ३३ ॥

दो० देख शिंगारअनूप[1] विधि विरह चलातवभाग ।
कालकष्ट वह उनवा सब मोरे जिय लाग ॥

का वरणों अभरण[2] औ हारा । शशि पहिरे नखतनकीमारा ॥
चीर चार औ चन्दन चोला । हीर हार नगलाग अमोला ॥
तेहिं झांपी रोमावल कारी । नागिनि रूप डसी हत्यारी ॥
कुच[3] कंचुकी[4] श्रीफल उभे । हुलसहिंचहहिंकंत हियचुभे ॥
वाहहिं वाहू[5] ताड़[6] सलोनी[7] । डोलत बांहभावगत लोनी ॥
तरवन कमल कली जनु बाधे । बसा[8] लंक[9] जानहु दुइआधे ॥
छुद्रघंट[10] कटि[11] कंचन तागा । चलतेउठहिं छतीसो रागा ॥

दो० चरा[12] पायल[13] अनवटविछिया पांयनपरी बियोग[14] ।
हिये[15] लायटुकहमकहसमंद[16] नहिंतुमजानऔभोग ॥

अस वारह सोरह धन[17] साजी । छाजन[18] और वहीपै छाजी ॥
विनवहिं सखीगहर[19] काकीजे । जेंजिव दीन्हताहि जिवदीजे ॥
सँवरिसेज धन मन भइ शंका । ठाढ़ तेवान टेक कर लंका[20] ॥
अनचिन्हापियकाँपोंमनमाहां । का मैं कहब गहब[21] जोबाहां ॥
वारि वैसगइ प्रीति न जानी । तरुण[22] भई मैंमन्त[23] भुलानी ॥
यौवनगर्व[24] न कुछ मैं चेता । नेह न जानु श्याम[25] के सेता ॥
अब जो कंत पूँछहि सबबाता । कसमुख होय पीत कै राता[26] ॥

दो० हों सुवारि औ दुलहिन पियसोतरुण[27] औतेज ।
नाजानों कस होय है चढ़त कन्त की सेज ॥

सुनिधनडर हिरदय तब ताईं । जौलहि रहस मिलानहिंसाईं ॥
कौन कली जो भँवरन राईं । डारन टूटि पुहुप[28] गरुवाईं ॥
मात पिता जो व्याहै सोई । जन्म निवाह कंत सँग होई ॥

ये मिसाल १ ज़ेवर २ छाती ३ अँगिया ४ नामज़ेवर ५—६—१२—१३ खूबसूरत७ भँवर ८ कमर ९—११—२० करधनी १० दुखी १४ दिल १५ मुलाकात १६ पद्मावत१७ सोहना १८ देर १९ पकड़ना २१ जवान २२—२७ मस्त २३ जवानी का ग़रूर २४ काला या सफ़ेद २५ लाल २६ फूल २८ ॥

भरे यमद्वार[१] चहै जहँ रहा। जाय न मेटा ताकर कहा ॥
ताकहँ बिलंब न कीजे बारी। जोपियआयसु[२] सोइपियारी ॥
चलहु बेग[३] आयसु भा जैसे। कन्त बोलावै रहै सो कैसे ॥
मानन कर थोरा कर लाडू। मान करत रस मानै चाडू[४] ॥
दो० साजन लिये पठाई आयसु[५] जाय न मेट।
तनमन यौबनसाज सब देइचली लै भेट ॥
पद्मिन गवन[६] हंस गये दूरी। हस्ति[७] लाजमेलाहिशिरधूरी॥
बदन[८] देख घटचन्द छिपाना। दशन[९] देखकेबीज[१०] लजाना॥
खंजन[११] छिपे देख कै नैना। कोकिलछिपी सुनतमधुबैना[१२] ॥
ग्रीव[१३] देखकर छिपा मयूरू। लंक[१४] देखकर छिपासेंदूरू[१५]॥
भौंहधनुष जोछिपा अकारा[१६]। बेनी[१७] बासुकि[१८] छिपापतारा॥
खड्ग[१९] छिपी नासिका बिशेखी। अमृतछिपा अधर[२०] रसदेखी॥
पहुँचिहिं छिपाकमल पौनारी। जंघछिपा कदली[२१] होयबारी ॥
दो० अप्सर रूप छिपाई जोहिचलै धन[२२] साज।
जहँलग गर्बगहैल जगसबैंछिपी मनलाज ॥
मिलीसो गोहन[२३] सखीतराई[२४]। लीन्हचांद सूर्य्य[२५] पहँआई॥
परश रूप चांद देखराई। देखत सूर्य्य गयो मुरझाई॥
सोरहकिरनदृष्टि[२६] शशि[२७] कीन्हा।सहस[२८] किरनसूर्यकहँलीन्हा ॥
भारबि[२९] अस्त तराई[३०] हँसी। सूर्य्यन रहाचाँद परगसी[३१] ॥
योगी आहि न भोगी कोई। खाय करकटा[३२] गयोपरसोई॥
पद्मावत निरमल[३३] जसगङ्गा। नाहिं युक्ति योगी भिखमङ्गा॥
आय जगावहिं चेला जागहु। आवा गुरू पांय उठलागहु॥
दो० बोलहिं शब्द[३४] सहेली कानलागगहि माथ।

मरनेके दमतक १ हुक्म २ जल्द ३ गुस्सा ४ हुक्म ५ चाल ६ हाथी ७ मुँह ८ दाँत ६ बिजुली १० ममोला ११ मीठीबोलो १२ गर्दन १३ कमर १४ चीता १५ आसमान १६ चोटो १७ नागराजा साँपोंका १८ तलवार १९ होंठ २० केला २१ पद्मावत २२ साथ २३ छोटे नखत २४—३० सूर्य्य २५—२६ निगाह २६ चांद २७ हज़ार २८ खिलना ३१ टुकड़ा रोटी ३२ पाक ३३ आवाज़ ३४ ॥

गोरख[1] आय ठाढ़ भा उठरे चेला नाथ ॥

गोरख शब्द शुद्ध भा राजा । रामा सुनि रावनहोय गाजा ॥
गही[2] बांह धन सेजवां आनी । अंचलओट रही छिपरानी ॥
सकुची डरी मुरी मन वारी । गहु न बांहरे योगि भिखारी ॥
ओहट[4] हो योगी तोर चेरी । आवे बास करकटा[5] केरी ॥
देखि विभूत छूत मुहिं लागा । कांपै चांद राहु सो भागा ॥
योगी तोर तपसी कै कया[6] । लागी चहै अंग मोर छया[8] ॥
वार[9] भिखार न मांगेसि भीखा । मांगेआयस्वर्ग[10] चढ़शीखा ॥

दो० योगि भिखारी कोई मन्दिर न पैसे[11] पार ।
मांगलेहु कुछभिक्षा जाय ठाढ़हो बार ॥

अन तुम कारण[12] प्रेम पियारी । राजछांड़िके भयों भिखारी ॥
नेह तुम्हार जो हिये[13] समाना । चितौर सो निसरयोंकै आना ॥
जसमालतिमहँभँवरवियोगी[14] । चढ़ावियोग चल्योंकै योगी ॥
भँवर खोज जसपावै केवा[15] । तुम कारणमैं जिवपरछेवा[16] ॥
भयों भिखार नारितुम लागी । दीप पतँग कै अँगयों आगी ॥
एकबार मरि मिलै जो आये । दूसरबार मरै कित जाये ॥
कितनेहिमीच[17] जोमरकेजिया । भँवर कमल मिलकैरसपिया ॥

दो० भँवर जोपावैकमलकहँ वहुआरत[18] वहुआस ।
भँवर होय न्योछावर कमल देय हसवास ॥

अपने मुहँ न वड़ाई छाजा । योगी कतहुँ होहिं नहिंराजा ॥
हौंरानी तू योगि भिखारी । योगिहिभोगिहि कौनचिन्हारी ॥
योगीसबै छन्द अस खेला । तू भिखार केहिमाहँ अकेला ॥
पवनबांध[19] अपसवहिं[20] अकासा ॥ मंसहिं जहांजाहिं तहँवासा ॥
येही भांति सृष्टि[21] वहु छरी । यहीभेष रावण सिय[22] हरी ॥

योगी१ पकड़ना २ पद्मावत ३ दूरहो ४ मुखा टुकड़ा रोटी ५ वदन ६—७ छाया ८ दरवाज़ा ९ आसमान१० पैठनसके११ वास्ते १२ दिल१३ दुखी १४ कमल१५ दुख१६—१७ मौत १८ मांसरोकके १९ छिपना २० दुनियां २१ सीताजी २२ ॥

भँवरहिं मीच[1] नेर जो आवा। केतकि बास लेयकहँ धावा॥
दीपक ज्योति देखि उजियारी। आय पंख ह्वैपरा भिखारी॥
दो० रयनि[2] जोदेखेचन्दमुखमसि[3] तनहोयअलोप[4]।
तुहूँयोग अस भूला होय राजाके रूप॥
अनधन[5] तूशंशेर[6] निश[7] माहां। हों दिनेर[8] जेहिके तूछाहां॥
चांदहि कहां ज्योति औकला। सूर्य्यकीज्योतिचांदनिरमला[9]॥
भँवर बास चम्पा नहिंलेई। मालति जहां तहां जिव देई॥
तुमहुत भयों पतंगकी किरा[10]। सिंहलद्वीप आय उड़परा॥
सेयों महादेव कर बारू[11]। तजा[12] अन्न भा पवनअहारू॥
तुम सों प्रीतिगांठमैं जोरी। कटै न काटै छुटै न छोरी॥
सिया[13] भीखरावणकहँदीन्ही। तूअसनिठुरअन्तरपट[14] दीन्ही॥
दो० रंगतुम्हारेरात्यों चढ्यों गगन[15] ह्वै सूर[16]।
जहँशशिशीतल कहँ तपोमन इच्छाधनपूर॥
योगि भिखारकरेसि बहुबाता। कहेसि रंग देखों तुहि राता[17]॥
कपरारँगे रंग नहिं होई। हिये[18] औट उपजै रँगसोई॥
चांदकी रंग सूर्य्य जो राता। देखीजगत साँझपरभाता[19]॥
दग्ध[20] बिरह नितहोयअँगारू। दहक आंच दग्धे संसारू॥
जो मजीठ औटै बहु आंचा। सो रंग जन्म न डोलैरांचा॥
जरै बिरह जो दीपक बाती। भीतर जरि ऊपर ह्वै राती॥
जर पलास कोइला के भेस। तब फूला राता ह्वै टेसू॥
दो० पान सुपारी खैर तहँ मिलै करै चकसून[21]।
तबलग रंग न राची जबलग होय न चून॥
धन[22] याका सुरङ्गका चूना। जेहि तननेह दग्ध[23] तेहि दूना॥
हौंतुम नेह पियरभा पानू। पेड़ी हुतसन रास बखानू॥

मौत १ रात २—७ सियाही ३ गायब ४ अपद्मावत ५ चाँद ६ सूर्य ८—१६ पाकसाफ़ ९ मानिन्द १० दरवाज़ा ११ छोड़ना १२ श्रीसीताजी १३ ओट १४ आसमान १५ लाल १७ दिल १८ भोर १९ जलाना २० रेज़ा २१ पद्मावत २२ जलन २३॥

सुनितुम्हार संसार बड़ौना[१]। योगलीन्ह तनकीन्हगड़ौना[२] ॥
करहिं जोकिंगिरीलै बैरागी। नेवती[४] होय विरहकी आगी ॥
फेरफेर तन कीन्ह भुजोना[५]। औट रक्तरंग हिरदय अवना ॥
सूख सुपारी भा मनमारा। शिरसरोत जनु करवट[६] सारा ॥
हाड़ चून भे विरहैं दही। जानै सोइ जोदग्ध[७] इमि[८] सही ॥

दो० कै सुजानि वहुपीरा जेहिं दुख ऐसो शरीर।
रक्त पियासे जे अहहिं काजानै पर पीर ॥

योगिहिवहुतछन्द[९] औराहीं। वूँद सेवाती जैसे पराहीं ॥
पड़हिंभूमि[१०]परहोयकचूरू[११]। पड़हिं कदलि[१२] परहोयकपूरू ॥
पड़हिंसमुद्र खारजल ओहीं। पड़हिं सीप सब मोती होहीं ॥
पड़हिं मेरु[१३]पर अमृत होई। पड़हिं नागमुख विषहोय सोई ॥
योगी भँवर निठुर ये दोऊ। केहि आपनभे कहो सो कोऊ ॥
एकठांव[१४]यहिथिर[१५]नरहाहीं। रसलै खेल[१६] अन्तकहँ जाहीं ॥
होयगृही पुनिहोय उदासी। अन्तकाल दोनों बिश्वासी[१७] ॥

दो० तासोंनेह जोदृढ़[१८]कराहिं थिरआछहिसहदेश।
योगी भँवर भिखारी दूररहहिं आदेश[१९] ॥

थलथलनगनहोहिंजेहिज्योती।जलजलसीपनउपजहिंमोती ॥
वनवन वृक्ष न चन्दन होई। तनतन विरह न उपजै[२०] सोई ॥
जहँउपजा सो औटमरगयो। जन्म निरार[२१] न कबहूँ भयो ॥
जलअम्बुज[२२] रवि[२३] रहैअकासा। जोप्रीति जानहुँ इकपासा ॥
योगीभँवरजोथिर[२४]नरहाहीं। जेहि खोजहिं तहँ पावै नाहीं ॥
मैंतो पावा आपन जीव। छाड़ सेवात जाय नहिं पीव ॥
भँवरमालती मिलैजोआई। सोतज[२५] आनफूल कितजाई ॥

वड़ाई १ गड़ौता २ हाय ३ मिहिमान ४ भूजना ५ शिरकटाना ६ जलन ७ इस तरह ८ मकर करना ९ ज़मीन १० नरकचूर ११ केला १२ पहाड़ १३ जगह १४ क़ायम १५ जाना १६ बेखबर १७ मज़बूत १८ सलाम १९ पैदा २० अलग २१ कमल २२ सूर्य २३ क़ायम २४ छोड़ना २५ ॥

दो० चम्पाप्रीति जो तेलहै दिनादिन आकर बास।
गलगलआप हेराय जो मुयहिं न छाड़ै पास॥

ऐसैं राजकुँवर नहिं मानो। खेलसार[1] पांसा तब जानो॥
कच्ची बारहिबार फिरासी। पक्की तौ फिर थिर नरहासी॥
रहैन आठ अठारह भाखा। सोरह सत्रह रहै सो राखा॥
सतयें धरे सो खेलनहारा। ढारा ग्यारा जासु न मारा॥
तूलीन्हेसि आछे मन ढुवा। औ यगसार चहेसि पुनि छुवा॥
हौंतूनेह रच्यों तोहि पाहीं। दसों दांव तोरे हिय[2] माहीं॥
तव चौपर खेलौं कै मया[3]। जो तरहेल[4] होय सो तिया॥

दो० जेहिमिलबिछुरनऔतपन अन्त[5] तन्ततेहिनन्त।
तेहिमिल कंचन[6] कोसहै परबिन मिलै न चन्त॥

बोलेंबचननारि सुनिसांचा। पुरुषका बोल सत्त औ बांचा॥
यहि मनलाग्योतुहिंअसनारी। दिनतोहिंपासऔरनिश[7] सारी॥
मैं पर बारहिबार मनायों। शिरसो खेल निपट जिवलायों॥
भल भांती मैं रचना राची। मारेसि तोहि सबै कै कांची॥
पाकउठायों आशक रीता। हौं जीतहि हारा तूँ जीता॥
मिलकेयुगनहिंहोहुँनिरारी[8]। कहां बीच दोती[9] दिन हारी॥
अबजिवजन्मजन्मतुहिपासा। चढ़्यों योग आयों कैलासा॥

दो० जाकर जिवबासि जेहिसे तेहि पुनि ताकरटेक[10]।
कनक[11]सुहागनबिछुड़हि औटामिलहिं जो एक॥

बेहँसीधन[12]सुनिकेसतबाता। निश्चै[13] तू मोरे रँग राता[14]॥
निश्चै भँवर कमल रसरसा। जोजेहि मनसो तेहि मनबसा॥
जब हीरामन भयो सँदेशी। तूहुत मँडफ गयो परदेशी॥
तोररूप तस देखेउँ लोना[15]। जनु योगी तू मेली टोना॥

चौपर १ दिल २ मेहरबानी ३ जो मेरे साथ बाजी हारजाय ४ आखिरको सुख ५ सोना ६—११ रात ७ अलग ८ दो तीन का क्या कामहै ९ मददगार १० पद्मावत हँसी १२ यकीन १३ मस्त १४ खूबसूरत १५॥

सिधि गुटका जोदृष्टि[1] कमाई । पारे मेल रूप व्रस[2] याई ॥
भुक्ति[3] देन कहँ मैंतुहि डीठा[4] । कमल नयनहोयभँवरजोबैठा॥
नयनपुहुप[5] तू अलि[6] भासोभी । रहाबेध तस उड़सिनलोभी ॥

दो० जाकर आशहोयजेकहँ तहँ पुनिताकर आस ।
भँवरजो दाढ़ा[7] कमलका कसनपाव रसवास ॥

कौन मोहनी धौं हुत तोही । जोतोहिबिथासोउपजी मोही ॥
बिन जलमीन[8] तपै जसजीउ । चातक[10] भयोंकहतपिउपीउ॥
जरयोंबिरह जस दीपक बाती । मग[11]जोवतभइसीपसेवाती ॥
डारडार ज्यों कोयल भई । भयोंचकोर नींद निश[12]गई ॥
मोरे प्रेम प्रेम तुहुँ भयो । राताहेम[13] अगिन ज्यों तयो ॥
हीरादिपहिं[14] जोसूर[15]उदोती । नाहतकितपाहन[16] कहँयोती ॥
रविपरकाशें कमल बिकासा । नाहतकितमधुकरकितबासा ॥

दो० तासों कौन अँतरपट[17] जो अस प्रीतम पीव ।
न्योछावर करि आपहूँ तन मन योबन जीव ॥

हँसि पद्मावत मानी बाता । निश्चै तू मोरे रँग राता ॥
तूराजा धनिकुल उजियारा । असकै चरच्यों मर्म[18]तुम्हारा॥
पै तू जम्बूद्वीप बसेरा । काजानेसि कस सिंहल मेरा ॥
काजानेसिसुमानसर[19]केवा[20] । सुनिसुभँवरभाजिवपरछेवा[21] ॥
नातू सुनी न कोई डीठी[22] । कैसें चित्र[23] होय चित पैठी ॥
जौलहिअगिनकरैनहिंभेदू[24] । तौलहिऔट चुवहिनहिंमेदू[25] ॥
कहँ शंकर तू ऐसो लखावा । मिलाअलख[26]तसप्रेमचखावा ॥

दो० जेहिके सत सँघाती ताकर डर सो अमेट ।
सोसत कहु कैसे भा दुहूँ भांत सो भेट ॥

सत्य कहूँ सुनि पद्मावती । जहँ सतपुरुष तहां सरस्वती ॥

निगाह १ पारा मिलाके चांदी किया २ भीख ३ देखना ४ फूल ५ भँवरा ६ आशिक़ ७ पैदा होना ८ मछली ९ पपीहा १० राह ११ रात १२ लालहोना १३ चमक १४ सूर्य १५ पत्थर १६ ओट १७ भेद १८ नाम तालाब १९ कमल २० जानपर खेला २१ देखना २२ तसवीर २३ सोला २४ अतर २५ ईश्वर २६ ॥

पायों सुवा कहे वह बाता। भा निश्चै देखत मुख राता[१] ॥
रूपतुम्हार सुन्योंअस नीका। नाजेहिंचढ़ा काहुँ कहँटीका ॥
चित्र कियों पुनि लैलै नाऊँ। नयनहि लाग हिये[२] भाठाऊँ ॥
हौं भा सांच सुनत वह घड़ी। तुम होयरूपआय चितचढ़ी ॥
हौंभा काठ मूर्ति मन मारे। जहँजहँ कर सब हाथ तुम्हारे ॥
तुमजो डोलावहु सोई डोला। मवन सांस जोदीन्ह तोबोला ॥

दो० कोइसोवैकोइ जागै असहौं गयोंबिमोहि[३]।
परगट गुप्त[४] न दूसर जहँ देखों तहँतोहि ॥

बिहँसी[५] धन सुनके सतभाऊ। हौं रामा तू रावण राऊ ॥
रहि जो भँवर कमलकीआसा। कस न भोग मानै रसबासा ॥
जस सत कहा कुँवर तू मोही। तसमनमोर लागपुनि तोही ॥
जबहुत कहिगा पंख सँदेशी। सुन्यों कि आवाहै परदेशी ॥
तबहुत तुम बिन रहै न जीउ। चातक[६] भयोंकहतपिउपीउ ॥
भयों चकोर सो पन्थ[७] तिहारे। समुद्रसीप जस नयनपसारे ॥
बिरह भयों दहि[८] कोयलकारी। डारडार जिमि पीउपुकारी ॥

दो० कौनसोदिन जबपिउमिलै बहुमनराता[९]जासु।
वहदुख देखै मोरसब हौंदुख देखों तासु ॥

कहि सतभाव भई कँठलागू। जनुकंचन[१०]औमिलासुहागू ॥
चौरासी आसनपर योगी। खटरस बन्दक चतुरसोभोगी ॥
कुसुम[११] मालअसमालतिपाई। जनु चम्पागहि[१२] डारनवाई ॥
कलीबेध[१३] जनु भँवर लुभाना। हना[१४] राहुअर्जुन के बाना ॥
कंचन[१५] कली जड़ी नगज्योती। बरमा सों बेधा जनु मोती ॥
नारँगजानि कीर[१६] नख दिये। अधर[१७]आम्बरसजानहुलिये ॥

लाल १ दिल २ दीवाना ३ ज़ाहिर वा छिपा ४ हँसी ५ पपीहा ६ राह ७ जलना ८ दीवाना ९ सोना १० कुसुमकी बोड़ीकी तरह छाती ११ पकड़ना १२ कलीमें भँवराने सूराख़ किया १३ तीर निशाने पर मारा १४ सोने की कलीसा बदन मोती की तरह बरमासे बेधा १५ तोता १६ होंठ १७ ॥

कौतुककेल करहिं दुख नसा। कन्दहि[1] कुरलहि जनु सर[2] हँसा॥

दो० रही बसाय बासना चोवा चन्दन मेद[3]।

जो अस पद्मिन रावी[4] सो जानै यह भेद॥

रतनसेन सो कन्त सुजानू। खटरस पण्डित सोरह बानू॥
तस ह्वै मिले पुरुष औ गोरी। जैसी बिछुड़ी सारसजोरी॥
रचीसार[5] दोनो इक पासा। ह्वै युग युग आवहिं कैलासा॥
पिय धनगहि दीन्हीगलबाहां। धन बिछुड़ी लागी उरमाहां॥
तेऊक रस नव केलकरेहीं। चोक लाय अधरन[6] रसलेहीं॥
धन[7] नवसात सात औपांचा। पूरुष[8] दश तेरह किमबांचा॥
लीन्हविधांस[9] बिरह धनसाजा। औ सबरचन जीतहतराजा॥

दो० जनहुँ औटकै मिलगये तस दोनों भये एक।

कंचन[10] कसत कसौटी हाथ न कोऊ टेक[11]॥

चतुरनारिचितअधिक[12] चहूँटी। जहांप्रेम बाढ़ी किम छूटी॥
कुरला काम कीर[13] मनुहारी। कुरलाजहँतहँसोनसुनारी[14]॥
कुरला होय कंतकर[15] तोखू। कुरला गहै पांवधन मोखू[16]॥
तेहिकुरला[17] सोसुहाग सभागी। चंदन जैस श्यामकँठलागी॥
गेंद गोंदकै जानहुँ लिये[18]। गेंदचाहि धनकोमल[19] भये॥
दाड़िम[20] दाख[21] बेलरसचाखा। पियके खेल धनजीवनराखा॥
भयो बसन्तकली मुख खोली। बैन[22] सुहावन कोकिलबोली॥

दो० पिउपिउकरतजीभधनसूखीबोलीचातक[23] भांति।

परीसो बूँदसीपजनु मोतीहिय[24] परीसुख शांति॥

भयोजूझ जस रावण रामा। सेज विधांस[25] बिरहसंग्रामा[26]॥

कुलेल १ तालाब २ अतर ३ भोगना ४ चौपड़ ५ होंठ चूसना ६ पद्मावतहारी ७ राजा जीता ८ लूटना ९ सोना १० पकड़ना ११ बहुत १२ मस्तीमें कामका तोताआया १३ जोगमें सोना सुनारके हाथमें आया १४ ग़लबा किया ख़ाविन्दने १५ ग़लबाकरके पैर औरतका वास्ते फ़राग़तके पकड़ा १६ ग़लबा १७ जैसे गेंदेने गोंदके फूलको गोद में लिया १८ गेंदासे नर्म १९ अनार २० अंगूर २१ आवाज़ २२ पपीहा २३ दिल २४ लूटना २५ लड़ाई २६॥

लीन्हलंक[१] कंचन गढ़[२] टूटा। कीन्हशिंगार अहासब लूटा॥
औ योवनमेमन्त[३] बिधांसा। बिचला बिरहजीवलै नासा॥
टूटी अङ्ग अङ्ग सब भेशा। छूटी मांग भंग भये केशा॥
कंचुक[४] चूर चूर भइ तानी। टूटि हार मोती छहरानी॥
बारी[५] ताड़ सलोनी टूटी। बांहू कँगन कलाई फूटी॥
चन्दन अङ्ग छूट तसभेटी[६]। बेसर टूटि तिलक गा मेटी॥

दो० पुहुप[७] शिंगार सँवारसब यौबन नवलबसन्त।
अरगज[८] ज्योंहियलायके मरगज[९] कीन्होंकन्त॥

बिनय करै पद्मावत बाला। सुधन[१०] सुराहीपियोपियाला॥
पिय आयसु[११] माथेपर लेऊँ। जो मांगै नय नय शिर देऊँ॥
पैपिय बचन[१२] एक सुनिमोरा। चाखौ पिय मधु[१३] थोराथोरा॥
प्रेम सुरा सोई पै पिया। लखैन कोऊ कि काहू दिया॥
चुवा दाख[१४] मधु जो इकबारा। दूसरबार लेत बेसँभारा॥
एकबार जो पीके रहा। सुखजीवन सुख भोजनलहा॥
पान फूल रस रंग करीजे। अधर[१५] अधरसों चाखाकीजे॥

दो० जो तुम चाहो सो करो नाजानों भल मन्द।
जो भावै सोहोयमोहिं तुमापिय चहूँ अनन्द॥

सुनि धन[१६] प्रेम सुराके पिये। मरनजिवनडररहिनहिंहिये[१७]॥
जहँ मधु तहां कहां निसतारा। कीसुधुमरहा की मतवारा॥
सो पीजानि पिये जो कोई। पै नअघाय जाय पर सोई॥
जाकहँ होय बार इकलाहा[१८]। रहै न वह बिन ओही चाहा॥
अर्ब दर्ब सब देइ बहाई। कै सब जाव न जाय पियाई॥
राताहिदिवस[१९] रहै सबभीजा। लाभ[२०] नदेख नदेखी छीजा[२१]॥

कमर १ सोनेकाक़िलातथाबदन २ मस्त ३ अँगिया ४ नामज़ेवर ५ राजाके मुलाक़ातसे ६ फूल ७ ख़ुशबू ८ दलमल ९ शराब मुहब्बत सुराहीसे कम कम पियो १० हुक्म ११ बात १२ शराब १३ अंगूर १४ होंठ १५ पद्मावत १६ दिल १७ फ़ायदा १८—२० दिन १९ नुक़सान २१॥

भोर होत तब पलहु शरीरू। पाय घुमरहा[1] शीतल[2] नीरू॥

दो॰ एकवार भरदेहु पियाला वारवार को मांग।
मुहम्मदकिमन पुकारे ऐसोदांवजेहिखांग[3]॥

भयो विहान उठा रवि[4] साईं। चहुँदिशि आईंनखततराईं[5]॥
सबनिश[6] सेजमिलाशशि[7] सूरू[8]। हारचीर बलियां[9] भइ चूरू॥
सुधन[10] पान चन भइ चोली। रंगरँगीलनिरँग[11] भइ डोली॥
जागतरयनि[12] भयो भिनसारा। भइ वेसँभार[13] सोत बेकरारा॥
अलक[14] तुरंगिनिहिरदय[15] परी। नारँग[16] छुइनागिनविषभरी॥
लरी[17] मुरी हिये[18] हारलपेटे। सुरसरि[19] जनुकालिन्दी[20] भेंटे॥
जनुप्रयाग[21] आरयल[22] विचमिली। बेनी[23] भइसो रोमावली॥

दो॰ नाभी लाभेते[24] गये काशी कुण्ड[25] कहाव।
देवतामरहिंकलप[26] शिरआपहिंदोष[27] नलाव॥

बिहँसि जगावहिं सखीसयानी। सूर[28] उठाउठि पद्मिनरानी॥
सुनतसूर[29] जनुकमलविकासा[30]। मधुकर[31] आयलीन्हमधुबासा॥
जनहुँमातवस[32] पानी बरसी। अतिविषभरफूलीजनुअरसी॥
नयनकमलजानहुदुइखोले। चितवनमृग[33] सोअतिजनुभूले॥
तनवेसँभार केश औ चोली। चितअचेतजनु बालीभोली॥
कमलमांझजनु केसर[34] दीठी। यौवन हुत सो गँवाई बैठी॥
भयेशशि[35] गहे गहन अस गहे। बिथरे नखत[36] सेजभररहे॥

दो॰ वेलजोराखी इन्द्रकहँ पवन बास नाहिं देहि।
लाग्योआय भँवरतेहि कली वेध रस लेहि॥

हँसिहँसि पूँछैं सखी सरेखी[37]। जनहुकुमुद[38] चन्दनमुखदेखी॥

नशा १ ठंढापानी२ कर्मा ३ सूर्य्य तथा राजा ४—८ सहेली ५ रात६ चाँद७ चूड़ी ६ पद्मावत१० वेरौनक़ ११ रात १२ वेहोश १३ बालकीलटें १४ छाती १५ तथाछातियाँ१६ पँचलरी वा सतलरी १७ छाती १८ गंगाजी तथा छाती १६ यमुना तथा छातीकेबाल २० नामतीरथ २१ नाममुक़ाम २२ त्रिवेनी २३ लालच २४ मणिकर्णिकाकुंड २५ शिर कटाना २६ गुनाह २७ सूर्य २८—२६ खिलना ३० भँवर ३१ मस्तीवर्षी ३२ हिरन ३३ सर्दरंग ३४ चाँद ३५ तथाहारकेमोती ३६ होशियार ३७ कोकाबेली ३८॥

रानी तुम ऐसी सुकुमारा। बास फूल तन जीव तुम्हारा॥
सहिनाहिंसकोहदय[1]पर हारू। कैसे सहो कन्तकर भारू॥
बदन[2]कमलबिकसत[3]दिनराती। सोकुँभलातकहोकेहिभांती॥
अधर[4]कमलजो सहतनपानू। कैसे सहा लाग मुख भानू[5]॥
लङ्क[6] जो पैग देत मुरझाई। कैसे रही जो रावन राई[7]॥
चन्दन चोंप पवन असपीव। भयो चित्र[8]सम कसभा जीव॥
दो० सबअरगज[9]मरगज[10]भयो लोचन[11]बिंब[12]सरोज[13]।
सत्य कहो पद्मावत सखी परीं सब खोज॥
कहों सखी आपन सतभाऊ। होंजोकहतकसरावन[14]राऊ॥
कांपों भँवरपुहुप[15]पर देखे। जनुशशि[16]गहनतैसिमोहिंलेखे॥
आज मर्म[17] मैं जाना सोई। जसपियारपिय औरनकोई॥
डर तबलग अहमिलानपीव। भानु[18]कीदृष्टि[19] छूटगासीव[20]॥
जतखनभानुलीन्हपरकासू[21]। कमलकलीमनकीन्हबिकासू[22]॥
हिये[23]छोह[24]उपजा[25]औसीव[26]। पिय न रिसायलेव पर जीव॥
हतजोअपारबिरहदुखदूखा। जनहुअगस्तउदधि[27]जलसूखा॥
दो० हमहुँ रंग बहु जानब लहरें जेत समुंद।
पिय लैगये चतुराई सक्यों न एको बुंद[28]॥
करि शिंगार तापन कहँ जाऊं। औही देखों ठांवहिं ठांऊं[29]॥
जो जियमहँ तो वही पियारा। तनमहँ सोइनहोयनिरारा[30]॥
नयनहि महँ तो वही समाना। देखों जहां न देखों आना॥
आपहिं रस आपहि पै लेई। अधर[31]सहस लागे रसदेई॥
हिया[32]थारकुच कंचन[33]लाडू। अगमन[34]भेट दीन्हकैचाडू[35]॥

छाती १—३२ मुंह २ खिलना ३ होंठ ४—३१ सूर्य तथा राजा ५ कमर ६ तथा राजको सुहबत ७ तसवीर ८ खुशबू ९ दलमल १० आंख ११ कुन्दरूकीतरहलाल १२ कमल १३ तथा औरत मर्दको सुहबत १४ फूल १५ चांद १६ भेद १७ सूर्य्य १८ निगाह १९ जाड़ा २० रोशनी २१ खिलना २२ दिल २३ मेहरबानी २४ पैदा २५ खिदमत २६ समुद्र २७ दांव २८ जगह २९ अलग ३० सोनेके लड्डुवासी छातियां ३३ पहिले ३४ पियार ३५॥

हुलसी[1] लंक लंक[2] सो लसी । रावन[3] रहस कसौटी कसी ॥
यौवन सभै मिला वह जाई । हौंरी विच हुत गयों हेराई ॥
दो॰ जस कुछ दीजे धरन[4] कहँ आपनलेह सँभार ।
तस शिंगार सवलीन्हेसि कीन्हेसि मोहिंठठार[5] ॥
एरी छबीली तुहिं छव लागी । नेत्र[6] गुलालकंत[7] सँगजागी ॥
चम्प सुदरशन अस भा सोई । सोन ज़र्द जस केसर[8] होई ॥
वैठि भँवर कुच[9] नारँग वारी[10] । लागीनख[11] अछरें रँगधारी ॥
अधर[12] अधरसोंभीजतँवोरी । अलकावल[13] मुरमुरगइमोरी ॥
रायसुनी[14] तुम्हओरत[15] मुहीं । अलि[16] मुखलागभईफुलचुहीं[17] ॥
जैसे शिंगार हारसों मिली । मालतिऐसिसदारहिखिली ॥
पुनि शिंगाररसकिरा[18] नेवारी । कदम सेवती पियहिंपियारी ॥
दो॰ गोंद कलीसम[19] विकसी[20] ऋतु बसंत औ फाग ।
फूलहु फरहु सदा सुख औ सुखसुफल सुहाग ॥
कहि यह बात सखी उठ धाई । चम्पावत[21] कहँ जायसुनाई ॥
आज निरँग[22] पद्मावत वारी । जीव न जाने पवन अधारी ॥
तड़क तड़क गा चंदन चोला । धड़कधड़क डरउठै न बोला ॥
अहे जो कली कमल रस पूरी । चूर चूर होयगई सो चूरी ॥
देखो जाय जैसि कुँभलानी । सुनि सुहागरानी बेहँसानी[23] ॥
ले सँग सवही पद्मिन नारी । आई जहँ पद्मावत वारी ॥
आय रूप सवहीं जो देखा । सोन[24] वरणहोय रहीसोरेखा ॥
दो॰ कुसुम फूल जस मखी निरँग[25] देख सव अंग ।
चम्पावत भइ वारी चँव केश औ भंग ॥
सव रनवास वैठि चहुँ पासा । शशि[26] मंडलजनुवैठअकासा ॥

खुश होना १ कमर २ तथा रांजा ३ धरोहर ४ खाली ५ आंख६ खाविंद ७ पीली ८—२४ छाती ९ लड़की १० नाखून लगनेसे रंग जाता रहा ११ होंटपर पानकीलाली १२ वाल १३ लाल १४ मुर्ख मुँह १५ भँवर १६ नाम चिड़िया १७ वरावर१८—१९ खिलना २० मायपद्मावत २१ वेरंग २२—२५ हँसना २३ चांद २६ ॥

बोली सबहिं बारि कुँभलानी। करहु शिंगार देहु खड़वानी[1] ॥
कमल कली कोमल रँगभीनी। अतिसुकमार लंक[2] की क्षीनी ॥
चांद जैसि धन बैठि गिरासी। सहसकिरन होय सूर्य्य बिकासी ॥
तेहिके झार[3] गहन अस गही। भइ निरंग[4] मुख ज्योति न रही ॥
दर्ब वार कुछ पुण्य करेहू। औ लै बर[5] संन्यासहि देहू ॥
भरके थार नखत गजमोती। वरती[6] कीन्ह चांद की ज्योती ॥

दो० कीन्ह अरगजा[7] मरवन औ सुख दीन्ह नहान।
पुनि भइ चांद जो चौदस रूप गयो छिपभान[8] ॥

पटवहि[9] चेर आन सब छोरी। सारी कंचुक[10] पहिर पटोरी[11] ॥
पहँदया[12] और कंस्या[13] राती[14]। छायल[15] पिंडवाही[16] गुजराती ॥
चकवा[17] चीरमखोना[18] लोने[19]। मोति लाग औ छापे सोने ॥
सुरँग चीर भल सिंहलद्वीपी। कीन्ह जो छापा धन वह छीपी ॥
पेमचा[20] डुरया[21] और बुँदेरी[22]। श्याम[23] सेत[24] पीरी औ हरी ॥
सात रंग सो चित्र[25] चितेरे। भरके दीठ[26] जाहिं नहिं हेरे ॥
चन्दनोता[27] जोखरदुक[28] भारी। बांसपूर[29] झिलमिल[30] की सारी ॥

दो० पुनि अभरण[31] बहु काढ़ा आनो भांति जड़ाउ।
फेरफेर सब पहिरहिं जैस जैस मन भाउ ॥

रतनसेन गये अपनी सभा। बैठे पाट[32] जहां अठ खँभा ॥
आय मिले चितौर के साथी। सबै बिहँसके दीन्ही हाथी ॥
राजाकर भल मानहु भाई। जें हमकहँ यहि भूमि[33] दिखाई ॥
जो हम कहँ नहिं एत नरेशू[34]। तब हम कहां कहां यहि देशू ॥
धनि राजा तुइ राज बिशेखा। जेहिकी रजाय सु सब कुछ देखा ॥
भोग बिलास सभी कुछ पावा। कहां जीभ तस अस्तुति आवा ॥

शरबत १ कमर पतली २ किसके मुलाक़ातके लूकमे ३ बेरंग ४ दरवाज़ा ५ न्योछावर ६ खुशबूदार उबटन ७ सूर्य्य ८ दारोग़ा तोशाखाना ९ अँगिया १० रेशम ११ नाम कपड़ा १२—१३—१५—१६—१७—१८—२०—२१—२२—२९—३० लाल १४ खूबसूरत १९ काला २३ सफेद २४ तसवीर २५ निगाह २६ क़िस्म लहँगा २७—२८ ज़ेवर ३१ तख़्त ३२ ज़मीन ३३ राजा ३४ ॥

अवतुमआयअन्तरपटसाजा। दरशन कहँ न तपावहुराजा॥

दो॰ नयन[1]सेराने भूखगइ देख दरश तुम आज।
आजभयो अवतार[2]नव औसवभेनये काज॥

हँसके राज रजायसु[3] दीन्हा। मैंदरशन कारण[4] तप कीन्हा॥
अपनीयोग लागअस खेला। गुरुभा आप कीन्ह तुमचेला॥
अहकमोर वर्षा[5] ऋतु देखहु। गुरू चीन्हके योग विशेषहु॥
जोतुमतप साधामोहिं लागी। अब जन हिये[6] होहु वैरागी[7]॥
जोजेहिं लाग सहै तप योगू। सो तेहिके सँग मानै भोगू॥
सोरह सहस[8] पद्मिनी मांगी। सबैदीन्ह नहिं काहू खांगी[9]॥
सबक धौरहर[10] सोने साजा। सब अपने अपने घर राजा॥

दो॰ हस्ति[11]घोर औकापर सबहि दीन्ह बड़ साज।
भयेगृहस्त सब लखपती घरघर मानहुराज॥

पद्मावत सब सखी बोलाई। चीर पटोर[12] हार पहिराई॥
शीश[13] सबनके सेंदुर पूरा। शीश पूर सब मांग सिंदूरा॥
चन्दनअगरचित्र[14] समभरीं। नयन चार जानहुँ औतरीं[15]॥
जानु कमलसँग फूली कोई[16]। औ सो चांद सँगतरई[17] उई॥
धन पद्मावत धनतोर नाहू[18]। जेहिंअभरण[19]पहिरासबकाहू॥
बारहअभरण सोरहशिंगारा। तोहिसोहेपियशशि[20]मसयारा॥
शशि सुकलंकी राहुहि पूजा। तुइ निकलंकनकोइसर[21]दूजा॥

दो॰ काहूँ बीन गहाकर[22] काहूँ नाद मृदंग।
सबदिनअनन्दबधावा रहसकूदइकसंग॥

पद्मावत कहि सुनहु सहेली। होंसोकमलतुमकुमदन[23]बेली॥
कलश मानिहोंतेहिदिनआई। पूजा चलो चढ़ावहिं जाई॥
मैंभ्र[24] पद्मावतका जोविवानू। जनुपरभात[25]उठै रतिभानू[26]॥

आंखठंडी १ नई पैदाइश २ हुक्म ३ वास्ते ४ तथा रोना ५ दिल ६ दुखी ७ हज़ार ८ कमी ९ महल १० हाथी ११ क़िस्म कपड़ा १२ शिर १३ तसवीरके बराबर १४ छोटे नखत्र १५–१७ कोकाबेली १६—२३ ख़ाविंद १८ ज़ेवर १९ चांद २० बराबर २१ हाथ २२ बीच २४ भोर २५ लाल सूर्य्य २६॥

आस पास बाजत चौं डोला[1]। ढ्ढ[2] मृदंग[3] झांझडफढोला॥
एक संग सब सोंधी[4] भरी। देव दुवारे उतर भईं खरी॥
अपने हाथ देव अन्हवावा। कलशसहस[5] इकघृत्त[6] भरावा॥
पोता मँडफ अगर औ चन्दन। देवभराअरगज[7] औबिन्दन॥

दो० कै प्रणाम[8] आगे भई बिनय[9] कीन्ह बहु भांति।
रानी कहा चलहु घर सखी होत है राति॥

भइनिश[10] धन[11] जसशशि[12] परकसी[13]।राजेंदेखिभूमि[14] फिर बसी॥
भइकटकई[15] शरदशशिआवा। फेर गगन[16] रबिचाही छावा॥
सुनि धन[17] धनुष भौंहकरफेरी। काम कटाक्ष[18] मकोरत[19] हेरी॥
जानहुँ[20] न कै बीच पै खाचौं। पितासप्त[21] हों आज न बाचौं॥
काल्ह न होय रहे सुख रामा। आज करों रावण[22] संग्रामा॥
सैन[23] शिंगार मुहूँ है सजा। गज[24] गतचालअँचलगतधुजा॥
नयनसमुद्र खड्ग[25] नासिका[26]।सरबर[27] जूझको मोसों जिता॥

दो० हों रानी पद्मावती मैं जीता सुख भोग।
तू सरबर[28] कर तासों जसयोगी तोहियोग॥

हौं अस योगि जान सबकोऊ। बीर[29] शृंगार जिते मैं दोऊ॥
वहँ तो हनू[30] बीर घट माहीं। यहँतोकाम कटक[31] तुम्हपाहीं॥
वहांतोहय[32] चढ़केमहि[33] मंडों। यहांतोअधर[34] अमीरसखंडों॥
वहां तो खड्ग नरन्दहिमारों। यहां तो बिरह तुम्हारसँहारों॥
वहांतोगज[35] पेलोंहोय केहर[36]। यहांतोकुच[37] कामिनकरहेहर॥
वहां तो लूटों कटक[38] खँडारू। यहां तोजीततुम्हारशिंगारू॥
वहां तोकुम्भस्थल[39] गजनाऊँ। यहांतोगजकलशहिकरलाऊँ॥

नाम बाजा १—२—३ सहेली ४ हज़ार ५ घीव ६ खुशबू ७ दंडवत् ८ आजज़ी ९ गत १० पद्मावत ११—१७ चांद १२ रोशनी १३ ज़मीन १४ हुक्म १५ आसमान पर सूर्य्य तथा कोठे पर जाना १६ ग़मज़ा १८ कोरसे देखना १९ भौंह चढ़ाके न बचोगे२० क़सम २१ रावणकी तरह लड़ो २२ फ़ौज २३—३१ हाथी २४ तलवार २५ नाक २६ बराबरी २७—२८ मैदान लड़ाई वा भोग २९ हनूमानजी ३० घोड़ा३२ ज़मीन३३ होंठ३४ हाथी ३५ शेर ३६ औरतकी छातीसे काम३७ फौज ३८ नाम हाथी ३९॥

दो० पड़ा बीच तब धर धर प्रेम[1] राज के टेक।
मानों भोग छहूऋतु मिलदोनों होय एक ॥

खण्डचौबीसवांछहऋतुबारहमास ॥

प्रथम[2] बसन्तनवलऋतुआई। सुऋतु चैत बैशाख सुहाई ॥
चन्दन चीर पहिरधन[3] अंगा। सेंदुर दीन्ह बेहँसि भरमंगा ॥
कुसुमहार औ परवल[4] बासू। मलयागिरि[5] छिड़का कैलासू ॥
सूर सपेती[6] फूलन दासी। धनऔ कन्तमिले सुखबासी ॥
पियसँयोग[7] धन यौवन बारी। भँवरपुहुप सँगकरहिं धमारी ॥
होय फाग भल चाचर जोरी। बिरह जरायदीन्ह जसहोरी ॥
धनशशि[9] सीर[10] तपी[11] पियसूरू[12]। नखतशिंगारहोहिंसबचूरू ॥

दो० जेहि घर कंता ऋतु भली आव बसंता नित्त।
सुखभर आवहिं देवहरे[13] दुःख न जानै कित्त ॥

ऋतु ग्रीषम की तपननहिं तहां। जेठ असाढ़ कन्त घर जहां ॥
पहिरे सुरँग चीर धन भीना। परमल[14] मेदरही तन भीना ॥
पद्मावत तन सीर[15] सुबासा। नैहर राज कंत घर पासा ॥
औ बड़ जूड़ तहां सोनारा[16]। अगर पोत सुख[17] नन्तउहारा ॥
सेत[18] बिछावन सूर सपेती[19]। भोग बिलास कराहमुखसेती ॥
अधर[20] तँबोरकपूर भीउसैना। चन्दनचरच लाव नितबैना ॥
भा अनन्द सिंहल सब कहूँ। भागवन्त कहँ सुख ऋतुछहूँ ॥

दो० दाड़िम[21] दाख[22] लेहिरसबरसहिंआंबछुहार।
हरियरतन सोटा[23] कर जो अस चाखनहार ॥

ऋतुपावस[24] बरसै पिवपावा। सावनभादौंअधिक[25] सुहावा ॥
पद्मावत चाहत ऋतु पाई। गगन[26] सुहावनभूमि[27] सुहाई ॥

प्रेमने बीचबचाव करदिया १ पहिले २ पद्मावत ३ खुशबूदार ४ चन्दन ५ तोशक लिहाफ़ ६—१८ मुलाक़ात ७ फूल ८ चांद ९ ठंडा १०—१५ गर्म ११ सूर्य १२ महादेव जी १३ बहुतखुशबू १४ रात के रहने का मकान १६ फ़र्श १७ सफ़ेद १८ होंठ २० अनार २१ अंगूर २२ तोता २३ बरसात २४ बहुत २५ आसमान २६ ज़मीन २७ ॥

कोकिल बैन पांत बग[1] छूटी । धन[2] निसरी जनु बीरबहूटी ॥
चमकबीज[3] बरसै जल सोना । दादुर[4] मोरशब्द[5] सुठलोना ॥
रँगरातीपिय सँगनिश[6] जागी । गरजे गगन[7] चौंककँठलागी ॥
शीतल बुन्द ऊँच चौपारा । हरियर सब देखै संसारा ॥
मलयसमीर[8] बास सुखबासी । बेल फूल सेज सुख दासी ॥
हरियर भूमि[9] कुसुम्भी चोला । औधनपियसँगरचोहिंडोला ॥

दो० पवन झकोरेहैहरष[10] लागै शीतलबास ।
धनजानी यहिपवनहै पवनसोअपनेपास ॥

आयशरदऋतुअधिक[11] पियारी । नाउँकुवारकातिकउजियारी ॥
पद्मावत भइ पूनो कला[12] । चौदह चांद उई सिंहला ॥
सोरह किरण शृँगार बनावा । नखतभरासूर्य्यशशि[13] पावा ॥
भानिर्मल[14] सब धर्तिअकासू । सेजसँवार कीन्ह बलदासू ॥
श्वेत[15] बिछावनऔ उजियारी । हँसहँसमिलहिंपुरुषऔनारी ॥
सोने फूलहिं पृथवी[16] फूली । पिय धनसोंधनपियसोंभूली ॥
चष[17] अंजनदैखँजन[18] दिखावा । होय सारस जोरी रसपावा ॥

दो० यहिऋतु कन्थापासजेहि सुखतिनके हियमांह ।
धन हँसलागी पियगले धनगल पियके बांह ॥

आयशिशिरऋतु[19] तहांनसीऊ । अगहन पूष जहां घरपीऊ ॥
धन[20] औपियमहँसीव[21] सुहागा । दुहूँअंग[22] एकै मिललागा ॥
मनसो मन तनसो तन गहा । हिय[23] सोहियबिचहारनरहा ॥
जानहुँ चन्दन लाग्यो अंगा । चन्दन रहे न पावे संगा ॥
भोगकरहिं सुख राजा रानी । वहँलेखे सब सृष्टि[24] जुड़ानी ॥
जूझ[25] दुहूँ यौवन[26] सों लागा । बिचहुतसीव[27] जीवलैभागा ॥

बगुला १ पद्मावत २ बिजुली ३ मेंढक ४ आवाज़ ५ रात ६ आसमान ७ हवा ८ ज़मीन ९—१६ खुश १० बहुत ११ पूर्णमासीका चाँद १२ चाँद १३ साफ़ १४ सफ़ेद १५ आँख १७ ममोला १८ जाड़ेकामौसिम १९ पद्मावत २० जाड़ा २१—२७ बदन २२ छाती २३ सारीदुनियां २४ लड़ाई २५ जवानी २६ ॥

दुहु घट मिल एकै कै जाहीं । ऐसेमिलहिंतवहीँनअघाहीं॥

दो० हंसा केलकरहिंज्यों सरवर[1] कँदनहि[2] दोउ ।
सेव पुकारे पारभा जस चकवाक बिछोउ ॥

ऋतुहेमन्त सँगपियोपियाला । मानहुँ फागुनसुखसेवसाला ॥
सूर सपेती[3] महँ दिन राती । दगल चीरपहिरहिंबहुभांती ॥
घरघर सिंहल कै सुख भोजू । रहा न कतहूँ दुखकर खोजू ॥
जहँधनपुरुष शीतनहिं लागा । जानहुँ काग देख सर भागा ॥
जाय इन्द्रसों कीन्ह पुकारा । हों पद्मावत देश निसारा ॥
यहि ऋतु सदासंग मैं सोवा । अब दरशनते भराबिछोवा[4] ॥
अब हँसकेशशि[5] सूरह[6] भेटा । अहाजो शीतबीचहुत मेटा ॥

दो० भयो इन्द्रकर आयसु[7] परसे[8]हावहिं भइसोय ।
काहु काहुकी पीरभा कोहि काहुकी होय ॥

नागमती चितौर पँथ हेरा[9] । पिययोगी पुनिकीन्ह नफेरा ॥
नागर नारि काहु बस परा । तैं बिमोह[10] मोसों चित हरा ॥
सुवा काल[11] होय लैगा पीव । पीव नजात जात पर जीव ॥
भयो नरायण बावन किरा । राज करत नलराजा छरा ॥
करण[12] वान लीन्होंकैछंदू । भरथहिं[13] भयोभिलमिला[14] नंदू ॥
मानत भोग गोपिचँद[15] भोगी । लैअपसवां[16] जलंधर योगी ॥
लैकेकंथ[17] भाकुररा[18] लोपी । कठिनबिछोहजियहिकिमिगोपी ॥

दो० सारस जोरी किमहरी मारगयो किन खाग ।
भुरभुर मांजर धन[19] भईबिरहकीलागी आग ॥

पिय वियोग[20] अस बावर जीव । पपिहा जस बोलै पिय पीव ॥
अधिक[21] काम दग्धे[22] सोकामा । हरिलै सुवा गयो पिय नामा ॥
विरह बाणतस लाग न डोली । रक्तपसीज भीजतन चोली ॥

तालाव १ मुखसे कलोल २ तोशक लिहाफ़ ३ अलग ४ चाँद ५ सूर्य ६ हुक्म ७ रामचंद्र ८ राहदेखना ९ मोहलेना १० मौत ११ नाम राजा १२ नाम योगी १३—१५ दुखपाया १४ छिपना १६ स्वाविन्द १७ कौआ १८ नागमती १९ दुख २० बहुत २१ जलना २२ ॥

संगही हीरहार हिय बारी। हरहर प्राण तजी[1] अबनारी॥
खन[2] इक आव पेटमहँ श्वासा। खनहिजायजिवहोयनिरासा॥
पवन डुलावहिं सींचहिं चोला। फिरकेनारिसमुझमुखबोला॥
प्रान पयान[3] होत को राखा। कोयलऔचातृक[4] मुखभाखा॥

दो० आह जो मारी बिरहकी आग उठी तेहि हाग।
हंस जो रहा शरीर महँ पांख जरे तब भाग॥

पाट[5] महादेव हिये[6] निहारू। समझजीवचितचेतसँभारू॥
भँवर कमलसँग होय मिलावा। सँवरनेहमालतिपुनिआवा॥
जैसी पपीहा स्वातिहि प्रीती। टेक प्यासबांधे जिय सेती॥
धर्ती जैसि गगन[7] सो नेहा। पलट फिरै बर्षाऋतु मेहा॥
पुनि बसन्तऋतु आव नवेली। सुरससुमधुकर[8] सारसवेली॥
जनअस जीव करेसि तूबारी। वहतरवर[9] पुनिउठहिंसँवारी॥
दिनदश बिनजल सूखा कांसा। पुनि सोइसरवर सोईहांसा॥

दो० मिलहिंजो बिछुड़े साजन कैकी भेंट कहन्त।
तपन मिरगसर जिनिसहैं तेअद्रापलहन्त॥

चढ़ाअसाढ़गगन[10] घन[11] गाजा। साजा बिरह दुंददलबाजा॥
धूमश्याम धौरी[12] घनधाये। श्वेतध्वजा[13] बक[14] पांति देखाये॥
खड्ग[15] बीज[16] चमकैचहुँओरा। बुन्दबान बरसहिं घनघोरा॥
उनई घटा आय चहुँ फेरी। कंत उबार मदन[17] हौं घेरी॥
दादुर[18] मोर कोकिला पीउ। गिरहिबीज घटरहै न जीउ॥
पुष्य नक्षत्र शिर ऊपर आवा। हौंबिननाह[19] मँदिरकोछावा॥
अद्रा लाग बीज भुइँ लेई। मो पिय बिनको आदर देई॥

दो० जेहिं घर कंताते सुखी तेहि गारू तेहि गर्ब[20]।
कंत पियारे बाहरे हम सुख भूला सर्ब॥

छोड़ना १ पल २ कूच ३ पपीहा ४ तालू ५ दिल ६ आसमान ७ भँवर ८ पेड़ ९ आसमान १० बादल ११ भूरी काली सफ़ेद १२ सफ़ेदपताका १३ बगुला १४ तलवार १५ बिजुली १६ कामदेव १७ मेंढक १८ खाविन्द १९ ग़रूर २० ॥

सावन बरस मेह अतवानी[1] । मरन परीहौं विरह झुरानी ॥
लाग पुनरबसु पीउ न देखा । भइ्बादर कहँ कंत सरेखा[2] ॥
रक्त[3] की आंशुपरहिं भुइँ टूटी । रेंग चलीं जनु बीरबहूटी ॥
सखिनरचा पियसंग हिंडोला । हरियरभूमि[4] कुसुम्भी चोला ॥
हिय[5] हिंडोल जसडोलै मोरा । विरहझुलावै देइ झकोरा ॥
बाट[6] असूझ अथाह गँभीरी[7] । जिव बावरभा फिरै भँभीरी ॥
जगजलबूड़ जहां लग ताकी । मोरनाव खेवक[8] बिन थाकी ॥

दो० पर्वत समुद्र अगम बन औ बीहड़घन ढंख ।
किमकर भेटूँ कन्ततुम नामो पांव न पंख ॥

भरिभादौं दुपहर अति भारी । कैसें भरों रयनि अँधियारी ॥
मँदिरसून पिय अन्तहि बसा । सेजनाग भइ दहिदहि डसा ॥
रहौं अकेल गहें इक पाटी । नयन पसार मरों हियफाटी ॥
चमकबीज घन गरजतत्राशा । विरहकालहोय जीवनिराशा ॥
बरसै मघा[9] झकोर झकोरी । मोर दुइनयनचुवैंज्यों ओरी ॥
धन[10] सूखै भर भादौं माहां । अबहुँनआयनसींचेसिनाहां[11] ॥
पुरवा[12] लाग भूमि[13] जलपूरी । आक जवास भईहौं झूरी ॥

दो० जलथलभरे अपूरसब धर्ति गगन[14] मिलएक ।
धनयौवन अवगाह[15] महँ वय बूड़ी पिय टेक ॥

लागकुँवार नीर[16] जसघटा । अबहुँ आवरे प्रीतमलुटा[17] ॥
तुहि देखों पियपलुहेकया[18] । उतराचीत[19] बहुरकरमया[20] ॥
उये अगस्त[21] हस्त[22] तनगाजा । तुरी[23] पलान चढ़ै रण राजा ॥
चित्रा[24] मीत मीन[25] घरआवा । कोकिल पीव पुकारत पावा ॥
स्वाति बूँद चातक[26] मुखपरी । सीप समुद्र मोति बहुभरी ॥

तूलाहुआ १ होशियार २ लोहू ३ ज़मीन ४—१३ दिल ५ राह ६ गहरी ७ मल्लाह ८ २३ मे[illegible] ९—१२—१६—२१—२२—२४ औरत तथा नागमती १० खाविन्द ११ आस-[illegible] १५ पानी १६ लौटके १७ बदनहराहोजाय १८ मेहरबानी २० घोड़ा [illegible] २६ ॥

सरवर[1] सँवरि हंस चलिआये। सारस कुरलेंखँजन[2] देखाये॥
भई निराश कास बन फूले। कन्त नफिरे बिदेशहि भूले॥
दो० बिरहहस्ति[3] तन शाले[4] घाय करै नितचूर।
आय बचावो बेग[5] पिय गाजहु होय सेंदूर[6]॥
कातिक शरदचन्द उजियारा। जगशीतल मोबिरहिनजारा॥
चौदह किरण चन्द परकाशू[7]। जनहु जरै सबधर्तिअकाशू॥
तन मन सेज करै इकदाहू[8]। सबकहँ चन्दभयोमोहिंराहू॥
चहूँ खण्ड लागे अँधियारा। जो घर नाहीं कन्तपियारा॥
अबहूँ निठुर आव यहिबारा। पर्ब देवारी हो संसारा॥
संग झुमकगावाहिं अँग मोरी। हों झुरवों बिछुरीजेहि जोरी॥
जेहिघरपियसोमनोरथ[9] पूजा। मोकहँ बिरहसौत दुखदूजा॥
दो० सखिमानैं त्योहार सब गाय देवारी खेल।
हौंकाखेलौं कन्त बिन रही छार[10] शिर मेल॥
अगहनदिवस[11]घटानिश[12]बाढ़ी।दुपहररयनि[13] जायकिमिगाढ़ी॥
अबधन दिवस बिरहभाराती। जरोंबिरह जस दीपकबाती॥
कांपाहिया[14] जनावा सीव[15]। तौपै जाय होय सँग पीव॥
घर घर चीर रचे सब काहू। मोर रूप सब लैगा नाहू[16]॥
पलट न बहुरा गाजो बिछोई। अबहूँ फिरै फिरै रँग सोई॥
बज्रांगिन बिरहिनहियजारा। सुलगसुलगदग्धे[17]भइछारा[18]॥
यहदुख दग्ध न जानै कन्तू। यौबन जन्म करै भसमन्तू॥
दो० पियसों कहो सँदेशरा ये भँवरा ये काग।
सोधन बिरहिनजरगईतेहिकधुवांहमलाग॥
पूषजाड़ थर थर तन कांपा। सूर्य्यजुड़ायलंकदिश[19]तापा॥
बिरह बाढ़भा दारुन[20] सीव। कँप कँप मरों लेइ हर जीव॥

तालाब १ ममोला २ हाथी ३ छेदना ४ जल्द ५ शेर ६ रोशन ७ जलाना ८—१७ कामना ९ ख़ाक १०—१८ दिन ११ रात १२—१३ दिल १४ जाड़ा १५ ख़ाविन्द १६ उत्तरतरफ़ १९ टेढ़ा २० ॥

कन्त कहां हो लागों हियरे[१] । पन्थ[२] अपारसूझनहिं नियरे ॥
सूरसपेनी[३] आवै जूड़ी । जानहु सेज हिमंचल[४] बूड़ी ॥
चकई निश बिछुड़े दिनमिला । हौं दिनरात बिरहकोकिला ॥
रयनि अकेल साथनहिं सखी । कैसे जिये बिछोही पखी ॥
विरह सुजान भयो तन जाड़ा । जियतखायओमुयेहिनछांड़ा ॥

दो० रक्तढुरा माँसूगिरा हाड़ भये सब शंख ।
धन[५] सारसहोइ रुरमुई आयसमेटहिंपंख ॥

लाग्यो माघ परै अति पाला । विरहा कालभयो जड़काला ॥
पहलपहलतनरुई जोझांपों।अहलअहलअधिको[६] हिय[७] कांपों॥
आय सूर[८] ह्वै पतरे नाहा[९] । तुहि बिन जाड़ न छूटे माहा ॥
यही माह उपजी रस मूलू । तो सुभँवर मोर यौबन फूलू ॥
नयनचुवहिंजसमहवटनीरू[१०]।तेहिबिनआगलागशिरचीरू[११]॥
टपटप बूँद परहिं जनु ओला । बिरह पवन ह्वै मारै झोला ॥
केहिकशिंगारकोपहिरपटोरा[१२] । ग्रीव[१३] न हार रहे ह्वै डोरा ॥

दो० तुम बिनकन्ताधन हरवी तन[१४] तृनबरभाडोल ।
तेहिपर बिरह जरायके चहै उड़ावा झोल ॥

फागुन पवन झकोरे महा । चौगुन सीव[१५] जायनहिंसहा ॥
तन जस पियर पात भामोरा । तेहि पर बिरहदेइझकझोरा ॥
तरवर[१६] झरहिंझरहिं वनढांखा । भईउपन्त[१७] फूलफरशाखा ॥
करहिं वनाफत[१८] कीन्हहुलासू । मोकहँ जगभा दून उदासू ॥
फाग करहिं सब चांचर जोरी । मोतनलाय दीन्हजस होरी ॥
जो पै पिये जरत अस भावा । जरतमरतमोहिं रोसनआवा ॥
रात दिवस[१९] निरभै जिय मोरें । लग्यों निहार[२०] कन्तजोतोरें ॥

दो० यहतनजारों छार[२१] कै कहों कि पवन उड़ाव ।

छाती १ राह २ तोशकलिहाफ़ ३ पालाकीतरह ४ तथा नागमती ५ बहुत ६ दिल ७ सूर्य्य ८ खाविन्द ९ पानी १० कपड़ा ११ जोड़ा १२ गरदन १३ हलकीतिनकासे १४ जाड़ा १५ पेड़ १६—१८ पैदा १७ दिन १९ तथान्योछावरहों २० राख २१ ॥

मग[1] तेहि मारग[2] कै परै कन्त धरै जहँपांव ॥
चैत बसन्ता होय धमारी। मो लेखे संसार उजारी ॥
पंचम बिरह पनच शर[3] मारी। रक्त रोय सगरे बन ढारी ॥
बूड़उठे सब तरवर[4] पाता। भीज मजीठ[5] टेसुबनराता[6] ॥
बौरे अम्ब फरे अब लागी। अबहुँ सँवरिघरआवसभागी ॥
सहस[7] भाव फूली बन पती। मधुकर[8] फिरैं सँवरि मालती ॥
मोकहँ फूल भये सब कांटे। दृष्टिहरी जनु लागहिं चांटे[9] ॥
भर यौबन[10] भइनारँगशाखा। सो अबबिरह तातहै चाखा ॥
दो० घरन परेवा[11] आवजस आय परो पियटूट।
नारि पराये हाथ है तुम बिन पांव न छूट ॥
भा बैशाख तपन अति लागी। चोला चीर चँदनभाआगी ॥
सूरज जरत हिमंचल ताका॥बिरहबिजाग[12]सौंह[13]रथहांका ॥
जरत बचासि होय पियछाहां। आय बुझाव अँगारहिंमाहां ॥
तोहि दरशनकै शीतल[14] नारी। आयआग सोकर फुलवारी ॥
लागे जरै जरै जस भारू। फिरफिरभूजेसितज्योंनबारू[15] ॥
सरवर[16]हिया[17]घटतनितजाई। तरक तरक कै कै भर आई ॥
बेहिरतहिया[18]करहुपियटेका[19]। दृष्टि[20] मयाकरमिलवहुएका ॥
दो० कमलजोविकसत[21] मानसरबिनजलगयोसुखाय।
अबहुँ बेलफिर पल्हवे जो पिय सींचहु आय ॥
जेठजरोंजग भुनाहि लुवारा। उठहिं बौंडरा परहिंअँगारा ॥
बिरह गाज[22] हनुमत ह्वैजागा। लंका दाह[23] करै तनलागा ॥
चारो पवन झकोरैं आगी। लंका दाह पलंका लागी ॥
दहभइश्यामनदीकालिन्दी[24]। बिरहकीआगकठिनअसमुन्दी ॥
उठै आग औ आवै आंधी। नयन न सूझ मरों दुखबांधी ॥

शायद १ राह २ तोरखींचके ३ पेड़ ४ लाख ५ लाल ६ हज़ार ७ भँवर ८ चींटी ९ जवाना १० कबूतर ११ भारी १२ सामने १३ ठंढा १४ दरवाज़ा १५ तालाब १६ दिल १७ छातीफटना १८ मदद १९ निगाह २० खिलना २१ बिजुली २२ जलाना २३ यमुना २४ ॥

अधजर भई मांस तनसूखा । लाग्यो विरह काल ह्वैभूखा ॥
मांसखाय अबहाड़हि लागा । अबहुँआवआवतसुनिभागा ॥
दो० गिरिसमुद्रशशि[1] मेघरवि[2] सहिनसकेयहआग ।
मुहमद सती सराही जरै जो अस पियलाग ॥
तपै लाग अब जेठ असाढ़ी । भइमोकहँयहिछाजन[3] गाढ़ी ॥
तृण तृण[4] बर भा झूरों खरी । भा बर्षा दुख आगर जरी ॥
बंध नाहिं औ खंड न कोई । नाग[5] न आवकहों कहि रोई ॥
सांठ[6] नांठ लग बात को पूँछा । बिनजिय फिरैमूँजतन छूँछा ॥
भई दुहेली[7] टेक[8] बहूनी । थांमनाह[9] उठ सके न थूनी ॥
बरषहिं मेह चुवहिं नयनाहा । छपर छपर होई बिन नाहा ॥
कोरो कहां ठाठ नव साजा । तुम बिनकंतन छाजनछाजा[10] ॥
दो० अबहूँ दृष्टि[11] मया[12] करनाथ निठुरघरआव ।
मँदिर उजाड़ होतहै नवकै आय बसाव ॥
रोय गँवाई बारह मासा ।सहस[13] सहसदुखइकइकश्वासा ॥
तिल तिल बरषबरषपरजाई । पहर पहर युग युगनसराई[14] ॥
सौंह[15] आव पिय रूप मुरारी । जासों पाव सुहाग सुनारी ॥
सांझ भई झुरझुरपँथ[16] हेरी । कौन सो घरी करी पियफेरी ॥
दहि[17] कुइला भइकन्तसनेहा । तोला मांस रहा नहिं देहा ॥
रक्त न रहा बिरह तन गिरा । रती रती ह्वै नयनहिं ढुरा ॥
पांय लगी जोरै धन[18] हाथा । जोरा नेह जोराये नाथा ॥
दो० बरस दिवस[19] धनरोयकै हारपरी चितझंख ।
मानुष घर घर बूझकै पूँछी निसरी पंख[20] ॥
भई पुँछार[21] लीन्ह बन बासू । बैरिनसौत दीन्हचिलवासू[22] ॥

चाँद १ सूर्य्य २ छावना ३ तिनकाकेबराबर ४ पत्ती ५ रुपया पासनहीं ६ दुबलो ७ बेसहारा ८ ख़ाविन्द ९ छावनी १० निगाह ११ मेहरबानी १२ हज़ार १३ मालूमहोना १४ सामने १५ राह १६ जलना १७ नागमती १८ दिन १९ जानवरपरिन्द २० मोर २१ चिल्लाना २२ ॥

हौंखरि[1] बान बिरहतन लागा । जो अबहूँ आवै घर कागा ॥
हारल[2] भई पंथ मैं सेवा । अब तुहि पठवों कौन परेवा[3] ॥
धौरी[4] पांडुक[5] कहि पियठाऊँ । जो चितरोख[6] न दूसरनाऊँ ॥
जाय बिवाही पिय कँठ लुवा[7] । करै मिलाव सोई गौरवा[8] ॥
कोकिल[9] भई पुकारत रही । महर[10] पुकार लीन्ह लै दही ॥
पेड़ातिलोरी[11] औ जलहंसा[12] । हिरदय[13] बैठिबिरहलगनंसा ॥

दो० जेहि पंखी के नेर होय कहै बिरह की बात ।
सोई पंखजर तरवर[14] जायहोय नहिं पात ॥

कुहुककुहुक जस कोयल रोई । रक्त आंश घुँघचीबन बोई ॥
भइकरमुखी नयन तन राती[15] । कोसिरावबिरहादुख ताती[16] ॥
जहँ जहँ ठाढ़ होय बनबासी । तहँतहँहोइघुँघचिन्हकीरासी ॥
बूँद बूँद महँ जानौ जीव । गूँजागूँज करहिं पिय पीव ॥
तेहि दुखभई पलास निपाती । लोहू बूड़ उठी होय राती[17] ॥
राती बिम्ब[18] भये तेहि लोहूँ । परवर पाक फटे हिय[19] गोहूँ ॥
देखों जहां सोइ कै राता । जहँ सोरतन कहै को बाता ॥

दो० नापावस[20] वह देशरा नाहिं हेवंत न बसन्त ।
ना कोकिल न पपीहरा जेहिसुनिआवैकन्त ॥

फिरिफिरि रोयकोईनहिंडोला । आधीरात बिहंगम[21] बोला ॥
तुइफिरफिरदाहे[22] सबपांखी।केहिगुनरयनि[23] नलावेसिआंखी ॥
नागमती केहि कारन[24] रोई । कासों कहूँजोकन्त बिछोई[25] ॥
मन चित हिये नउतरे भोरे । नयन कजल चष[26] रहेनसोरे ॥
कोइनजाय तेहि सिंहल दीपा । जेहिसेवात कह नयनासीपा ॥
योगीहोय निसरा सो नाहूँ[27] । तबहुन कहा सँदेशन काहूँ ॥

तिनका १ नामचिड़िया २-४—५—६ जानवर परिन्द ३ गलेलगाया ७ तथामर्द ८ नामचिड़िया ९—१०—११—१२—२१ दिल १३ पेंड़ १४ लालआंख १५ जलीहुई १६ लाल १७ कुंदरू १८ छाती १९ बरसात २० जलाना २२ रात २३ वास्ते २४ अलग २५ आंख २६ ख़ाविन्द २७ ॥

तिन पूँछों सब योगी जंगम । कहैंनकोइ निजबातविहंगम ॥

दो० चाखों चक्र उजारभये सकल सँदेशा टेक ।
कहोंविरह दुख आपन बैठसुनहु दँड एक ॥

तासों दुख कहिये हो बीरा । जेहि सुनके लागै पर पीरा ॥
कोहोय भिम[१] दिनको लैं रहा । को सिंहल पहुँचावै चहा ॥
जहां सोकन्त गयेहोय योगी । होंकिंगरी भइ झूर वियोगी[२] ॥
वह सुनके पूरी करु भेटा[४] । होंभइ भस्म नआय समेटा ॥
कथा जो कहै आय पियकेरी । पांवर[५] होहुँ जन्म भर चेरी ॥
वहके गुन सँवरत भइ माला । अबहुँन वहुरा उड़गा छाला ॥
विरह गुरु खप्पर के हिया[६] । पवन अधार रहै सो जिया ॥

दो० हाड़भई झुर किंगरी नसैं भई सब तांति ।
रोमरोम तन धुनउठै कहो विथा तेहिभांति ॥

पद्मावत सों कहो विहंगम[७] । कन्तलुभाय रहे जेहि संगम ॥
तूँ घर वरन भई पिउ हरता । मोतन जप दीन्हीं औवरता ॥
रावन कनक[९] सो तोकहँ भयो । रावट[१०] लङ्क मोहिंकै कियो ॥
तोकहँ चैन सुख मिलै शरीरा । मोकहँ हिये द्वंद दुख पीरा ॥
हमहूँ व्याह तोर सँग पीऊ । आपहिपाय जान पर जीऊ[११] ॥
अबहूँ कर माया जिव फेरो । मोहिं जियाव देहु पिय मेरो ॥
मोहिं भोगसों काज न प्यारी । सौंह दृष्टि[१२] की चाहन हारी ॥

दो० सौत न्होस तू बैरिन मोरकन्त जेहि हाथ ।
आनमिलाव एकवेरकैसे तोरपांय मोरसाथ ॥

रतनसेन की मा सरस्वती । गोपिचन्द जस मैनावती ॥
अँधरी बूढ़ी सुठ दुख रोवा । यौवन[१३] रतन कहांहोयखोवा ॥
यौवन[१४] अहा लीन्ह सो काढ़ी । भइ विनटेक[१५] करैको ठाढ़ी ॥

अर्गीतरफ़ १ नामएकस्थान २ दुर्बी ३ मुलाक़ातकर ४ जूती ५ दिल ६ नामचिड़िया ७ [illegible] ८ सोना ९ राज १० अपना पेर जानके मेरीज़िन्दगीचाह ११ मुखोनिगाह १२ जवानी १३—१४ बेसहारे १५ ।

बिन यौबन भइ आश पराई। कहां सुपतखम्भ होयआई॥
नयन दृष्टि[1] नहिं दियाबराहीं। घर अँधियार पूत जो नाहीं॥
कोरी चला श्रवण[2] की ठाउँ। टेक देह वह टकों पाउँ॥
तुम श्रवण कै कांवर सजी। डार लाय सो काहे बजी[3]॥

दो० श्रवण श्रवणके रुरमुई माता कांवर लाग।
तुमबिन पानि न पावे दशरथ[4] लावै आग॥

लैसुसँदेश बिहंगम[5] चला। उठी आग सगरी सिंहला॥
बिरह बिजाग[6] बीजको ठेगा। धूम[7] सोउठीश्याम भयेमेघा।
भरिगा गगन[8] लूक तसछूटी। कै सोनखत गिरहिं भुइँटूटी
जहँ जहँ भूमि[10] जरी भारेहू। बिरहकिदग्ध[11]भईजनुखेहू
राहु केत जस लंकाजरी। औ उड़चिनग चांदमहँ
जायबिहंगम[13]समुद्रडफारा[14]। जरे मच्छ पानी भा ॥
दाढ़ी[15] बन बीहड़ जल सीपा। जाय नेरभा सिंहल पा॥

दो० समुद्रतीर इक तरवर[16] जाय बैठ तेहि रूख
जबलगकहि नसँदेशा तबलगप्यासनभू

रतनसेन बन करत अहेरा[17]। कीन्हबही तरवर रि फेरा॥
शीतल वृक्ष समुद्र के तीरा। अतिउतंग[18] औ ह गँभीरा॥
तुरी[19] बांधिके बैठि अकेला। साथी और क सबकेला॥
देखतफिरै सो तरवर शाखा। लाग सुनै नकी भाखा॥
पंखिनमहँ जो बिहंगम अहा। नागमती ासों दुख कहा॥
पूँछहिं सबै बिहंगम[20] नामा। अहो मी[21] काहेतुमश्यामा॥
कहेसि मीत मासिकदुइ[22] भये। जम्बद्वी तहां हम गये॥

दो० नगरएक हमदेखा गढ़ ्ीर वह नाउँ।

निगाह १ नामब्राह्मणजोअंधो अंधा मा ब कोकाँवरमें लियेरहताथा २ छोड़ना ३ राजादशरथ ४ नामचिड़िया ५—१३ जहाँ रहकीबिजुलीवहाँबिजुलीक्यादुश्मनीकरे ६ धुवाँ ७ काला ८ आसमान ९ ज़मीन १० लना ११ राख १२ चिल्लाना १४ जलाना १५ पेड़ १६ शिकार १७ ऊँचा १८ घोड़ा १९ नामचिड़िया २० दोस्त २१ दोमहीना २२॥

सोदुखकहूँकहांलग हमडाढ़े[1] तेहिठाउँ[2] ॥

योगी कै निसरा सो राजा। सूननगरजानहुधुन्द[3] बाजा ॥
नागमती है ताकर रानी। जरैबिरह जस कोयल वानी ॥
अबलग जरभइ होयहै छारा[4]। कही नजाय विरहकीझारा[5] ॥
हिया फाट वह जबहीं कुहके। परैआंशु सबहोय होय लूके ॥
चहूँखण्ड छिटकी वह आगी। धर्ती जरतगगन[7]कहँ लागी ॥
बिरह दवान[8]कोजरत बुझावा। चही लाग सोहैरैं धावा ॥
हां पुनि तहां सो दाढ़ लागा। तनभा श्याम जीवलै भागा ॥

दो० कातुम हँसो गर्ब[9] के करहु समुद्र महँ केल।
मतिअन्हाविरहीविशपरहिं दहीअगिनजलमेल॥

ने चितौर राजैं मन गुना। विधि सँदेश मैं कासों सुना ॥
तरवर[10] पर पंखी बेशा। नागमती कर कहै सँदेशा ॥
क मीत मन चेतबसेरू। देव कि दानव पवन परवेरू ॥
रुद्र ह्म शिव बाचा तोहीं। सोनिजबातअन्त कहुमोहीं ॥
कहा नागमती तुह देखी। कहेसिबिरहजस मरोंबिशेखी ॥
हां राउ सोई भा योगी। जेहिकारणवहऐसोवियोगी[12] ॥
जस तू प[13] हों दिन भरों। चाहों कबहिं जाय उड़ परों ॥

दो० पल आंखतेहि मारग[14] लागीदुनहु रहाहिं।
कोउ न देशी आवहिं तेहिक सँदेश कहाहिं ॥

पूँछहि कहा सं न वियोगू[15]। योगी भया नजानहि भोगू ॥
धर्नी संग न पंगे पूरे। पानी बूड़ रात दिन झूरे ॥
तेल बैल जस बं फिरे। परे भँवर महँ सौंह[16] नटरे ॥
तुरी[17] नाउँ दाहिन र हांका। बायें फिरै कुम्हार का चाका ॥
तुहिअसनाहिंजो पंखभुलाना। उड़ै सोआव जगतमहँजाना॥
एक दीप का आयों तेरे। सब संसार पांयतर मोरे ॥

जल्था १ जगह २ अंधियारा ३ राख ४ लूक ५ छाती ६ आसमान ७ आग ८ ग़रूर ९ से ११० महादेव जी ११ दुःखी १२ जानवर पखेरू १३ राह १४ दुख १५ सामने १६ घोड़ा १७॥

दहने फिरै सो अस उजियारा। जसजग चांदसूर्य्यऔतारा॥

दो० मुहमदबायेंदिश[1] तजी एकश्रवण[2] इकआंख।
जबते दाहिनहोय मिला बोल पपीहा पांख॥

हौंध्रुव[3]अचल सोदाहिनलावा। फिरसुमेरु[4]चितोरगढ़आवा॥
देखों तोरे मँदिर घमोई। मात तोर आंधर भइ रोई॥
जस श्रवण[5]बिनअन्धीअन्धा। तसरुरमुई तोहिं चितबन्धा॥
कहेसि मरों को कांवर लेइ। पूत नाहिं पानी को देइ॥
गई प्यास लाग तुहि साथा। पानी देह दशरथ के हाथा॥
पानी न पिये आग पे चाहा। तोहिअसपूतजन्मअसलाहा॥
भागीरथी[6] होहु कर फेरा। जाय सँवारि मरनकी बेरा॥

दो० तूसपूत मन ताकर अस परदेश न लोहि।
अबताईं मुइहोयही मुयहिं जाय गत देहि॥

नागमती दुख बिरह अपारा। धर्ती स्वर्ग जरै तेहिं झारा॥
नगरकोट घर बाहेर सूना। न्योज[7] होय घरपुरुषबहूना[8]॥
तू कामरू परा बश टोना। भूलायोग छरा तोहि टोना॥
वह तुहि कारन मर भइमारा। रही नाकहोय पवनअधारा॥
कहुँ बोलहिंलै मोकहँ खाहू। मांसन काया[9] जोरुच काहू॥
बिरह मयूर[10] नाग वह नारी। तूमँजार[11]करबेग[12]गुहारी[13]॥
मांस गिरा मांजर ह्वै परी। योगी अबहुँ पहुँचलै जरी[14]॥

दो० देखबिरह दुखताकर मैं सो तजा[15] बनबास।
आयोभाग समुद्रमहँ तोह न छांडे पास॥

असपुनिजरा बिरहकरगठा[16]। मेघश्याम भये धूम जो उठा॥
दाढ़ा[17] राहु केतु गा दाधा। सूरज जरा चांद जर आधा॥
औ सब नखत तराई[18] जरीं। टूटहिं लूक धर्ति महँ परीं॥
जरै सो धर्त्ती ठावहिं ठाउँ। दहकपलाश[19] जरे तेहिंदाउँ॥

तरफ़ १ कान २ नामसितारा ३ पहाड़ ४ नाम मातापिताभक्त ५ गंगाजी ६ परमेश्वरनकरे ७ ख़ालो ८ बदन ९ मोर १० बिज्ञी ११ जल्द १२ मदद १३ बूटी १४ छोड़ना १५ ढेर १६ जलना १७ छोटेनखत १८ ढाख १९॥

बिरह दवानल निकसी भारा । दहिदहिपरवतहोहिंअँगारा ॥
भँवर पतंग जरे औ नागा । कोकिलभुजयलऔवनकागा ॥
वन पंखी सब जिवलै उडे । जल पक्षी जलमहँ दुख बुड़े ॥
दो० हमहुँजरत तहँ निकसा समुद बुझायों आय ।
समुद्रजरा पानिभा खारा धूमरहा जगछाय ॥
राजैं कहा रे स्वर्ग सँदेशी । उतरआव मोहिंमिलपरदेशी ॥
पांयटेक तहिं लावों हियरे[1] । परम सँदेश कहो कै नियरे ॥
कहा विहंगम[2] जो वनवासी । कितक गृहीते होहि उदासी ॥
जेहितरु[3] तरितुमआसनकोऊ । कोकिल काग वरावर दोऊ ॥
धर्तीमहँ विप चारा परा । हारल[4] जानि भूमि परिहरा[5] ॥
फिरों वियोगी डारहि डारा । करों चले कहँ पंखसँवारा ॥
जहवां घरी घटत नित जाहीं । साँझजीवहैदिवसहि[6] नाहीं ॥
दो० जो लहिफेरे मुक्त[7] है परों न पिंजरमाह ।
जाउँ वेगथल आपनेहै जेहिबीच निवाह ॥
कहि संदेश विहंगम[8] चला । आग लाय सगरे सिंहला ॥
घड़ी बीत राजा घर आवा । भाअलोप[9] पुनिदृष्टि[10] नआवा ॥
पंखी नाउँ न देखा पांखू । राजा रोय फिराके साखू ॥
जस हेरत[11] वह पंखहेराना । दिनकहमाहिंअसकरवपयाना[12] ॥
जोलहिप्राणपिण्ड[13] इकठाऊँ[14] । एकबार चितोरगढ़ जाऊँ ॥
आवाभँवर मँदिर जहँ केवा[15] । जीवसाथ ले गयो परेवा[16] ॥
तन सिंहल मन चितोरवसा । जिववेसँभरनागिनजिमडसा ॥
दो० जेतनारि हँसपूँछी अमी वचन[17] जिमिनिन्त ।
रसउतरा विप चढ़रहा नावहचिन्तनमिन्त ॥
वरस एक तहँ सिंहल रही । भोग विलास कीन्हजसचही ॥

दिल १ नामचिड़िया २ पेड़ ३ यह चिड़िया पेड़ नहीं छाड़ती पानी पीतेमें भी लकड़ी पंजोंमें लियेरहती ४ जमीनछोड़ी ५ दिन ६ नजात ७ नाम चिड़िया ८ गायब ९ निगाह १० ढूंढना ११ कूच १२ बदन १३ जगह १४ कमल तथा पद्मावत १५ जानवर औरन्द १६ मीठी बात १७ ॥

भा उदास जो सुना सँदेशू। सँवरिचला मन चितोर देशू॥
कमल उदासी देखा भँवरा। थिर[1] नरही मालतिमनसँवरा॥
योगी औ मन पवन परावा। कित थिर रहैजोचित्तउचाहा॥
जो जिव काढ़दे आवन कोई। योगी भँवर न आपन होई॥
चलाकमलमालति[2] हिय[3] घाली। अबकितथिरआछी अल[4] आली॥
गन्ध्रबसेन आय सुनि बारा[5]। कसाजिवभयो उदास तुम्हारा॥
दो० मैं तुमहीं जिवलावा दीन नयनमहँ बास।
जोतुम होहु उदासी यहिका कर कैलास॥
रतनसेन बिनवा कर जोरी। अस्तुति योग जीभिनामोरी॥
सहस[6] जीभ जोहोहिं गुसाईं। कीन जाय अस्तुति जहँताईं॥
कांचकिरा तुम कंचन[7] कीन्हा। तबभारतनज्योतितुम्हदीन्हा॥
गंगजो निरमल[8] नीर[9] कुलीना। नारमिले जल होय मलीना॥
तसहों अहा मलीनी[10] कला। मिलाआयतुमभानिरमला[11]॥
पान समुद्र मिलाहोय सोती[12]। पापहरानिरमल[13] भइज्योती॥
तुम मन आवा सिंहलपुरी। तुमते चढ़ा राज औ कुरी[14]॥
दो० सात समुद्र तुम राजा सरन[15] पांव कोउखाट।
सबैआय शिर नावहिं जहां तुम्हारा पाट[16]॥
औ मोबिनय[17] अबकरोंगुसाईं। तबलगकया[18] जीवतबताईं॥
आवा आज हमार परेवा[19]। पाती दीन्ह आन पति देवा॥
राज काज औ भुइँ उपराहीं। शत्रु[20] भाय असकोऊनाहीं॥
आपनआपनकरहिंसुलीका[21]। एकहि मार एकचहि टीका॥
भई अमावस नखतहि राजू। हमकहँ चन्द चलावहआजू॥
राजहमार जहां चलिआवा। लिखपठई अब होय परावा॥
वहांनेर देहली सुलतानू। होयहै भोर उठै जो भानू[22]॥

क़ायम १ तथापद्मावत २ दिल ३ भँवर ४ दरवाज़ा ५ हज़ार ६ सोना ७ पाकसाफ ८ पानी ९ बेरोशनी १० पाकसाफ़ ११ सोता १२ साफ़ १३ इज्जत १४ बराबरनहीं कोई १५ तख़्त १६ अर्ज़करना १७ बदन १८ क़ासिद १९ दुश्मन २० हद २१ सूर्य्य २२॥

दो० रहहु अमर[1] महि[2] गगन[2] लग औ जो लहहम आव ।
शीश[3] हमारा तहां नित[4] जहां तुम्हारा पांव ॥

राज सभा पुनि उठी सँवारी । अनविनती राखी पत भारी ॥
भाइन मांझ होय जनफूटी । घरके भेद लंक अस टूटी ॥
विरचा लाय न सूखन दीजै । पावै पान दृष्टि[5] सो कीजै ॥
अन राखा तुम दीपक लेसी । पै न रहै पाहुन परदेसी ॥
जाकर राज जहां चलि आवा । वही देश पै ताकहँ भावा ॥
हम दोउ नयन घालके राखहिं । एसो भाखयहि जीभन भाषहिं ॥
दिवस देहु[6] सँकुशल सिधावहिं । दीरघ आयु[7] होय पुनि आवहिं ॥

दो० सबहिं विचार परा अस भा गवनेकर साज ।
सिद्ध गणेश मनावहिं विधि[8] पुरवे मन काज ॥

विनय[9] करै पद्मावत बारी । होंपिय कमल सों गोद नेवारी ॥
मोहिं अस कहां सो मालति बेली । कदम सेवती चम्प चँबेली ॥
औ शृंगार हार जस तागा । पुहुप[10] कली अस हिरदय[11] लागा ॥
हों सुबसन्त करों नित पूजा । कुसुम गुलाल सुदरशन गूजा ॥
वकचन बिनवों रोस बिमोही[12] । सुनि बकावत जाही जूही ॥
नागेसर[13] जो मन है तोरी । पूजन सकै बोलसर मोरी ॥
हों सद बर्ग लीन्ह मैं शरना । आगे कर जो कन्त तुहि करना ॥

दो० केते नारि समुझावै भँवर[14] न काटै बेध ।
कहै मरों पै चित्तोर यज्ञ करों अश्वमेध ॥

गवन चार पद्मावत सुना । उठा धसक जिव औ शिर धुना ॥
गहवर आय नयन भर आंशू । छांडव यहि सिंहल कैलाशू ॥
छांड्यो नैहर चल्यों बिछोही[15] । यहरे दिवस[16] होहूँ तहँ रोई ॥
छांड्यों आपन सखी सहेली । दूरगवन तज चल्यों अकेली ॥

हमेशा ज़िन्दा १ ज़मीन आसमान २ शिर ३ हमेशा ४ निगाह ५ दिनक़रारदो ६ बड़ीउमरहो ७ ईश्वर ८ अर्ज़करना ९ फूल १० छाती ११ तारीफ़सुनि गुस्सानहींआता १२ तोड़ा नागमती १३ राजा राजा १४ अलग १५ दिन १६ ॥

जहां न रहनभयो निज चालू । होतहि कसन तहांभा कालू ॥
नैहर आय काहि सुख देखा । जनु होगयो स्वपन करलेखा ॥
राखतपार सोपिता निछोहा[1] । कितबिवाहके दीन्हबिछोहा[2] ॥

दो० हिये[3] आय दुखबाजा[4] जियजानहु गाछेक ।
मन तेवान के रोवै हर सँडार कर टेक[5] ॥

पुनि पद्मावत सखी बोलाई । सुनिकेगवनमिलीं सब आई ॥
मिलहु सखी हमतहँवां जाहीं । जहां जाय पुनिआवन नाहीं ॥
सात समुद्र पार वह देशू । कितरेमिलनकितआवसँदेशू ॥
अगम पंथ[6] परदेश सिधारी । नजनो कुशलकिबिथा[7] हमारी ॥
पितौनेछोह[8] कीन्हहिय[9] माहां । तहँ को हम राखै गहि बाहां ॥
हम तुम एक मिले सँगखेला । अन्तबिछोह[10] आनगेयँमेला[11] ॥
तुम असहितू सँगात पियारा । जियत जीवनहिंकरोंनिरारा[12] ॥

दो० कन्तचलाई काकरों आयसु[13] जाय न मेट ।
पुनि हममिलहिं किनामिलैं लेहु सहेलीभेट ॥

धन[14] रोवत रोईं सब सखी । हम तुमदेख आपकहँझखी ॥
तुम ऐसी जहँ रही नपाहीं । पुनिहमकाहिजोआहिपराहीं ॥
आदि पिता[15] जो रहा हमारा । वहूँनयाहिदिनहिये[16] बिचारा ॥
छोह[17] नकीन्ह निछोहा[18] ओहू । काहमदोष[19] लगाइक गोहू ॥
मकु[20] गोहूँकर हिया चराना[21] । पैसोपिता ना हिये छोहाना[22] ॥
औहम देखा सखी सरेखे । यहि नैहर पाहुन कर लेखे ॥
तब तेहिपिय नैहर ना चाहा । जेहिससुरारअधिकहोयलाहा[23] ॥

दो० चालनकहँहम अवतरी[24] चलनसिखातहँआय ।
अब सो चलन चलावै को राखै गहि पाय[25] ॥

बेदर्द १ जुदाई २ दिल ३ पहुँचा ४ ईश्वर का नाम ले ठीककरके ५ मुश्किलराह ६ दुखसुखका हाल ७ बेमेहरी ८ दिल ९—१६ जुदाई १० गरदनमें डाला ११ अलग १२ हुक्म १३ पद्मावत १४ आदम १५ मेहरबानी १७ बेदर्दी १८ पाप १९ शायद २० छाती फटी २१ मेहरबान २२ बहुत फायदा २३ पैदा २४ पैरपकड़के २५ ॥

नृपबाड़ि पिय भोजक[1] राजा । गर्व[2] क्रोध वोही पै छाजा ॥
सबफल फूल वही की शाखा । चहै सो तोडै़ चहै सो राखा ॥
आयसु[3] लेहे रहो नितहाथा । सेवा करहु लाय भुँइ माथा ॥
उर पांवर शिरऊभ[4] जो कीन्हा । पाकर तिन सूखीफर दीन्हा ॥
बेवर[5] बोड़ शीश[6] भुँइ लावा । बडफल सुफर वही पै पावा ॥
आँब जो फर के नवै तराहीं । तब अम्रत भा सब उपराहीं ॥
सोइ पियारी पियहिं पिरीती । रहै जो आयसु[7] सेवा जीती ॥

दो० पोथीकाढ़ गवनदिनदेखै कौनेदिन है चाल ।
दिशाशूलऔचक्रयोगिनीसौंहन[8] चलियेकाल ॥

आदित[9] शुक्र पश्चिमदिश राहू । वेफै दक्षिन लंकदिश[10] दाहू ॥
सोम[11] शनीचर पुरुब न चालू । मंगर बुद्ध उतरदिश कालू ॥
आवश[12] चला चहै जो कोई । औषधि कहूँ रोग नाहिं होई ॥
मंगल चलत मेलमुख धनियां । चलै सोम देखै दरपनियां ॥
शुक्रहिं चलत मेल मुखराई । वेफै चलै दक्षिन गुड़ खाई ॥
आदित तँबोल मेल मुखमुंडी । वायबरंग शनीचर खंडी ॥
बुधदधि[13] किये चलहु भोजना । औषधि यहिन आनखोजना ॥

दो० अवसुनि चक्र योगिनीते भुइँ थिर[14] न रहाहिं ।
तीसोदिन[15] सचन्द्रमा आठो दिशाफिराहिं ॥

बारह उनइस चार सताइस । योगिन पच्छमदिशा गिनाइस ॥
नौ सोरह चौबिस औ एका । पूरब दक्षिन कोन तेहि टेका ॥
तीनइ ग्यारह छबिस अठारा । योगिन दक्षिनदिशा विचारा ॥
दुइ पचीस सत्रह औ दसा । दक्षिन पश्चिम कोनबिचबसा ॥
तेइस तीस आठ पन्द्रहां । योगिन होहि पूर्व सामहां ॥
चौदह बाइस उनइस सात । योगिन उतरदिशा कहँजात ॥
बीस अठाइस तेहर पांच । उत्तर पश्चिमकोन तहँ बांच ॥

राजाभोज १ गरूर २ हुक्म ३—७ बलन्द ४ कद्दू ५ सिर ६ सामने ८ इतवार ९ [illegible] १० सोमवार ११ ज़रूरत १२ दही १३ क़ायम १४ दिन १५ ॥

दो० इकइस औ छह योगिन उत्तर पुरब के कोन।
यह गुनचक्रयोगिनी बांच जो चहे सिधि होन॥

परेवा नवे पूर्ब परँ भाये[1]। दुइज दसमी उत्तर अँदाये[2]॥
तीज एकादशअगनू मारी[3]। चौथ दुवादश नैऋत बारी[4]॥
पंचमी तेरस दक्षिन रमेशरी[5]। छठ चौदशपश्चिमपरमेशरी[6]॥
सतमी पून्यो बायब आछैं[7]। अठैं अमावस इशानलाहैं[8]॥
तिथि नक्षत्र गुरबार[9] कहीजे। सुदिन साध प्रस्थान धरीजे॥
सगुन दुघड़ियागिन साधना। भद्रा औ दिशाशूल बाचना॥
बक्र योगिनी गिने जो जाने। परचर जीत लच्छ घर आने॥

दो० सुखसमाध आनन्दघर कीन्हपयाना[10] पीव।
थरथरात तन काँपे धरकधरक जाय जीव॥

मेष सिंहधन पूरब बसी[11]। वृष कन्या मकर यम दिसी[12]॥
मिथुनतुला औकुम्भपछाहां[13]। कर्कमीन बिरछीकउतराहां[14]॥
गवनकरे कहँ उगरे[15] कोई। सनमुखसोम[16] लाभ[17] बहुहोई॥
दहिन चन्द्रमा सुख सरबदा। बायें चन्द्रायत दुख आपदा॥
अदित[18] होय उत्तरकहँ कालू। सोमकाल बायब नहिंचालू॥
भूमि[19] कालपच्छमबुधिनैऋता। गुरु[20] दक्षिनशुक्रअगनेयता॥
पूरब काल शनीचर बसे। पीठ दे कालचले सब हँसे॥

दो० धन नक्षत्र औ चन्द्रमा औ ताराबल सोय।
समय एक दिन गवने लक्ष्मी केतक होय॥

पहिले चाँद पूर्ब दिश तारा। दजे बसे इशान बिचारा॥
तीजे उत्तर सो चौथे बायब। पँचैंसोपश्चिमदिशागिनायब॥
छठयें नैऋत दक्षिन सतें। बसेजाय अग्नेयसो अठें॥

परेवा और नवींकोजानामना१ दुइज दशमी उत्तरमना२ तिथि३—११ आग्नेयमना३ तिथि४—१२ नैऋत्यमना४ तिथि५—१३ दक्षिणबुरा५ तिथि६—१४ पश्चिममना६ तिथि७ १५ बायब्यमना७ तिथि८—३० ईशानमना ८ दिन अच्छा९ कूच१० मेष सिंहधन पूरब अच्छा११ बृष कन्या मकर उत्तर अच्छा १२ मिथुन तुला कुम्भ पश्चिमअच्छा१३ कर्क मीन बृश्चिक उत्तरअच्छा१४ निकलना१५ चांद१६ फायदा१७ इतवार१८ मंगल१९ बीफे२० ॥

नवें चन्द्र जो पृथवी[1] बासा। दशयें चन्द्र जो रहै अकासा॥
ग्यारें चन्द्र पर्व फिर जाय। बहुकलेश में दिवस भँवाय[2]॥
अश्वुन[3] भरन[4] रेवती[5] भली। मृगशिर[6] मूल[7] पुनरवसु[8] बली॥
पुष्य[9] जेष्ठा[10] हस्त[11] अनुराधा[12]। जो सुख चाहै पूजे साधा॥
दो० तिथनक्षत्र औ बारह्कअष्टसातखण्ड[13] भाग।
आदिअन्त[14] बुधसोयह दुखसुखअंकमलाग॥

परेवाछठ एकादश नन्दा[15]। दुइजसत्तमी द्वादश मन्दा[16]॥
तीज अष्टमी तेरस जया[17]। चौथचतुरदश नौमीरिकया[18]॥
पूरन पूनों दशमी पांचें[19]। शुक्रे नन्दे[20] बुध भा नाचें॥
अदितसोहस्तनखतासिधिलहिये[21]। बीफेपुष्य[22] श्रवणशशिकहिये॥
भरणि रेवती[23] बुध अनुराधा। भईअमावस रोहिणि[24] साधा॥
राहु चन्द्र भूमि[25] संपति आये। चन्द्र ग्रहण तब लागसजाये॥
सुनि[26] रकाँगज अज्ञालीजे। सिद्धि योग गुरुपरवा कीजे॥
दो० जेहि नक्षत्रहोय रवि[27] वही अमावस होय।
बीचपरेवा जब मिलै सूर्य्यग्रहण तब होय॥

चलहुचलहुभापिय[28] करचालू। घडीनदेखलेत जिवकालू[29]॥
समुद्रलोक धन[30] चढ़ी बेवाना। जोदिनडरेसोआयतुलाना[31]॥
रोवहिं मात पिता औ भाई। कोउन टेक[32] जोकंत चलाई॥
रोवहिं सब नैहर सिंहला। लै बजाय के राजा चला॥
तजा[33] राज रावनका गयो। छांड़ालंक विभीषण लियो॥
फिरी सखी भेंट तज फेरा। अन्त कन्त सो भयोगुरेरा[34]॥
कोइकाहूका नाहिं नियाना[35]। मया मोह बांधा उरझाना॥

नौमीको चांदका बास ज़मीन पर १ दिन बीते २ नाम नक्षत्र ३—४—५—६—७—८—९—१०—११—१२ मानों मुल्क १३ अव्वल से आखिर तक खुशी १४ परेवा छठ एकादशी सफ़रकरना अच्छा १५ दुइज सप्तमी-द्वादशी बुराहै १६ तीज अष्टमी तेरसजीत १७ चौथ चतुरदशमें हार १८ पूरणमासी दशमी पंचमी अच्छा १९ खुशी २० इतवार को हस्तनक्षत्र अच्छा २१ नामनक्षत्र २२—२३—२४ ज़मीन २५ स्वामका विचार २६ सूर्य २७ रथमैन २८ मौत २९ पक्षामन ३० पहुँचा ३१ रोकना ३२ छोड़ना ३३ मुलाक़ात ३४ आखिर ३५॥

दो० कंचन काया[1] नारि[2] की रही नतोला मांस ।
कन्त कसौटी घालके चूरा[3] गढ़े कि हांस ॥

जो पहुँचाय फिरा सबकोऊ । चलासाथगुनअवगुन[4] दोऊ ॥
औ सँगचला गवनसब साजा । वही दई अस पारै[5] राजा ॥
डोली सहस चली सँग चेरी[6] । सबै पद्मिनी सिंहल केरी ॥
भल पटोर[7] खर[8] वार सँवारी । लाख चारइक भरी पेटारी ॥
रतन पदारथ[9] माणिक मोती । काढ़ भँडार दीन्ह रथजोती ॥
परखसो रतन पारखहिं[10] कहा । इकइकनग सृष्टिबर[11] लहा ॥
सहस पांतितुरयन[12] कीचली । औसौपांति हस्ति[13] सिंहली ॥

दो० लिखनी लाग जो लेखा कहे न पारहिं जोर ।
अर्ब खर्ब औ नीलशंख साहस पदम करोर ॥

देख दर्ब राजा गर्बाना[14] । दृष्टि[15] मांहकोइ औरनआना ॥
जोमैं होब समुद्र के पारा । को है मोहिं जगत[16] संसारा ॥
दर्ब गर्ब लोभ बिष मूरी । दंत[17] न रहे सत्य[18] हो दूरी ॥
दत्त सत्य पै दोनों भाई । दत्तन रहै सत्य पुनि जाई ॥
जहां लोभ तहँ पाप सँघाती । संचै[19] मरे आनकी थाती ॥
सिद्ध[20] दर्ब आगके थापा । कोई जरा जार कोइ तापा ॥
काहू चांद काहुभा राहू । काहू अमृत बिष भा काहू ॥

दो० तस भूला मन राजा लोभ पाप अँध कूप[21] ।
आय समुद्र ठाढ़भा कै दानी के रूप ॥

बोहित[22] भरी चलालै रानी । दान मांग सत देखीदानी[23] ॥
लोभ न कीजे दीजे दानू । दानहि पुण्य होय कल्यानू[24] ॥
दर्ब दान देई बिधि[25] कहा । दान मोक्ष[26] कै दुख नहिंरहा ॥

सोनेकी तरह बदन १ पद्मावत २ नाम ज़ेवर ३ पाप और पुण्य ४ ईश्वर पार लगावे ५ हज़ार डोली लौंडी ६ कपड़ा ७ छाती - हीरा जवाहिर ८ जोहरी १० सारी दुनियांकी क़ीमत ११ हज़ार क़तार घोड़ा १२ हाथी १३ ग़रूर किया १४ निगाह १५ बराबर १६ देना १७ सचाई १८ जोड़ना १९ साधू २० अन्धाकुवां २१ नाव २२ दान देनेवाला २३ भलाई २४ ईश्वर २५ नजात २६ ॥

दान आहि सब द्रव्य कि जरू[१] । दान लाभ कै बाचै मरू[२] ॥
दान करै रक्षा मँझनीरा[३] । दान गहे लै लावै तीरा ॥
दान करन[४] दै दुइ जगतरा । रावन सँचा[५] अगिनि महँजरा ॥
दानमेरु[६] बड़ लाग अकारा[७] । मेत[८] कुबेर बूड़ मँझधारा ॥
दो० चालिस अंश द्रव्य जहँ एक अंश तहँ मोर ।
नाहिं तजरे कि बूडै की निश[९] मूसहिं चोर ॥
सुनि सुदान राजै रिसमानी । कै बौरायस बौरे दानी ॥
साई पुरुष द्रव्य जो सैंतैं । द्रव्यहुतें सुनि बातैं ऐतैं ॥
द्रव्यते गर्ब[१०] करै जो चाहा । द्रव्यते धर्ती स्वर्ग निबाहा ॥
द्रव्यते हाथ आव कैलासू । द्रव्यते अप्सर छांड़ न पासू ॥
द्रव्यते निरगुन होगुनवन्ता । द्रव्यते कुब्जरूप[११] रुपवन्ता ॥
द्रव्यरहै भुइँदिपै लिलारा[१२] । अस मन द्रव्य हियेको पारा ॥
द्रव्यते धर्म कर्म औ राजा । द्रव्यते सुद्धि बुद्धि बलकाजा ॥
दो० कहा समुद्र रेलोभी बड़ी द्रव्य नहिं झांप ।
भयोन काहू आपन मूँद पिटारी सांप ॥
आधे समुद्र आयसो नाहीं । उठी वायु आंधी उपराहीं ॥
लहरें उठीं समुद्र उलथाना[१३] । भूला पंथ[१४] स्वर्ग नियराना ॥
अदिन[१५] आय जो पहुँचै काहू । पहन[१६] उड़ाय वहै सो बाऊ ॥
बोहित[१७] भइ लंकदिशि[१८] ताकी । मारग[१९] छांड़ कुमारग हांकी ॥
जो लै भार निबाहन पारा[२०] । सोका गर्ब[२१] करै कन्धारा[२२] ॥
द्रव्य भार सँग काहिन ऊठा । जें सैंता[२३] ताहीसो रूठा ॥
गहि पखान[२४] लै पंख न ऊड़ा । मोर मोर जेंकीन्ह सो बूड़ा ॥
दो० द्रव्य जो जानहि आपना भूलहिं गर्व मनाहिं ।
जेरि उठाय न लैसकहिं बूड़ चलहिं जलमाहिं ॥

न्योछावर १ अमिल क्षमा २ पानी में बचावे ३ नाम राजा ४ जोड़ना ५ नाम पहाड़ ६ आसमान ७ जमा करना ८ रात ९ ग़रूर १० बदसूरत ११ माथा १२ उलटना १३ राह १४ दुर्दिन १५ पत्थर १६–२४ नाव १७ लंका की तरफ १८ राह १९ जब तक होसका २० ग़रूर २१ मल्लाह २२ जोड़ना २३ ॥

केवट[1] एक बिभीषन केरा। आव मच्छकर करत अहेरा[2]॥
लंकाकर अति राक्षस कारा[3]। आवै चला होय अँधियारा॥
पांच मूड़ दश बाहीं ताही। धड़भा श्याम लंक जब दाही[4]॥
धुवां उठै मुखश्वास सँघाता[5]। निकसै आग कहै जो बाता॥
फेकरे मूँड़ चँवर जनु लाये। निकस दांत मुख बाहेर आये॥
देह रीछकी रीछ डेराई। देखत दृष्टि[6] धाय जनु खाई॥
रातेनयन[7] निडर जो आवा। देख भयावन सब डरखावा॥

दो॰ धर्ती पायँ स्वर्ग शिर जानु सहस्राबाहु[8]।
चांद सूर्य्य औ नखतमहँ अस देखैजनु राहु॥

बोहित[9] बही नमानहि खेवा। राक्षस देखि हँसा जनु देवा॥
बहुते दिनहिबार[10] भइ दूजी। अजगरकेर आय मुखपूजी[11]॥
यहिपद्मिनी बिभीषन पावा। जानहु आज अयोध्या छावा॥
जानहु रावन पाई सीता। लंका बसी राम रन जीता॥
मच्छदेख जैसेंबक[12] आवा। टोयटोय भुइँ पांव उठावा॥
आयनेर होयकीन्हजोहारू। पूँछा क्षेम[13] कुशल ब्योहारू॥
जो बिश्वासघात[14] का देवा। बड़ बिश्वास[15] करैकी सेवा॥

दो॰ कहां मीत तुम भूलेहु औ जायहु केहि घाट।
हों तुम्हार अससेवक लाय देउँ तुहिं बाट[16]॥

गाढ़[17] परे जिव बावरहोई। जो भल बात कहै भल सोई॥
राजें राक्षस नेर बोलावा। आगे कीन्ह पंथ[18] जनु पावा॥
बहुबसाव[19] राक्षसकहँबोला। पैगटेक[20] भूमि[21] सब डोला॥
तूखेवक[22] खेवक उपराहीं। बोहित[23] तीर लाव गहि बाहीं॥
तुहितें तीर घाट जो पाऊँ। नौग्रही[24] तोड़र पहिराऊँ॥

मल्लाह १ शिकार २ काला ३ जलना ४ श्वासके साथ ५ निगाह६ लाल आंख७ नाम राजा जिसके हज़ार हाथथे ८ नाव ६ खुशहुआ १० पेट भरा ११ बगुला १२ ख़ैरियत १३ दग़ाबाज़ १४ यक़ीन १५ राह १६—१८ दुख१७ खुशी १६ खड़ाहुआ२० ज़मीन २१ मल्लाह २२ नाव २३ नाम ज़ेवर २४ ॥

कुण्डल श्रवण[1] देउँ नग लाई । महराकी सौंपौं महराई ॥
तब राक्षस तोर पुरौं आसा । रक्षसाइन की रहै न वासा ॥
दो० राजैं बीड़ा दीन्हों नहिं जानों बिश्वास[2] ।
इक अपनी भुखकारन[3] होयमच्छकर दास ॥
राक्षस कहा गुसांइ बिनाती । भल सेवक राक्षसकी जाती ॥
जीना लंकदही[4] श्री रामा । सेवन छांड़ देह भइ श्यामा[5] ॥
अबहूँ सेवकरे सँग लागे । मानुष भूल होहिं नहिं आगे ॥
सेतबन्ध राघव जहँ बांधा । तेहिते चढ़ो भार[6] ले कांधा ॥
पै अबतुरत दान कुछपाऊँ । तुरतगही वहँ बांध चढ़ाऊँ ॥
तुरत जोदानपान हँसदीजे । थोरा दान बहुत पुनि कीजे ॥
सेवक राय जो दीजे दानू । दान नाहिं सेवा[7] बर मानू ॥
दो० दैवाचा[8] सतनारहा हत निरमल जेहिरूप ।
आंधी बहुत उड़ाय के मारगयो अन्धकूप ॥
जहांसमुद्र मँझधार[10] भँडारू । फिरै पानि पाताल दुआरू ॥
फिरफिर पानि वही ठांवमरै । फेर न निकसै जो तहँ परै ॥
वही ठांव महिरावन पुरी । हलकातर यमकातर[11] चुरी ॥
वही ठांव महिरावन मारा । परे हाड़ जनु पड़े पहारा ॥
परीरीड़ जेहि ताकर पीठी । सेतबन्ध[12] अस आवै दीठी ॥
राक्षस आन तहां के जुड़े । बोहित भँवर चक्र महँ पड़े ॥
फिरेलाग बोहित[13] जसआई । जस कुम्हार घर चाक फिराई ॥
दो० राजैं कहारे राक्षस जान बूझ बौरास ।
सेतबन्ध यह देखै कसनतहां लैजास ॥
सुनिबावर राक्षस तब हँसा । जानहु स्वर्ग[14] टूटि भुइँगसा ॥
को बावर तुम बौरहि देखा । जो बावर भुख लाग सरेखा ॥

कान १ गलहार २ भुक्तप्राप्ति ३ जलाना ४ काला ५ बोझ लेजासक्ता ६ खिदमत ७ खिदमत का हक़ ८ कौन ९ बीचोबीच १० यमफांस ११ पुल १२ नाव १३ आसमान १४ ॥

बावर तुम जो भूख[1] कहँ आनी । तोहि न समझी पंथ[2] भुलानी ॥
पंख जो बावर रहि धर माटी । जीभ चढ़ाय भखै सब चांटी[3] ॥
महिरावन की रीर जो परी । कहो सो सेतु बन्ध बुधि हरी ॥
यहि सो आहि महिरावन पुरी । जहवां स्वर्ग नेर घर दुरी ॥
अब पछताव द्रब्य जस जोरा । करहु स्वर्ग पर हाथ मरोरा ॥
दो० जोहि जियत महि रावन लेत जगत कर भार ।
जो मरहाड़ न लैगा अस होय परा पहार ॥
वोहित[4] भवहिं भवै सब पानी । नाचै राक्षस आश तुलानी[5] ॥
बूड़हिं हस्ति[6] घोर मानवा[7] । चहुंदिश आय जुरे मँसखवा ॥
ततखन[8] राजपंख[9] इक आवा । शिखर[10] टूटजसडहन[11] डुलावा ॥
परादृष्टि[12] वह राक्षस खोटा । ताकेसि जैसुहस्ति[13] बड़मोटा ॥
आय वही राक्षस पर टूटा । गहि[14] लेउड़ा भँवरजलछूटा ॥
वोहित[15] टूक टूक सब भई । ऐसो न जाना वह कहँ गई ॥
भये राजा रानी दुइ पाटा । दोनों बहे चले दुइ बाटा[16] ॥
दो० काया[17] जीव मिलायके मारकियो दुइ खण्ड ।
तन रोवत धरतीचला जीव चला ब्रह्मण्ड[18] ॥
मुरछ परी पद्मावत रानी । कहँजिव कहँपिव ऐसनजानी ॥
जानु चित्र[19] मूरति गहिलाई । पाटा परी बही तस जाई ॥
जन्मन पवन सही सुकवारा । तेहि सोपरादुख समुद्रअपारा ॥
लक्ष्मी माय समुद्र की बेटी । ताकहँ लच्छ[20] होय जें भेटी ॥
खेलत रही सहेली सेती । पाटाजाय लाग तेहि रेती ॥
कहेसि सहेली देखो पाटा । मूरतिआय लागि बहि घाटा ॥
जो देखहिं त्रिया है श्वासा । फूलमुवा[21] पै मुई न बासा ॥
दो० रंग जो राती[22] प्रेमकी जानहु बीरबहूट ।

भूखेकेपासआये १ राह २ चींटी ३ नाव ४ उम्मेद पूरीहुई ५ हाथी ६–१३ आदमी ७ तुरंत ८ सीमुर्ग ९ पहाड़ १० बाजू ११ निगाह १२ पकड़ना १४ नाव १५ राह १६ बदन १७ आसमान १८ तसवीरं १९ दौलत २० मुरझाना २१ लाल २२ ॥

आयचढ़ी दधि समुद्रमें पै रंग गयो न छूट ॥

लक्ष्मी लक्षण[1] बतीसों लखी । कहेसि न मरीसँभारहु सखी ॥
कागद पातिरी जैसो शरीरा । पवन उड़ाय परी मँझनीरा[2] ॥
लहर झकोर उड़ाहिं जलभीजा । तौह रूप रंग नहिं छीजा[3] ॥
आप शीश[4] लै बैठी कोरा[5] । पवन डुलावे सखि चहुँओरा ॥
यारकी समुझ परा तन जीउ । मांगेसि पानि बोल कै पीउ ॥
पानि पियाय सखी मुखधोई । पद्मिनजान कमल सँग कोई[6] ॥
तब लक्ष्मी दुख पूँछमिलोही । त्रिया समुझ बात कहु मोही ॥

दो० देखरूप तोर आगर लाग रहा चितमोर ।
केहि नगरी की नागर काहि नाउँ धनतोर ॥

नयन पसार चेत धन[7] चेती । देखी काह समुद्रकी रेती ॥
आपन कोउ न देखेसि तहां । पूँछेसि को तुम कोहम कहां ॥
अहे जो सखी कमल सँगकोई[8] । सोनाहीं मोहिं कहा बिछोई[9] ॥
कहाँजगत मन पिया पियारा ।जससुमेरु[10]बिधि[11]गरूसँवारा॥
ताकर गरवी प्रीति अपारा । चढ़ेहिये[12] जनु चढ़े पहारा ॥
रहे न गरवी प्रीतिसो झाँपी । कैसे जियों भार दुख चाँपी ॥
कमलकरी की जोरी नाँहा[13] । दीन्हबहायउदधि[14]जलमाँहा॥

दो० आवा पवन बिछोहका[15] पातिपरा बिकरार ।
तरवर[16] तजी जो चूरकै लागे केहिकी डार ॥

कहनि न जानहिं हमतोर पीउ । हम तू पाइ रहानहिं जीउ ॥
पाटा परी आय तू बही । ऐसो न जानहिं धौं कहँअही ॥
तब सुधि पद्मावत मन भई । सँवरि बिछोह[17] मुरछमरगई ॥
नयनहिं रक्त सुराही ढारा । जनहु रक्त[18] शिर काट पयारा ॥
खनहिं[19] चेत खन होबिकरारा । भा चन्दन बन्दनसब छारा[20] ॥

सबगुन आनने वाली १ पानीमें २ नुकसान ३ शिर ४ गोद ५ कोकाबेली ६ पद्मावत ७ कोकाबेली ८ [illegible] ९—१५—१७ पहाड़ १० ईश्वर ११ दिल १२ खाविन्द १३ समुद्र १४ पेड़१६ [illegible]१८ घबराकर छोड़दिया १८कभी १९ राख २० ॥

बावर होय सो परी पुनि पाटा। देहु बहाय कन्त जेहि घाटा॥
को मोहिं आगदेय रच होरी। जियत न बिछुड़ै सारसजोरी॥

दो० जेहिसर मार बिछोगा देहु वहीशिर आग।
लोगकहैं यहि सर[1] चढ़ीहों सो जरोंपियलाग॥

काया[2] उदधि[3] चितोंपियपाहां। देखोंरतन सोहिरदय[4] माहां॥
जनहु आहि दरपन मम हिया। तेहिमहँ बैठि देखावे पिया॥
नयननीर[5] भीजत मुठ दूरी। अबतेहिलाग मरों सुठझूरी॥
पिय हिरदय महँ भेंट[6] न होई। कोरे मिलाव कहों केहि रोई॥
श्वास पास नित आवे जाई। सो न सँदेश कहै मोहिं आई॥
नयन कौड़िया भइ मँडराहीं। थिरक सार पै आवहि नाहीं॥
मन भँवरा वह कमल बसेरी। कै मरजिया न आये हेरी॥

दो० साथी आथ[7] नियाथ जो सके न साथ निबाहि।
जो जिय जारे पिय मिले भेंटरे जिय जरजाहि॥

सती होय कहँ शीश[8] उघारी। घन[9] महँबीज[10] घावजिमिसारी॥
सेंदुर जरै आग जनु लाई। शिर की आग सँभार न जाई॥
छूट मांग सब मोति पराई। बारहिंबार गिराहिं जनु रोई॥
टूटहिं मोति बिछोह[11] केभरे। श्रावण बूँद गिरहिं जनु झरे॥
फेर फेर कर यौबन[12] करा। जानहु कनक[13] अग्निमहँ जरा॥
अगिन मांग पै देइ न कोई। पाहुन[14] पवन[15] पान सम होई॥
खीन लंक[16] टूटी दुख भरी। बिनरावन[17] केहिबर[18] होयखरी॥

दो० रोवत पंख बिमोही[19] जनु कोकिला अरम्भ[20]।
जाकर कनक[21] लुटा सो बिछुड़ी प्रीतम खम्भ॥

लक्ष्मी लाग बुझावे जीव। नामर बहिन मिलहि तोरपीव॥
पियो पानि होवपवन अधारी। जस हौं तुह समुद्रकी बारी[22]॥

चिता १ बदन २ समुद्र ३ दिल ४ आशू ५ मुलाक़ात ६ जो माल के साथीये ७ शिर ८ बादल ९ बिजुली १० बिरह ११ जवानी १२ सोना १३ मेहिमान १४ हवा पानी देते हैं १५ पतलीकमर १६ तथा राजारतनसेन १७ ताक़त १८ मोहजाना १९ बे-क़रार २० सोना २१ लड़की २२॥

मैं तोहिं लाग लेन पटयाटू । खोजव पितै[1] जहां लग घाटू ॥
हौं जेहि मिलौं ताहि बड़ भागू । राज पाट औ देउँ सुहागू ॥
कहि दुखायके मंदिर सिधारी । भइ ज्योनार न जेवै नारी[2] ॥
जेहि के कन्त कर होय बिछोवा[3] । कातेहि नींद भूख सुख सोवा ॥
जीव हमार पीव लै आहा । दरशन देव लेव चित चाहा ॥
दो० लक्ष्मी जाय समुद्र पहँ ये बातैं सब चाल ।
कहा समुद्र अहे घट मोरे आनमिलावोंकाल ॥
राजा जाय तहां वहि लागा । जहां न कोइ संदेशी कागा ॥
तहां एक परवत[4] हा धूँगा । जहवां सब कपूर औ मूँगा ॥
तहँ चढ़ हेरा[5] कोइ न साथा । द्रव्यसमेट कुछ लाग न हाथा ॥
रहा जो रावण केर बसेरा[6] । गोहराय कोइ मिलै न हेरा ॥
छाड़ मारके राजा रोवा । कै चितौरगढ़ राज बिछोवा[7] ॥
कहां मोर सब द्रव्य भँडारू । कहां मोर सब कटक[8] कँधारू ॥
कहां तुरंग[9] मोर बांकावली । कहां मोर हस्ति[10] सिंहली ॥
दो० कहँ रानी पद्मावत जीव बसे जेहि माहिं ।
मोर मोरके खोयों भूल गर्व[11] औगाहिं ॥
चम्पा भँवरा गुरु जोमिलावा । मांगे राजा बेग[12] न पावा ॥
पद्मिन चाह जहां सुन पाऊँ । परों आग औ पानि धसाऊँ ॥
ढूंढ़ों पर्वत मेरु[13] पहारा । चढ़ों स्वर्ग[14] औ परों पतारा ॥
कहां सो गुरु पाऊँ उपदेशी[15] । अगमपन्थ[16] कर होयसँदेशी ॥
परयों आय यह समुद्र अथाहा । जहां न वार न पार न थाहा ॥
सीता हरण राम संग्रामा । हनुमतमिला जिता तबरामा ॥
मोहिं नकोइ बिनवों[17] केहिरोई । को सहाय उपदेशिक होई ॥
दो० भँवर जो पावै कमलकहँ मनआरत[18] बहु केल ।

खान १ पञ्जावगा २ दुखाई ३ ऊँचापहाड़ ४ देखना ५ मकान ६ अलग ७ फ़ौजभारी ८ घोड़ा ९ हाथी १० [illegible] ११ जल्द १२ कोह १३ आसमान १४ राहबताने वाला १५ मुश्किलराह १६ विनती १७ दुःख १८ ॥

आयपरा कोइ हस्ति[1] तहँ चूरकिये सो बेल ॥

कासों पुकारों का पहँ जाऊँ। गाढ़े मीत[2] होय तेहि ठाऊँ[3] ॥
को यह समुद्र मथे बल बाढ़ा। को मथ रतन पदारथ काढ़ा ॥
कहां सो ब्रह्मा बिष्णु महेशू[4]। कहां सुमेरु[5] कहां वह शेशू ॥
कोअस साज देइ मोहिं आनी। बासुकि[6] दाम[7] सुमेरु[8] मथानी ॥
को दधिसमुद्र मथे जस मथा। करनी सार न कहिये कथा ॥
जौलहि मथन कोइ दे जीव। सूधी अंगुरिन न निकसै घीव ॥
लै नग मोर समुद्र भा बटा। गाढ़ परे तौ लै परगटा ॥

दो० लीलरहा अब ढील[9] है पेटपदारथ[10] मेल।
को उजियार करै जग झांपा चन्द उघेल ॥

ए गुसाइं[11] तू सिरजन[12] हारू। तुइशिरजायहि समुद्र अपारू ॥
तुइअसगगन[13] अन्तरिक्ष[14] राखा। जहांनटेक[15] नथूनिनखांभा ॥
तुइ जल ऊपर धरती राखी। जगत भार लै भार न थाकी ॥
चांद सूर्य्य और नखतहिंपाती। तोरे डर धावहिं दिन राती ॥
पानी पवन आग औ माटी। सबकी पीठ तोरहैं सांटी[16] ॥
सोइ मूरुख औ बावर अन्धा। तोहिंछांड़ चितऔरहि बन्धा ॥
घट घट जगत तोर है दीठी[17]। हौं अन्धा जेहि सूझ नपीठी ॥

दो० पवन[18] हिये[19] भा पानी पानि हिये भइ आग।
आग हिये भइ माटी गोरखधन्धे लाग ॥

तुइँ जिवतन मिल बसदेआऊ। तुहींबिछोवस[20] करेसिमिलाऊ ॥
चौदहभवन[21] सो तोरे हाथा। जहँलगबिछुड़ीआवइकसाथा ॥
सब कर मर्म[22] भेदतोहिपाहां। रोम जमावसि टूटी जाहां ॥
जानेसि सबै अवस्था[23] मोरी। जस बिछुड़ी सारस की जोरी ॥

हाथी १ पियारादोस्त २ जगह ३ महादेवजी ४ पहाड़ ५—८ नामराजासँप्रोंका ६ रस्सी ७ बेडर ९ लालजवाहिर १० ईश्वर ११ पैदाकरनेवाला १२ आसमान १३ बीचोबीच मैलटकाहुआ १४ सहारा १५ कोड़ा १६ निगाह १७ हवा १८ दिल १९ जुदाई २० सात परदाआसमान सातपरदाज़मीन २१ भेद २२ हाल २३ ॥

एक मुई दूसर मुई सो दूजी । रहा न जाय आयु[1] अब पूजी ॥
भूसन तपन दग्ध[2] का मरों । कलपों[3] माथ वेग[4] निस तरों[5] ॥
मरों सो ले पद्मावत नाऊँ । तुइं कर्त्तार[6] करेसि इकठाऊँ ॥

दो० दुख तो प्रीतम देखिये सुख नाहिं सोवे कोय ।
यही ठांउ[7] तन डरपे मिलन बिछोवा[8] होय ॥

कहिके उठा समुद्र महँ आवा । काढ़ि कटार ग्रीव[9] लै लावा ॥
कहा समुद्र पाप अब घटा । ब्राह्मण रूप आय परगटा[10] ॥
तिलक दुवादश मस्तक दीन्हे । हाथ कनकवैशाखी[11] लीन्हे ॥
मुद्राश्रवण[12] जनेऊ कांधे । कनक पत्र[13] धोती तरिबांधे ॥
पांवर[14] कनक जड़ाऊ पाऊँ । दीन्ह अशीश आय तेहि ठाऊँ ॥
कहो कुँवर मोसे सत बाता । काहे लाग करेसि अपघाता[15] ॥
परहँसि[16] मरेसि किकौने लाजा । आपन जिव देइस केहि काजा ॥

दो० जन कटार गर लावसि समझ देख मन आप ।
सकत जीव जो काढ़ेसि महादोष[17] औ पाप ॥

को तुम उत्तर[18] देइ हो पांड़े । सो बोलै जाकर जिवभांड़े[19] ॥
जम्बूद्वीप केर हौं राजा । सोमैं कीन्ह जो करतनछाजा[20] ॥
सिंहलद्वीप राज घर बारी । सो मैं जाय बिवाही नारी ॥
लख बोहित[21] दायज ते भरी । नग अमोल औसबानिरमरी[22] ॥
रतन पदारथ माणिक मोती । हती न खांगीसम्पति[23] ओती ॥
बहल घोड़ हस्ती[24] सिंहली । औसँग कुँवर लाख दुइबली ॥
तेहि गोहन[25] सिंहल पद्मिनी । इक सो एक चाह रुपमनी ॥

दो० पद्मावत जग रूप मन कहँ लग कहूँ उहेल ।
ते समुद्र महँ खोयों हौं का जियों अकेल ॥

उमरतमाम १ जलाना २ गिरकटाना ३ जल्द ४ नजात ५ ईश्वर ६ जगह ७ जुदाई ८ गर्दन ९ ज़ाहिर १० सोनेकीलाठी ११ कानमेंबाली १२ सोनेकीपटरी १३ खड़ाऊं १४ खुदकुशी १५ निन्दामेंहँसी १६ पाप १७ जवाब १८ बदनमेंजान १९ सज़ावार २० साथ २१ माफ़ २२ दौलत २३ हाथी २४ साथ २५ ।

हँसा समुद्र होय उठा अजूरा[1]। जग जो बूड़ सबकहिकहिमोरा॥
तोर होय तोहि परै[2] न बेरा। बूझ बिचार तुहीं कहु केरा॥
हाथ मरोर धुनै शिर मांखी। पै तोहि हिये[3] न उघरे आंखी॥
बहुतें आयगये शिर मारा। हाथ न रहा झूंठसंसारा॥
जोपै जगत[4] होतथिर[5] माया[6]। सैंतत[7] सिद्धि न पावत राया[8]॥
सिद्धे द्रव्य न सैंता गाड़ा। देखा भार चूँब कै छाड़ा॥
पानी की पानी महँ गई। तुइँजोजिया कुशल[9] सबभई॥
दो० जाकरदीन्हजीव औकाया[10] लेहिचाह जबचाव।
धन लक्ष्मी सब ताकर लिये तो का पछताव॥
अनपांड़े[11] पर कहि काहानी[12]। जो पाऊँ पद्मावत रानी॥
तप[13] के पावा मिल के फूला। पुनितेहिखोइसोईपँथ[14] भूला॥
पुरुषन आपन नारिसराहा[15]। मुयेगये[16] सँवरा पै चाहा॥
कहँ असनारि जगत उपराहीं। कहँअसजीवमिलनसुखछाहीं॥
कहँअस रहसभोग अबकरना। ऐसे जिये चाहि भल मरना॥
जहँअसपरीसमुद्र नगदिया[17]। तेहि किम जियाचहै मरजिया॥
जस ये समुद्र दीन्ह दुख मोका। देहत्या झगरों शिवलोका[18]॥
दो० कासैं यहिक नसावा कासैं सँवरा दांव।
जायस्वर्ग[19] परहोयहै यहिकरमोरनियाव॥
जो तुमुवा कित रोवस खरा। ना मुर[20] मरै न रोवै मरा॥
जो मरभा औ छांड़ेसि काया[21]। बहुर[22] न करै मरनकी दाया॥
जो मर भयो न बूड़ै नीरा[23]। बहत जाय लागे पै तीरा[24]॥
तुहों एक मैं बावर भेटा[25]। जैस राम दशरथ कर बेटा॥
वहू नारि कर पड़ा बिछोवा[26]। वही समुद्र महँ फिरिफिरि रोवा॥

रोशनी १ तेरेपासरहिती २ दिल ३ दुनियाँ ४ क़ायम ५ दौलत ६ फ़क़ीरजमान करता ७ राजा ८ खैरियत ९ बदन १०—२१ ऐब्राह्मन ११ नुक़सान १२ मेहनतसे १३ राह १४ तारीफ़ १५ मरनपीछे १६ जवाहिरचिरागकीतरहरोशन १७ ईश्वरकेसामने१८ आसमान १९ हिलना २० फिर २२ पानी २३ किनारा २४ मुलाक़ात २५ जुदाई २६ ॥

पुनि जो राम खोई[1] भा मरा । तब एकांत भयो मिल तरा ॥
तस मर होहु मूँद अब आंखी । लावों तीर[2] टेक[3] बैशाखी ॥
दो० बावर अन्ध प्रेम का लुब्धा[4] सुनत वही भा बाट ।
निमिष[5] एक महँ लेगा पद्मावत जेहि घाट ॥
पद्मावत कहँ दुख तस बीता । जस अशोक बिरवा तरिसीता ॥
कनक[6] लता दुइ नारंग भरी । तेहिकभार उठ सकै नाहिं खरी ॥
तेहि पर अलकभुअंगिनि[7] डसा । शिर परचढ़े हिये[8] परगसा ॥
रहि मरनाल[9] टेक दुख दाढी । आधीकमलभई शशि[10] आधी ॥
नलिन[11] खण्डदुइतस करहाऊँ । रोमावली[12] बिछूक कहाऊँ ॥
रही टूट जिमि कंचन[13] तागू । को पिय मिलवै देइ सुहागू ॥
पान न खावै करै उपासू । फूल सूख तन रही न बासू ॥
दो० गगनधर्ति[14] जल बुड़गये बूड़तहोय निसास ।
पिय पियचातक[15] ज्योंररी मरैसेवात पियास ॥
लक्ष्मी चंचल नारि परेवा । जेहि सत[16] होय छरै कै सेवा ॥
रतनसेन आवै जेहि बाटा[17] । अगमन[18] जायबैठ तेहिघाटा ॥
औ भई पद्मावत रूपा । कीन्हेसि छांह जरै जेहि धूपा ॥
लखसोकमल भँवरहोयधावा । श्वास लीन्ह वह बासन पावा ॥
निरखत[19] आयलक्ष्मीदीठी[20] । रतनसेन तब दीन्हीं पीठी ॥
जो भल होत लक्ष्मी नारी । तज महेश[21] कितहोतभिखारी ॥
पुनि धन[22] फिर आगे ह्वै रोई । पुरुष पीठ कस दीन्ह निछोई[23] ॥
दो० हौं रानी पद्मावत रतनसेन तुहँ पीउ ।
आयसमुद्रमहँ छांडे अबरोयदेतमैंजीउ ॥
मैं हों सोई भँवर औ भोजू[24] । लेत फिरोंमालति कर खोजू[25] ॥

बहुतकोशिशकिया १ किनारा २ लाठीपकड़ ३ मस्त ४ पल ५ सोनेकीडाली तथाछाती ६ यानीनागिनकीतरह ७ छाती ८ कामरपकड़के ९ चाँद १० कमल ११ छातीकेबाल १२ सोना १३ आसमानज़मीन १४ पपीहा १५ सच्चेकोछलती १६ राह १७ पहिले १८ देखना १९ देखा २० महादेवजी २१ पद्मावतरूपलक्ष्मी २२ बेदर्द २३ राजाभोज २४ पता २५ ॥

मालति नारि भँवर अस पीउ। कहँ वह बासरहै थिर [1]जीउ॥
कातुइँ नारि करेसि अस रोई। फूल सोई पै बास न होई॥
भँवर जो सब फूलन कर फेरा। बासन लेइ मालतिहि हेरा[2]॥
जहां पाव मालति कर बासू। वर्तों[3] जिव दै होवै दासू॥
कित वहबास पवन पहुँचावे। नव[4] तनहोय पेट जिव आवे॥
हों वह बासजीव बल देऊँ। और फूलकी बास न लेऊँ॥

दो० भँवर मालतिहि पै चहै काँटन आवै दीठ[5]।
सौंहैं[6] भाल खायेहिये[7] पै फेरै नहिं पीठ॥

तब हँस कह राजा वह ठाऊँ। जहांसो मालति चललैजाऊँ॥
लै सो आय पद्मावत पासा। पानि पियाई मरत पियासा॥
पानी पिया कमल जस तपा। निकसासूर्य्य समुद्रमहँ छिपा॥
मैं पावा पिय समुद्र के घाटा। राजकुँवर मनदिपै ललाटा[8]॥
दशन[9] दिपै जस हीरा ज्योती। नयन कचूर[10] भरेजनु मोती॥
भुजा[11] लंकउर केहर जिता। मूरति कान्ह देखि गोपिता॥
जस नल तपतै दमनहिं[12] पूंछा। तसबिन प्राण पिंड[13] है छूंछा[14]॥

दो० जस तुइँ पदक[15] पदारथ तैस रतन तुहिं योग।
मिला भँवर मालति कहँ करहु दोउ दिश भोग॥

पदक पदारथ खीन जो होती। सुनतहि रतन चढ़ी मुखज्योती॥
जानहु सूर्य्य कीन्ह परकाशू[16]। दिन बहुरा भा कमल बिकासू[17]॥
कमलजोबिहँससूर्य्यमुखदरसा। सूर्य्य कमल दृष्टि[18] सो परसा॥
लोचन[19] कमलश्रीमुखसूरू[20]। भयोअत्यंत[21] दुहूँ रस रूरू॥
मालति[22] देख भँवर[23] गा भूली। भँवर देख मालति बन फूली॥
देखा दरश भये इक पासा। वह वहकी वह वहकी आसा॥

कायम १ देखना २ न्योछावर ३ नयावदन ४ निगाह ५ सामने काँटा ६ छाती ७ शिर ८ दाँत ९ कटोरी १० बाँहु कमर छाती चीता कीसी ११ राना दमन १२ बदन १३ खाली १४ लाल जवाहिर १५ रोशनी १६ खिलना १७ निगाह १८ आँख १९ सूर्य्य २० दोनोंखुश हुये २१ तथा पद्मावत २२ तथा राजा २३॥

कंचन[1] दाह दीन्ह जनु जीव। उगा सूर्य्य छूटगा सीव[2] ॥

दो० पाँयपरी धन पीयके नयनन सो रज मेंट।
अचरजभयोसबनकहँ भइशशि[3]कमलहिभेंट॥

जन काहू कहँ होय बिछोऊ[4]। जस वेमिले मिलै सब कोऊ ॥
पद्मावत जो पावा पीऊ। जनु मरजिये परा तन जीऊ ॥
कै न्योछावर तन मन वारें। पांयन परी घाल कै नारें[5]॥
नव[6] अवतारदीन्हविधि[7] आजू। रही छार[8] मानुष भइ साजू ॥
राजा रोय घाल गरे[9] पागा। पद्मावत के पांयन लागा ॥
तनजियमहँविधि[10]दीन्हविछोऊ। असनगरी तवचीन्ह न कोऊ॥
सोई मार छार[11] के मेंटा। सोइ जियाय करावे भेंटा ॥

दो० मुहमद मीत जो मन वसै तेहीमिला विधि आन।
संपति विपति पुरुष कहँ काहलाभ[12] का हान[13] ॥

लक्ष्मी सों पद्मावत कहा। तुम प्रसाद पायों जो चहा ॥
जो सब खोय जाहिं हम दोऊ। जो देखै भल कहै न कोऊ ॥
जेसब कुँवर आय हम साथी। औजित हस्ति[14] घोरआवाथी॥
जो पावे सुख जीवन भोगू। नाहित मरन भरन दुख रोगू ॥
तवलक्ष्मी गइ पिता[15] के ठाऊँ। जो यहि कर सब बूड़ सोपाऊँ॥
तब सो जरी अमृत[16] लैआवा। जो मरहत[17] सोछिड़काजियावा ॥
एक एक कै दीन्ह सो आंनी। भा संतोष[18] मन राजा रानी॥

दो० आय मिले सब साथी हिलमिल कराहिं अनन्द।
भई प्राप्त सुख संपति गयो छूट दुख धन्ध॥

और दीन्ह बहुरतन पषाना[19]। सोनरूप जोमनहिं न आना॥
जे बहु मोल पदारथ[20] नाऊँ। कातेहि वरन[21] कहूं तुमठाऊँ॥
तेहिकर भाव रूप को कहा। इक इक नग सृष्टि[22] वरलहा॥

मोना ओटाहुआ १ जाड़ा २ चौद ३ जुदाई ४ गरदन ५ नई पैदायश ६ ईश्वर ७-१० राख ८ गलेमें पगड़ी ९ धूर ११ फ़ायदा १२ नुक़सान १३ हाथी १४ वाप १५ संजीवनमूर १६ जोमरगयेथे १७ मन्न १८ पत्थर १९ जवाहिर २० रंग २१ दुनियां का मोल २२ ।

हीर फार बहु मोल जो अही। ते सब नग चुन चुनकेगही[1]॥
जो इक रतन भुनावै कोय। करै सोई जो मन महँ होय॥
द्रव्य गर्ब[2] मन गयो भुलाई। हम[3] समलच्छमनहिंनाहिंआई॥
लघुदीरघ[4] जो द्रव्य बखाना। जो जेहि चहीसोई तेहिमाना॥
दो० बड़ औ छोट दोउसम स्वामि कारजी सोय।
जोचाही जेहि काज कहँ वही काज सो होय॥

खण्ड उनतीसवां समुद्र और लक्ष्मी खण्ड॥

दिन दश रही जाय पहुनाई। पुनि भइ बिदा समुद्र सोजाई॥
लक्ष्मी पद्मावत सो भेंटी। जो सो कहा अपनी सो बेटी॥
समुद्र न दीन्ह पानकर बीरा। भरके रतन[5] पदारथ हीरा॥
और पांच नग दीन्ह बिशेखी। श्रवण[6] सुनी नयन नहिं देखी॥
एक सो अमृत दूसर हंसू। औ तीसर पंखी कर बंसू॥
चौथ दीन्ह सावक[7] सादूरू। पांचों परस जो कंचन[8] मूरू॥
तुरत तुरङ्गम[9] दोउ चढ़ाई। जल मानुष अगवा सँग लाई॥
दो० भेंट[10] समुंदिन[11] तबकियो फिरे नायके माथ।
जलमानुष तबहींफिरे जबसोआयजगनाथ॥

जगन्नाथ दरशन कहँ आये। भोजन रींधा भात पकाये॥
राजैं पद्मावत सों कहा। साँठ[12] नाँठ कछु गाँठ न रहा॥
साँठ[13] होय जासों सो बोला। नष्ट[14] जोपुरुष[15] पातज्योंडोला॥
सांठें[16] रंक चलै भौराई[17]। नष्ट राव[18] सब कहँ बौराई॥
सांठें आव गर्ब[19] तन फूला। नष्टहि[20] बोल बुद्धि बल भूला॥
सांठें[21] जागनींदनिशि[22] जाई। नष्टे[23] कहै होय अँधाई॥
सांठें दृष्टि[24] ज्योति होनयना। नष्ट हिये[25] मुखआव न बैना[26]॥

लेना १ ग़रूर २ हमारे बराबर कोईनहीं ३ छोटे बड़े ४ जवाहिर ५ कान ६ शेरका बच्चा ७ सोना ८ घोड़ा ९ मुलाक़ात १० लक्ष्मी ११ दौलतगई १२ दौलत १३ बेदौलत १४ मर्द १५ कमीना मालदार १६ अकड़के १७ राजा १८ ग़रूर १९ बेदौलत २० मालदार २१ रात २२ ग़रीब २३ निगाह २४ दिल २५ आवाज़ २६॥

दो० गांठें रहें सिर्ब[1] न तन नष्टहिं[2] आगर[3] भूख ।
बिनगांठ[4] वृक्ष निपत्र[5] ज्यों ठाढ़ठाढ़ पै सूख ॥

पद्मावत बोली सुनु राजा । जीव गये धन कौने काजा ॥
रहा द्रव्य तब कीन्ह न गांठी । पुनि कितमिले लच्छ[6] जोनांठी ॥
मूर्खोसांठ[7] गांठ जो करे । सांकर[8] परे सोई उपकरे[9] ॥
जेहि तन पंख जाय जहँ ताका । पैग[10] पहार होय जो थाका ॥
लक्ष्मी रही दीन्ह मोहिं बीरा । भरके रतन पदारथ हीरा ॥
काढ़ एक नग बेग[11] भुजाऊ । बहुरे लच्छ[12] फेर दिन पाऊ ॥
द्रव्य भरोस करे जन कोई । सांठ सोई जो गांठी होई ॥

दो० जोर कटक[13] पुनि राजा घरकहँ कीन्ह पयान[14] ।
दिवसहिं[15] भानु[16] अलोपभावासुकि[17] इन्द्रसकान ॥

चितौर आय नेर भा राजा । फिरा जियत इन्द्रासन गाजा ॥
बाजन बाजे होय अडोरा[18] । आवहिंबहलहस्ति[19] औघोरा ॥
पद्मावत चंडोल जो बैठी । पुनिगईउलटस्वर्ग[20] सोंदीठी[21] ॥
यहि मन ऐंठा रहे न सूधा । बिपति न सँवरैसम्पति लुब्धा[22] ॥
सहस्र[23] बरसदुखसहे जोकोई । घड़ी एक सुख बिसरै सोई ॥
योगिन यही जान मन मारा । तेहुँ न यह मन मरै अपारा ॥
रहे न बांधा बर भा जेही । तलिया[24] मार डार पुनि तेही ॥

दो० मुहम्मदयहि मन अमर[25] है कहुकितमाराजाय ।
कहां सदाशिव आवैं घटते घटत बिलाय ॥

कुँवर जो बहिबहि घाटनलागी । बहु बेक़रार सोय जनु जागी ॥
बिकल अचेत चेत तिन कहा । सङ्ग साथ नहिं दूसर रहा ॥
कहां रहे आये हम कहां । जानी नहीं कि जायहि कहां ॥

दिमागमें १ गरीब २ बहुत ३ बेफ़ायदा ४ बेपत्ता ५ दौलतजातीरही ६ दौलत होगी समय ७ तंगी ८ काम आवे ९ क़दम १० जल्द ११ दौलत १२ फ़ौज १३ कूच १४ दिन १५ सूरज १६ नाम गजासाँप १७ शेर १८ हाथी १९ आसमान २० निगाह २१ दोनन में दीवाना २२ हज़ार २३ संखिया ज़हर २४ हमेशाज़िन्दा २५ ॥

जागहिं दयादृष्टि[1] के आपी। खोलसोनयन दीन्ह बिधिझांपी॥
जेहि के सङ्ग पद्मिनी बांची। बहुत अनन्द[2] बहुतनृत[3] नाची॥
अबमग[4] मिलेआयजगनाथा। सबै आयके नावहिं माथा॥
अति दुख मिले आयके राजा। सोई ते गये उनके[5] काजा॥
दो० सो हीरामन रतन रबि[6] सो पद्मावत लाल।
सो पद्मावत सो कुवँर सो प्रीतम प्रति पाल॥
नागमती कहँ अगम[7] जनावा। गई तपन बर्षा जनु आवा॥
रही जो मुइ नागिनिजसतुचा[8]। जिव पायें तनकी भइ सुचा॥
सब दुख जस केंचुलगा छूटी। होय निसरी जस बीरबहूटी॥
जस भुइँदहि असाढ़ पलहाई। परहिं बूँद औ सोंध बसाई॥
वही भाँति[9] पलही सुखबारी[10]। उठी करलि नइ कोंपसँवारी॥
हुलस गंग जिमि बाढ़े लेई। यौबन लाग हिलोरे देई॥
काम धनुष शर[11] दै भइ ठाढ़ी। भाग्यो बिरह रहै जो बाढ़ी॥
दो० पूछहिं सखी सहेली हृदय[12] देख आनन्द।
आज बदन[13] तुम निरमल[14] कहाँ उवाहै चन्द॥
अबलगसखीपवनरहिताता[15]। आजलागमोहिंशीतलगाता[16]॥
महि[17] हुलसीजसपावस[18] छाहाँ। तसहुलास[19] उपजा[20] जियमाहाँ॥
दशौं दावके गा जो दशहरा। पलटा सोई नाव लै महरा॥
अब यौबन गंगा होय बाढ़ा। औटन कठिन मार सबकाढ़ा॥
हरियर सब देखे संसारा। नई चार[21] जनुभा अवतारा॥
भाग्यो बिरह करत जो दाहू[22]। भा मुख चन्द छूटगा राहू॥
लहिकाहिंनयनहारहिय[23] खिला। को धौं हितू आयके मिला॥
दो० कहतहिं बात सखिन सो ततखन[24] आवा भाट।

मेहरबानी की निगाह १ खुश २ नाच ३ शायद ४ राजा के काम को ५ सूर्य्य ६ आगम ७ चमड़ा ८ उसीतरह ९ बाग़ीचा १० कमान-तीर ११ दिल १२ मुहँ १३ पाक-साफ़ १४ गर्म हवा १५ ठंढाबदन १६ ज़मीन १७ बरसात १८ ख़ुशी १९ पैदाहोना २० नईतरह २१ जलाना २२ दिल २३ तुरंत २४॥

राजा आय नेर भा मँदिर बिछायो पाट[1] ॥
सुनतहि अन राजा कर नाऊँ। भा हुलास सब ठावहिं ठाऊँ ॥
पलटा जनु बरषा ऋतु राजा। जस असाढ़ आवै दर साजा ॥
देव से छत्र भई जगछाहां। हस्ति[3] मेघ उनये जगमाहां ॥
सैन[4] पूर आई घन घोरा। रहस चाव बरषे चहुँ ओरा ॥
धरतिस्वर्ग[5] अबहोय मिलावा। भरहिं पुखर औतालतलावा ॥
उठीमहकमहिं[6] सुनितेहिनामा। ठांवहिं ठांव दूब असजामा ॥
दादुर[7] मोर कोकिला बोले। हतजोअलोप[8] जीभसबखोले ॥
दो० भये असवार प्रथमें[9] मिले चले सब भाय।
नदी अठारह खण्डा मिलीसमुद्रकहँ जाय ॥
बाजत गाजत राजा आवा। नगर चहूँदिश बाजबधावा ॥
बिहँस आय माता सों मिला। रामहि जनु भेंटी कौशिला ॥
साजे मन्दिर बन्दनवारा। औ बहु होय सो मंगलचारा ॥
पद्मावत कर आव बिमानू[10]। नगमातिदहक उठीतसभानू[11] ॥
जनहु छांह महँ धूप देखाई। तैसे झार[12] लाग जो आई ॥
सहीन जाय सौतकी झारा। दुसरे मन्दिर दीन्ह उतारा ॥
भई उहां चौखण्ड बखानी[13]। रतनसेन पद्मावत आनी ॥
दो० पुहुप[14] सुगन्ध संसार महँ रूप बखानन जाय।
हेम सेत[15] उग्रगा जना जगत पात पहिराय ॥
बैठ सिंहासन लोग जोहारा। निधनी[16] निरगुण[17] द्रव्यबोहारा[18] ॥
अगनित[19] दान निछावरकीन्हा। मँगतनदान बहुतकै दीन्हा ॥
तुरी[20] हस्ति[21] लैमहावतमिले। तुलसीलै उपरोहित चले ॥
बेटा भाय कुँवर जेत आवहिं। राजा हँसहँस गले लगावहिं ॥
नेगी गेज[22] मिले अरकाना। पंवरथ बाजे घर मसयाना[23] ॥

तख़्त १ फ़ौज २-४ हाथी३ ज़मीन—आसमान ५ ज़मीन ६ मेंढक ७ ग़ायब ८ पहिले९ डोला १० सूर्य्य ११ आग १२ चारोंतरफ़ मशहूर १३ फुल १४ मिस्ल वर्फ़सफ़ेदबहार केमौसिममें हरेहरे पत्ते लहराते हैं १५ ग़रीब १६ वेहुनर १७ जमाकरना १८ वेहिसाब १९ घोड़ा २० हाथी २१ हक़दार २२ मस्त २३ ॥

मिले कुँवर कापर पहिराये। देकर द्रव्य तिन घरहिं पठाये॥
सबकी दशा[1] भई पुनि दुनी। दान[2] दांग सबैजग सुनी॥

दो० बाजै पाँच शब्द[3] नित सिद्ध[4] बखाने भाट।
छत्तिस गौरीषट[5] दरशन आय जुरवहपाट[6]॥

सब दिन राजा दान देवावा। भई निश नागमती पहँआवा॥
नागमती मुख फेरिके बैठी। सोनहिं करहि पुरुष[7] सोदीठी[8]॥
ग्रीषम[9] जरत छोड़ के जाय। सो मुख कौन देखावे आय॥
जोह जरे परबत बन लागी। उठी झार[10] पंखी उड़भागी॥
अब शाखा देखी औछांहां। कौने रहस पसारेसि बांहां॥
कौन्यो थिरक बैठि तेहि डारा। कौन्यो[11] कली केलिकुरबारा॥
तू योगी होयगा बैरागी। हौंजर छार[12] भयों तुहिलागी॥

दो० काह हँसो तुम मोसों किये और सो नेह।
तुहिं मुख चमके बीजुली मुहिं मुखबरषे मेह॥

नागमती तू पहिल बिवाही। कठिन[13] सुप्रीतिदही जसदाही॥
बहुते दिनन आव जो पीउ। धन[14] नमिलैधन पाहन[15] जीउ॥
पाहन लोह पोढ़ जग दोऊ। सोऊ मिलैं जो होयबिछोऊ[16]॥
भलहिं सेतगंगाजल[17] दीठा। यमुनजोश्याम[18] नीरअतिमीठा॥
काह भयो तन दिनदश[19] दहा। औबरषा शिर ऊपर अहा॥
कोइ कहि पास आश[20] के हेरा। धनवहदरशनिराश[21] नफेरा॥
कण्ठ लायके नारि मनाई। जरी जो बेल सींच पलहाई॥

दो० सहस[22] अठारहशाखफरदाड़िम[23] दाख[24] जँभीर।
सबै पंखमिल आय जोहारे लौट वहीभइभीर॥

शकल १ खैरात और इनआम २ नगारा-शहनाई-करनाल-तुरही-झाँझ ३ तारीफ ४ योगी-जंगम-सेवरा—संन्यासी-ब्राह्मण—दरवेश ५ तख्त ६ मर्द ७ शोख ८ बड़ीगरमी ९ आग १० किसकलीके लिये कुलेल मचातेथे ११ राख १२ सख्तमुहब्बत जली जैसा जलना चाहिये१३ नागमती१४ पत्थर १५ जुदाई १६ सफ़ेदगंगाजल तथा पद्मावत १७ सियाह पानी १८ थोड़ेदिनजली १९ उम्मेद २० नाउम्मेदनकरना चाहिये२१ हज़ार २२ अनार २३ अंगूर २४॥

जो भा मेरु[1] भयो रँग राता । नागमती हँसि पूँछी बाता ॥
कहु जो कन्त परदेश लुभाने । कस धनमिली भोग कसमाने ॥
जो पद्मावत सुठ है लोनी[2] । मोरे रूप कि सरवर[3] होनी ॥
जहां राधिका अप्सर माहां । चन्द्रावल सर पूज[4] न छाहां ॥
भँवर पुरुष[5] असरही न राखा । तजै दाख[6] महुवा रस चाखा ॥
तज नागेसर फूल सुहावा । कमल वसेंधी सो मन लावा ॥
चो[7] अन्हवायभरेअरगजा[8] । तौहु विसायँध वहि नहिं तजा ॥

दो० काह कहूँ हूं तोसों कुछनाहिं तोरे भाव ।
यहां बात मुखमोसों वहां जीव वह ठांव ॥

दुखकिकथाकहिरयनि विहानी । भयो भोर जहँ पद्मिन रानी ॥
भानु[10] देखशशि[11]वदनमलीना।कमलनयनराती[12]तनखीना[13] ॥
रयनि नखत गिनकीन्हविहानू । विमल[14] भई देखी जस भानू ॥
सूर्य्य हँसा शशि[15] रोय डफारा । टूट आंशुजसनखताहिं मारा[16] ॥
रही नराखी होय निसासी । तहँवांजाउ जहांनिशि[17] वासी ॥
हौं कै नेह कुवां महँ मेली । सींचहिलाग झुरानी वेली ॥
भये दुइ नयन रहँट की घरी । भरहिं लै ढारैं छूछी भरी ॥

दो० सुभ्र सरोवर[18] हंस जल घटातो होयविछोय[19] ।
कमल प्रीति नहिं परहरे[20] सूख वेल परहोय ॥

पद्मावत तुइँ जीव पराना । जियते जगत पियार न आना ॥
तुइँजिसकमलवसीहिय[21]माहां । हौंहोयअलि[22]वेधा तोहिं पाहां ॥
मालति कली भँवर जो पावा । सोतज आन फूल कित भावा ॥
मैं हौं सिंहल की पद्मिनी । सरन[23] पूज जम्बू नागिनी ॥
हौंसुगन्धनिरमल[24]उजियारी । वह विष भरी डेरावन कारी ॥
मोरी वास भँवर सँग लागहिं । वहदेखत मानुष डर भागहिं ॥

[illegible] १ खूबसूरत २ बराबर ३—४ मर्द ५ अंगूर ६ चोवा ७ खुशबू ८ [illegible] ९ सूर्य्य १० चाँद ११—१५ लाल १२ पतलीकमर १३ रंजख्याशहुवा सूर्य्य को देखके १४ माला १६ रात १७ तालाब १८ जुदाई १९ छोड़ना २० दिल २१ भँवर २२ बराबरी २३ पाकसाफ़ २४ ॥

हौं पुरुषन[1] की चितवनदीठी[2]। जेहिकेजिय[3] अस आहों पीठी॥
दो० ऊँची ठांव[4] जो बैठै करै न नीचै सङ्ग।
जहांसो नागिन धरगई कालाकरै सोअङ्ग॥
पलही नागमती की बारी[5]। सोने फूल फूल फुलवारी॥
जानवन्त पंख[6] रहि सब दहे[7]। सबै पंख बोलत कहकहे॥
सारो[8] सुवा महर कोकिला। रहसत आय पपीहा मिला॥
हारल[9] शब्द महोक[10] सुहावा। काग कुराहर[11] करहिसोआवा॥
भोगबिलास कीन्ह अतिफेरा। बासहिं रहसहिं करहिं बसेरा॥
नाचहिं पांडुक[12] मोर परेवा। निफल न जाय काहुकी सेवा॥
ह्वै उजियार बैठ जस तपै। खूसट मुख न देखावै छिपै॥
दो० सङ्ग सहेली नागमति अपनी बारी माहिं।
फूलचुनहिं फलतोड़हिं रहसकूदसुख छाहिं॥
जाही जूही तेहि फुलवारी। देख रहस रहिसकी न बारी॥
इते न बातन हिये[13] समानी। पद्मावत सो कहीसो आनी॥
नागमती है अपनी बारी[14]। भँवर मिला रस करै सँवारी॥
सखी साथ सब रहसहिं कूदहिं। और शृंगार हार सब गूँदहिं॥
तुम जोबकावल तुमसो लड़ना। बकचन[15] कहोचहोजसकरना॥
नागमती नागेसर रानी। कमलन आछी अपनी बानी॥
जस सेवती गुलाल चमेली। तैसि एकजन वहू अकेली॥
दो० अब सुदरशन[16] गूजा तब सत[17] बरगै योग।
मिलाभँवर नागेसरसेते वहीदेहि सुखभोग॥
सुनि पद्मावत रिसन सँभारी। सखिन साथ आई फुलवारी॥
दोउ सौतमिल पाट[18] जो बैठी। हियबिरोध[19] मुख बातैंमीठी॥

मर्द १ देखना २ जिसकीहों उसके दिलमें बैठीहूं ३ जगह ४ बागीचा ५ १४ चिड़िया ६ जलना ७ तोता मैना ८ नाम चिड़िया ९-१०-१२ कौवा की बोली ११ दिल १३ तुमको जो कहना या करनाहै सो करो १५ तथा नागमती वा राजा १६ तथापद्मावत १७ तखत १८ दुश्मनी १९॥

बारीबहुरि सो रँग सो आई। पद्मावत हँस बात चलाई ॥
बारी सुफल अहै तुम रानी। है लाई पै लाय न जानी ॥
नागेसर औ मालति जहां। सुगन्ध राव नहिं चाही तहां ॥
रहाजोमधुकर[1] कमल पिरीता। लाग्यो जाय करील की रीता ॥
जहँ इमलीबांकी हिय[2] माहाँ। तहँ न भाव नारँग की छाहाँ ॥

दो० फलहि फूलके फरजहां देखहु मनहि बिचार।
अम्ब लाग जेहि बारी चम्प लाग तेहि बार ॥

अनतुल कही नीकयह शोभा। पै फल सोई भँवर जेहिलोभा ॥
स्याम[3] जाम्ब कस्तूरी चोवा। अम्बजोऊँचहृदय[5] तेहिरोवा ॥
तेहिगुनअसभइ जाम्बनेवारी। लाई आन मांझ केबारी ॥
जल बाढ़े बहिया जो आई। है बांकी इमली शिर नाई ॥
तु कस पराई बारी दोखी। तजें[6] पानि धावहु मुख सूखी ॥
उठे आग दोउ डार अभेरा। कौन साथ तुहिं बैरी केरा ॥
जो देखी[7] नागेसर बारी। लाग मरी अब सूगा[8] सारी ॥

दो० जो सरवर[9] जल बाढ़े रहै सो अपनी ठाउँ।
तज[10] नागेसर को वहि जाउँनतुहिं अँबराउँ ॥

तेहिअँबराउँ[11] लीन्हकाजूरी[12]। काहे भई नींब मुख मूरी[13] ॥
भई बेर कित कुटिल कटीली। तेंदू[14] कीन्ह चाह बकसीली ॥
नारँगदाख[15] न तुम्हरी बारी। देख मराहिं जेहि सूगा[16] सारी ॥
औन सदाफर तुरंज जँभीरा। कटहर बड़हर लोका खीरा ॥
कमलके हिरदय[17] रोवां केसर। तोहू न सर[18] पूजी नागेसर ॥
जहँकटहरकोड[19] वरहिंन पूँछी। बड़ पीपर का बोलहि छूँछी ॥
जो फल देखी सोई फीका। ताकर काह सराहे[20] नीका ॥

फुलवारी खुशरंग देख १ भँवर कमलका आशिक २ दिल ३-५ काली जामुन मुश्क ४ जो मेंजबाबढ़ों तो पानीछोड़दो और मुँह सूखजाय ६ जोमेरे बाग़को नागेसर देखे ७ तोता मैना ८-१६ तालाब ९ नागेसरछोड़ तेरेबाग़ न जाउँ १० बाग़ ११ मुक़ाबिल १२ नींब ऐसी कड़ुवी १३ बैंगन जंगली से बेर कांटादार अच्छाहोगा १४ अंगूर १५ दिल १७ बराबर १८ कटहर बलंद १९ तारीफ़ २० ॥

दो० रहु तू अपनी बारी मोसों जूझ न बाझ।
मालतिउपमन पूजी[1] पुनिकरखोजाखाज॥

जो कटहर बड़हर बड़बेरी। तोहिअसनाहिं जो कोकाबेरी॥
श्याम जान मोर तुरंजजँभीरा। कडुइ नींब तू छाँह गँभीरा॥
नरियर दाख[2] बिही कहँ राखों। गलगलजाउँसौत[3] नहिंभाखों॥
तोरें कहे होय मोर काहा। फरे बृक्ष कोउ ढेल न बाहा॥
नवे सदाफर सो नित फरै। दाड़िम[4] देख फाटहिय[5] मरै॥
जाफर लौंग सुपारि छुहारा। मिर्च होय जो सहै न पारा॥
हौं सुपान रंग पूजन कोई। बिरह जो जरे चून जर[6] होई॥

दो० लाजहि बूड़ मरेसि नाहिं ऊभ[7] उठावसबाहँ।
हौंरानी पिय राजा तो कहँ योगी नाहँ[8]॥

हौं पद्मिनी मानसर[9] केवा[10]। भँवर मराल[11] करहिंमोरसेवा॥
पूजा योग दई हौं गढ़ी। मन महेशके माथे चढ़ी॥
जानी जगत कमल की करी। तोहिअसनहिंनागिनबिषभरी॥
तुइँ सब लिये जगतके नागा। कोयल वेष न छांड़ेसि कागा॥
तू भुजैल हौं हंसकी जोरी। मोहिं तोहिंमोति पोतकीचोरी॥
कंचनकली[12] रतन नग बिना। जहांपदारथ[13] सोहनाहिंपना[14]॥
तुइँतोराहुहौंशशि[15] उजियारी। दिनहिनपूजी[16] निशि[17] अँधियारी॥

दो० ठाढ़ होसि जेहिठाईं मसि[18] लागै तेहि ठाउँ।
तेहि डर रांधन बैठों जनु साँवर होय जाउँ॥

कमल सो कौनसुपारी[19] रोठा। जेहिके हिये सहसदश कोठा॥
रही न झापे आपन[20] गटा। सखति[21] उघेल चहै परगटा॥

बराबर १ अंगूर इसीवास्ते रक्खा है २ सौतका मुँह से नाम न लों ३ अनार ४ छाती ५ खाविंदके बिरहमें जलके चूनाहुई ६ बलन्द ७ खाविन्द ८ नाम तालाव ९ कमल १० हंस ११ सोनेकी अँगूठी १२ लाल १३ पन्ना १४ चाँद १५ बराबर १६ रात १७ सियाही १८ सुपारी सख्तके सामने कमलकी क्या हक़ीक़त १९ कमल अपना गट्टा नहीं छिपासक्ता २० सख्ती उघेरडाली तब ज़ाहिरहो २१ ॥

कमल पत्र दाड़िम[१] तोर चोली । देखेसि सूर[२] देश है खोली ॥
ऊपर राता[३] भीतर पियरा । जारों[४] वही हरद असहेरा ॥
यहां भँवर मुख बातहि लावसि । वहां सूर्य्यकहँहँसहँसलावसि ॥
सबनिशिसतपतपमरेसिपियासी । भोर भये पावसि पिय बासी ॥
सेजना रोय रोय निशि[५] भरसी । तू मोसों का सरवर[६] करसी ॥

दो० सूर्य्यकिरन तेहि रावी सरवर[७] लहर न पूज ।
भँवरयहांतोह पावै धूप[८] देह तोर भूज ॥

सेहों कमल सूर्य्य की जोरी । जोपिय आपन तेहि का चोरी ॥
हों वह आपन दरपन लेखों । करों शिंगार भोर मुख देखों ॥
मोर बिकास[१०] वहक परकासू । तुइँजर मरेसि निहार अकासू ॥
हों वह सों वह मोसोंराता[११] । तिमिर[१२] बिलाय होत परभाता[१३] ॥
कमल के हिरदय[१४] महँ जोगटा । हरियर[१५] हार कीन्ह काघटा ॥
जाकरादिवस[१६] तेही पै आवा । कार रयनि[१७] कित देखै पावा ॥
तुइउदुम्बर[१८] जेहि भीतर माँखी । चाहहिं उठहिं मरन की पाँखी ॥

दो० धूपन देखी विष भरी अमृत सो सर पाव ।
जेहि नागिन डस सो मरैलहर सूर्य्यकी आव ॥

फूलहिं कमल भानु[१९] के उये । पानी मैल होय जड़[२०] छुये ॥
फिरहिंभँवर जिस तोनयनाहाँ । नील विषायँध सब तो पाहाँ ॥
मच्छकच्छदादुर[२१] तोहिंआसा । बक[२२] औपंखबसहिंतोहिंपासा ॥
जेजे पंख बास तोहिं लये । पानी महँ सो विषायँध भये ॥
जो उजियार चांद होय उई । वदन[२३] कलक डोंम लै छुई ॥
औमोहिंतोहिंनिशि[२४] दिनकरबीचू । राहुकेहाथचांदकी मीचू[२५] ॥

अनार १ सूर्य्य २—१६ लाल ३ हल्दी की तरह जलाता हूं ४ रात ५—१० समुद्र ६ ७—८ सूर्य्य में जल ९ खिलना १० खुश ११ अंधियारी १२ भोर १३ दिल १४ हरे कमलगट्टा का हार पहिने से क्या नुकसान १५ दिन १६ गूलर १८ हिलाने से पानी मैला होता २० मेढक २१ बगुला २२ चाँद में सियाही २३ रात २४ मौत २५ ॥

सहस[1] बार जो धोवै कोई। तौहु विषायँध जाय न धोई॥

दो० काहकहूँ वह पियसोंमोहिंशिर धरेसि अँगार।
तेहि के खेल भरोसें तू जीती मैं हार॥

तोर अकेल का जीत्यों हारू। मैं जीता जग केर शिंगारू॥
बदनजित्योंजोशशि[2] उजियारी। बेनी जित्यों भुवंगिनि[3] कारी॥
औ मैं जीते मृगके नैना। कण्ठ जित्यों कोकिलके बैना॥
भौंह जित्यों अर्जुन धनुकारी। ग्रीव[4] जित्योंतमचोर पुछारी[5]॥
नासिक[6] जित्योंपुहुप[7] तिलसुवा। शूक[8] जित्यों बेसर होयउवा॥
दामिनि[9] जित्योंदशन[10] चमकाहीं। अधर[11] रंगरबिजीत्योंसाहीं॥
केहर[12] जित्योंलंक[13] मैं लीन्हीं। जित्यों मराल[14] चालवेदीन्ही॥

दो० पुहुप[15] बासमलयागिरि[16] निरमलअंगबसाय।
नागिनममआशालुबुध[17] मारेसिकेहरकोजाय॥

का तोहिं गर्ब[18] शिंगार पराये। अबहीं लेह लौट सब ठाये॥
हौं सांवर सलोन मोर नैना। श्वेत[19] चीर मुखचातृक[20] बैना॥
नासिक स्वर्ग फूल ध्रुवतारा। भौंहें धनुष गगन[21] काहारा॥
हीरादशन[22] श्वेत[23] अरुश्यामा। छिपै बीज[24] जो बिहँसै रामा॥
बिद्रुम[25] रंगअधर[26] रसराती[27]।जोदामिनि[28] असरबि[29] महँताती।
चाल गयंद[30] गर्ब[31] अतिभरी। बिसालंक[32] नागेसर करी॥
साँवर जहाँ लवनसुठ नीकी। कासरबर[33] तूकरेसि जोफीकी॥

दो० पुहुप[34]बासहौं पवन अहारी कमलमोरनिरहेल[35]।
चहौं केश[36] धर नाऊँ तोर मरन मोर खेल॥

पद्मावत सुनि उतर[37] नहिं सही। नागमती नागिन जिम कही॥

हज़ार १ चांद २ नागिन ३ गर्दन ४ मुर्ग़-मोर ५ नाक ६ फूल ७ नाम नक्षत्र ८ बिजुली ९ दांत १० होंठ ११ चीता १२ कमर १३ हंस १४ फूल १५ चन्दन १६ आरज़ू खाविंदकेपास जानेकी रखती १७ ग़रूर १८ सफ़ेद १९ पपीहा २० आसमान २१ दांत २२ सफ़ेद-काला २३ बिजुली २४ मूंगा २५ होंठ २६ लाल २७ बिजुली २८ सूर्य २९ हाथी ३० ग़रूर ३१ भँवराकीकमर ३२ बराबर ३३ फूल हवाकेसहार ३४ तरुताज़ा ३५ बाल ३६ जवाब ३७॥

वे गहगहि नद वें कहैं कहा । काह कहौं तसजाय न कहा ॥
औ नवल भर यौवन गाजैं । अप्सर[1] जानु अखारैं बाजैं ॥
भा बाहुन बाहुन सों जोरा । हिय सो हिय कोइ बागन मोरा ॥
कुच[2] औ कुच भइ सौंहैं अनी[3] । नवहिं ननाये टूटहिं तनी[4] ॥
कुंभस्थल दो गज मैमन्ता[5] । दोनों उफर परे चौदन्ता ॥
इन्द्रलोक देखन हुत ठाढ़े । लाग बान हिय[6] जाहिं न काढ़े ॥

दो० जनहु दीन्ह ठगलाड़ देख आय तस मीच[7] ।
रहा न कोइ धरहरिया[8] करै जो दोउ महँ बीच ॥

पवन श्रवन[9] राजा के लागा । कहेसि लड़हिं पद्मिन औ नागा ॥
दोनों सौत श्याम औ गोरी । मरहिं तो कहँ पावसि असजोरी ॥
चल राजा आवा तेहि बारी । जरत बुझाई दोनों नारी ॥
एक बार जेहिपिय मन बूझा । सो दूसरे सों काहेक जूझा ॥
ऐसो ज्ञान मन जानन कोई । कबहूँ रात कबहुँ दिन होई ॥
धूप छाँह दोउ इक रंगा । दोनों मिले रहैं इक संगा ॥
जूझब[10] छाँड़हु बूझौ दोऊ । सेव[11] करहु सेवाफल होऊ ॥

दो० गंग यमुन तुमनारि दोउलिखी मुहम्मद योग ।
सेव करहु मिलदोनों तो मानहु सुख भोग ॥

अस कहि दोनों नारि मनाई । बिहँसिदोउतब कण्ठ[12] लगाई ॥
लै दोउ सङ्ग मँदिर महँ आई । सोन पलँग तहँ जायबिछाई ॥
सीझी पांच अमृत ज्योनारा । औ भोजन बावन परकारा ॥
हुलसीनरस दाखिचया[13] खावैं । भोग करत बिहँसीं रहसावैं ॥
सोन मँदिरनगमतिकहँ दीन्हा । रूप मँदिर पद्मावत लीन्हा ॥
मन्दिर रतन रतनके खंभा । बैठा राज जोहारे सभा ॥
सभा सो सबैं सुध्र[14] मनकहा । सोईअस[15] गुरु जोभलकहा ॥

परी इन्द्रलोक १ छाती २ नोकसामने ३ अंगिया के बन्द ४ नाम हाथी मस्त ५ दिल ६ मौत ७ पकड़नेवाला ८ कान ९ लड़ना १० खिदमत ११ गलेलगाया १२ अंगूर १३ सच्ची बात कही १४ वह अच्छा जिसको गुरुपसन्दकरै १५ ॥

दो० बहुसुगन्ध बहुभोगसुख कुरलहिं केलकराहिं।
दोहुसोकेल नितमानी रहसअनन्द दिनजाहिं॥

जाई नागमती नग सेनी[1]। ऊँच भाग ऊँची दिन रेनी॥
कमल सेन[2] पद्मावत जाई। जानहु चन्द्र धर्ति महँ आई॥
पण्डित बहु बुधवन्त बोलाये। राशि वर्ग औ गिरह गिनाये॥
कहेन बड़े दोउ राजा होहीं। ऐसे बूत दसे[3] सब तोहीं॥
नवें खण्डके राजा जाहीं। औ कुछदण्ड[4] होयदलसाहीं॥
खुल भँडार कुछ दान देवावा। दुखी सुखी कर नाम बढ़ावा॥
याचक लोग गुनीजन आये। अरु आनँदके बजे बधाये॥

दो० अति कुछपावा ज्योतिषिनऔ देचले असीस।
पुत्र[5] कलत्र कुटुम्ब सब जीवहिं कोटिबरीस॥

राघव चेतन चेतन महा। आय उरक[6] राजा यहँ रहा॥
चित चिन्ता[7] जानै बहु भेउ[8]। कबिब्यास[9] पण्डित सहदेउ[10]॥
बरनी[11] आय राज की कथा। पिंगल[12] महँसब सिंहलसथा॥
जोकबि सुनै शीश[13] सो धुना। श्रवण[14] नाद वेद कविसुना॥
दृष्टि[15] सो धर्म पन्थ जेहिसूझा। ज्ञान[16] सो परमअर्थमनबूझा॥
योग जो रहै समाधि समाना। भोग जो गुनीकेर गुनजाना॥
बीर[17] सुरसि मारै मन कहा। सोइ शृँगार कन्त जो चहा॥

दो० वेद भेद जस बररुचि[18] चितचिन्ता तसचेत।
राजा भोज[19] चतुरदश भा चेतन सो हेत॥

घड़ी अचेत[20] होय जो आई। चेतनकी सब चेत भुलाई॥
भादों एक अमावस सोई। राजै कहा दुइज कब होई॥

नागमतीसे नगसेन पैदाहुवा १ पद्मावतसे कमलसेन २ बलसे दशगुना ३ आपसमें फरेब ४ बेटा—औरत-खान्दान ५ पास ६ दिलका हाल ७ भेद ८ कविताई में व्यास जो ९ पण्डिताईमें सहदेव १० बयान ११ छंद १२ शिर १३ कानमें वेदनाद की तरह सुना १४ निगाह १५ अक़िलसे मुश्किल बात दरियाफ़्त करता १६ बहादुर १७ नाम पण्डित १८ चौदहविद्या जाननेवाला राजा भोजकी तरह १९ बुरी २० ॥

राघव के मुख निकसा आजू । पण्डितन कहा काल्हबड़राजू ॥
राजैं दुहूँ दिशा फिर देखा । पण्डित बावर[1] कौन सरेखा[2] ॥
भुजा टेक के पण्डित बोला । छांड़हि देश वचन[3] जो डोला ॥
राघव करी जाघनी[4] पूजा । चहैं स्वभाव देखावै दूजा ॥
